सूर्योदय : 5:45
सूर्यास्त : 6:28
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 22.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-291 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 16 अप्रैल 2025
17 शव्वाल 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# हॉस्पिटल से बच्चा चोरी हुआ तो लाइसेंस होगा रद्द : सुप्रीम कोर्ट

**अहम फैसला**

- बच्चों की तस्करी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त
- यूपी सरकार व इलाहाबाद हाईकोर्ट को फटकार
- कोई गंभीरता नहीं, ऐसा लगता है, यूपी सरकार ने इस मामले में लापरवाही दिखाई : सुप्रीम कोर्ट

### यूपी सरकार ने क्यों नहीं की कोई अपील

"न्यायालय ने निर्देश दिया कि सभी आरोपी आत्मसमर्पण करेंगे और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा और यह अनिवार्य किया कि आरोप तय होने के एक हफ्ते के अंदर आरोप तय किए जाएं। कोर्ट ने आगे कहा, हाई कोर्ट को कम से कम ऐसी शर्तें लगानी चाहिए थीं, जिनमें आरोपियों को स्थानीय पुलिस स्टेशन में अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होती। हाई कोर्ट ने जमानत आवेदनों को लापरवाही से निपटाया और इसके कारण कई आरोपी फरार हो गए। अदालत ने आगे कहा, हम पूरी तरह से निराश हैं कि उत्तर प्रदेश सरकार ने इस मामले को कैसे संभाला और कोई अपील क्यों नहीं की गई। कोई गंभीरता नहीं दिखाई गई। सुप्रीम कोर्ट ने बाल तस्करी के मामलों से निपटने के लिए सख्त निर्देश जारी किए। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई नवजात शिशु चोरी होता है तो अस्पतालों का लाइसेंस रद कर दिया जाना चाहिए। यदि कोई महिला अस्पताल में बच्चे को जन्म देने आती है और बच्चा चोरी हो जाता है, तो पहला कदम लाइसेंस निलंबित करना होना चाहिए। पीठ ने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा।

**नई दिल्ली।** बच्चों की तस्करी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार की लापरवाही पर नाराजगी जताई है। अदालत ने बाल तस्करी के मामलों से निपटने के तरीके को लेकर यूपी सरकार और इलाहाबाद हाईकोर्ट को फटकार लगाई है। अदालत ने बच्चों की तस्करी को रोकने और बाल तस्करी अपराधों से जुड़े मामलों से निपटने के लिए राज्य सरकारों के लिए व्यापक दिशा-निर्देश निर्धारित किए। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि सभी राज्य सरकारें हमारी विस्तृत सिफारिशों पर गौर करें और भारतीय संस्थान द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट का अध्ययन करें तथा उसे जल्द से जल्द लागू करें। अदालत ने आगे कहा, हम पूरी तरह से निराश हैं कि उत्तर प्रदेश सरकार ने इस मामले को कैसे संभाला और कोई अपील क्यों नहीं की गई। कोई गंभीरता नहीं दिखाई गई। सुप्रीम कोर्ट ने बाल तस्करी के मामलों से निपटने के लिए सख्त निर्देश जारी किए।



# 19 अप्रैल को घाटी में दौड़ेगी वंदे भारत

- पीएम नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर एनएसजी ने संभाली कमान




**कटडा।** आगामी 19 अप्रैल को आधार शिविर कटडा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर हलचल तेज हो गई है।

हालांकि प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर एक ओर जहां कटडा से कश्मीर रेल लिंक पर सुरक्षा व्यवस्था अत्यंत कड़ी कर दी गई है तो दूसरी ओर नेशनल सिक्योरिटी गार्ड्स यानी कि एनएसजी ने भी मोर्चा संभाल लिया है। इसके साथ ही स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप यानी कि एसपीजी भी आधार शिविर कटडा पहुंच गई है जिसने कटरा रेलवे स्टेशन के साथ ही देश के पहले रेलवे केबल ब्रिज तथा विश्व के सबसे उंचे कोड़ी ब्रिज आदि का जायजा लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर पुलिस के साथ सुरक्षा एजेंसी पूरी तरह से सतर्क हो गई है। जिसको लेकर कटड़ा में हाई लेवल सुरक्षा संबंधी बैठक आयोजित हुई।

बैठक में एसपीजी, एनआईए, एनएसजी, पुलिस, सुरक्षा बल तथा अन्य सुरक्षा एन्जसियों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर विचार विमर्श किया गया और अधिकारियों को निर्देश दिए गए की सुरक्षा को लेकर पूरी सतर्कता बरते और कहीं भी सुरक्षा संबंधी कोई कमी है तो जल्द से जल्द उसको पूरा करें। कटड़ा- कश्मीर रेल ट्रैक की जांच को लेकर मंगलवार को सुबह कटड़ा से आधुनिक वंदे भारत ट्रेन कश्मीर के लिए रवाना हुई।

## सोनिया गांधी और राहुल की बढ़ी मुश्किलें



**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर शिकंजा कसते हुए मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपपत्र दायर किया है। जांच एजेंसी की ओर दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में आरोपपत्र दाखिल किया गया है। ईडी ने दोनों नेताओं को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी बनाया है। आरोपपत्र में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सैम पित्रोदा, सुमन दुबे समेत कई नेताओं के नाम भी शामिल हैं। इस मामले में विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा, अभियोजन पक्ष की वर्तमान शिकायत पर संज्ञान के पहलू पर अगली बार 25 अप्रैल, 2025 को इस अदालत के समक्ष विचार किया जाएगा, जब ईडी और आईओ के विशेष वकील अदालत के अवलोकन के लिए केस डायरी का पेशी भी सुनिश्चित करेंगे। ईडी की ओर से दाखिल किए गए आरोपपत्र पर राउज एवेन्यू कोर्ट में 25 अप्रैल को सुनवाई होगी।

## 16 आईएएस अधिकारियों का तबादला

- नौकरशाही में बड़ा बदलाव
- अयोध्या सहित छह जिलों के डीएम बदले

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने मंगलवार को अयोध्या और अमेठी समेत छह जिलों के डीएम को बदल दिया है। कुल 16 आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। अयोध्या के डीएम चंद्र विजय सिंह को विशेष सचिव. अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। चंदौली के डीएम निखिल टीकाराम फुंडे को उनके स्थान पर अयोध्या का डीएम बनाकर भेजा गया है। अमेठी की डीएम निशा को मिशन निदेशक, राष्ट्रीय आयुष मिशन के पद पर तैनाती दी गई है। इटावा के डीएम अवनीश कुमार राय को बदायूं का डीएम बनाया गया है। कन्नौज के डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल को इसी पद पर इटावा भेजा गया है। मुख्यमंत्री के विशेष सचिव और अपर निदेशक राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद आशुतोष मोहन अग्निहोत्री को कन्नौज का जिलाधिकारी बनाया गया है। बदायूं की डीएम निधि श्रीवास्तव को विशेष सचिव, उच्च शिक्षा के पद पर तैनाती मिली है। प्रयागराज के नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग को चंदौली का जिलाधिकारी बनाया गया है। जौनपुर के सीडीओ सीलम साई तेजा को प्रयागराज के नगर आयुक्त की जिम्मेदारी मिली है।




**सीएम योगी ने हरदोई में 650 करोड़ रुपये की 729 परियोजनाओ का किया शिलान्यास**

# वक्फ की जमीनों पर मकान बनवाएंगे : योगी

- दंगाई डंडे से ही मानेंगे, जिसे बांग्लादेश पसंद है, वह बांग्लादेश चला जाए




**हरदोई।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा वक्फ की जमीनें वापस ली जाएंगी। इन पर अस्पताल, गरीबों के लिए मकान, स्कूल, विश्वविद्यालय बनेंगे। निवेश के लिए लैंड बैंक तैयार होगा। वक्फ कानून के विरोध में बंगाल में हो रही हिंसा पर सीएम ने हरदोई में कहा- लातों के भूत बातों से नहीं मानते हैं। दंगाई डंडे से ही मानेंगे। जिसे बांग्लादेश पसंद है, वह बांग्लादेश चला जाए।

उन्होंने कहा- बंगाल जल रहा है, लेकिन वहां की मुख्यमंत्री के साथ-साथ सपा और कांग्रेस भी चुप हैं। ममता बनर्जी दंगाइयों को शांतिदूत कहती हैं और सेक्युलरिज्म के नाम पर उन्हें खुली छूट दे दी है। इस तरह की अराजकता पर लगाम लगनी चाहिए। वहां की कोर्ट को धन्यवाद दूंगा, जिसने वहां के अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा के लिए कदम उठाया है। योगी मंगलवार को माधोगंज स्थित रुइया गढ़ी पहुंचे, जहां उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजा नरपत सिंह के विजय दिवस समारोह में भाग लिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 650 करोड़ रुपए की 729 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। वक्फ की जमीनों पर गरीबों के लिए मकान बनाएंगे वक्फ की जमीनें वापस ली जाएंगी। इन पर अस्पताल बनेंगे, गरीबों के लिए मकान बनेंगे, ऊंची इमारतें बनेंगी। यहां स्कूल, विश्वविद्यालय बनेंगे और निवेश के लिए लैंड बैंक तैयार होगा, लेकिन किसी को जमीन पर कब्जा कर गुंडागर्दी करने की छूट नहीं मिलेगी। लोग इसी वजह से परेशान हैं, क्योंकि जमीन के नाम पर जो लूट मची थी, अब वह रुकने वाली है। सपा-कांग्रेस को परेशानी है कि अब गुर्गे खाली हो जाएंगे इन लोगों को इसलिए परेशानी हो रही है, क्योंकि अब उनके गुर्गों को बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है। वो गुर्गे जो पहले जनता को लूटते थे। जो भस्मासुर पाल रखे थे, अब उन्हें डर है कि कहीं वही इन्हें न डसने लगें।

**भूमि सौदा मामला : ईडी ने रॉबर्ट वाड्रा से की फिर पूछताछ**

# मुझे कुछ भी छिपाने की जरूरत नहीं : वाड्रा

- वाड्रा ने सरकार पर ईडी के दुरुपयोग का लगाया आरोप
- वाड्रा की कंपनी से जुड़ी वित्तीय अनियमितता की हो रही जांच

### मुझे नहीं पता कि आखिर गलती क्या है

ईडी के मुताबिक, रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी ने फरवरी 2008 में ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज से गुड़गांव के शिकोहपुर में 3.5 एकड़ का प्लॉट 7.5 करोड़ रुपये में खरीदा था। उनकी कंपनी ने इसके बाद जमीन को रियल एस्टेट दिग्गज डीएलएफ को 58 करोड़ रुपये में बेच दिया। इससे ईडी दफ्तर जाते वक्त रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि सरकार बदले के तहत कारवाई कर रही है। मुझे नहीं पता कि आखिर गलती क्या है। मुझे किसी से भी कुछ भी छिपाने की जरूरत नहीं है। मैं कुछ भी गलत नहीं किया है। मेरे खिलाफ जांच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। यह सब कुछ मुझे परेशान करने और फंसाने के लिए किया जा रहा है।



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को हरियाणा भूमि सौदे से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में काराबारी और वायनाड से कांग्रेस प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा से पूछताछ की। हालांकि, वाड्रा ने एजेंसी के समन राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया।

उन्होंने कहा कि पूछताछ के दौरान पहले भी ईडी के साथ घंटों बिताए हैं, हजारों पेज साझा किए हैं, लेकिन फिर भी एजेंसी उनके खिलाफ मामले उठा रही है। मैं न ही किसी दबाव में आने वाला हूं और न ही किसी से डरने वाला हूं। 56 साल के रॉबर्ट वाड्रा मध्य दिल्ली के सुजान सिंह पार्क स्थित अपने आवास से एपीजे अब्दुल कलाम रोड पर स्थित ईडी मुख्यालय तक दो किलोमीटर पैदल गए। ईडी कार्यालय के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने आरोप लगाया, यह कुछ और नहीं बल्कि राजनीतिक प्रतिशोध है। जब भी मैं अल्पसंख्यकों के लिए बोलता हूं तो वे मुझे रोकने की कोशिश करते हैं, हमें कुचलने की कोशिश करते हैं। उन्होंने संसद में राहुल को भी रोकने की कोशिश की। यह एजेंसियों का दुरुपयोग है और यह राजनीतिक प्रतिशोध है। मैं पहले की तरह उनके साथ सहयोग करूंगा। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय ने रॉबर्ट वाड्रा को जमीन सौदा मामले में दूसरी बार तलब किया था। समन के तहत वे मंगलवार सुबह ईडी दफ्तर पहुंचे थे। पहले ईडी ने उन्हें समन कर 8 अप्रैल को पेश होने को कहा था। हालांकि, तब वे पेश नहीं हो पाए थे। सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत वाड्रा का बयान दर्ज किया। इससे पहले संघीय जांच एजेंसी ने एक अन्य धन शोधन मामले में वाड्रा से पूछताछ की थी।

## अलीगढ़ सहित यूपी के 10 जिलों में ई-मेल से मिली बम की धमकी



**अलीगढ़।** कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी ईमेल पर भेजी गई है। ईमेल मिलते ही इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई। इसके बाद पुलिस डॉग स्क्वाड एंटी टेररिस्ट टीम समेत भारी पुलिस बल कलेक्ट्रेट पहुंचा और जांच पड़ताल शुरू कर दी। उधर, बम मिलने की अफवाह पर कलेक्ट्रेट में तैनात अधिकारी और कर्मचारी बाहर निकल आए। पुलिस ई-मेल भेजने वाले की तलाश में जुटी हुई है। हालांकि माना जा रहा है कि 17 अप्रैल को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघ चालक मोहन भागवत पांच दिन के अलीगढ़ प्रवास पर आ रहे हैं। संभावना है कि किसी अराजक तत्व ने ऐसा किया है। पुलिस ईमेल भेजने वाले की तलाश में जुट गई है। इससे पहले नौ जनवरी को एएमयू केंपस को उड़ाने की धमकी भी ईमेल पर ही मिली थी, जबकि इससे पहले रेलवे स्टेशन को बम से उड़ने की धमकी के बाद हाई अलर्ट जारी किया गया था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंचालक मोहन भागवत के आगमन को लेकर शाम 4 बजे से कलक्ट्रेट में पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक होनी थी। यह भी माना जा रहा है कि पुलिस प्रशासनिक अफसर बम के बहाने मॉक ड्रिल कर सुरक्षा व्यवस्था को परखने का भी काम कर रहे हैं।

# अपने गिरेबान में झांके पाकिस्तान : विदेश मंत्रालय

- वक्फ कानून को लेकर टिप्पणी पर दिया करारा जवाब



**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान की तरफ से नए वक्फ कानून पर की गई टिप्पणियों को सिरे से खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान की ये बातें बेबुनियाद और निराधार हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि हम भारत की संसद द्वारा अधिनियमित वक्फ संशोधन अधिनियम पर पाकिस्तान द्वारा की गई बेबुनियाद और निराधार टिप्पणियों को सिरे से खारिज करते है। उन्होंने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और यहां के कानून पूरी तरह संविधान के अनुसार बनाए जाते हैं। पाकिस्तान को भारत के आंतरिक मामलों पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। जायसवाल ने आगे अपने बयान में पाकिस्तान को अपने गिरेबान में झांकने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि दूसरों को नसीहत देने से पहले पाकिस्तान को अपने देश में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे व्यवहार पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि उसका खुद का रिकॉर्ड बेहद खराब है। देशभर में नए वक्फ कानून को लेकर सियासी पारा अपने चरम पर है। इस कानून के विरोध में कई स्थानों से हिंसा की खबरें सामने आ रही है।

# संशोधित वक्फ अधिनियम मुस्लिम समुदाय के खिलाफ नहीं : किरेन

- मनमाने ढंग से वक्फ संपत्ति घोषित नहीं की जाएगी कोई भी जमीन
- राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद आठ अप्रैल को लागू किया गया कानून



**कोच्चि।** केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को वक्फ अधिनियम में संशोधन करने के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अधिनियम में संशोधन मुस्लिम समुदाय को लक्षित करने के लिए नहीं किया गया है, बल्कि इसका उद्देश्य पिछली गलतियों में सुधार करना है।

रिजिजू का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब विभिन्न मुस्लिम संगठन कानून में संशोधन करने को लेकर विरोध कर रहे हैं और पश्चिम बंगाल में हिंसक हो गए हैं। रिजिजू ने कोच्चि में एक प्रेस वार्ता की। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन और राज्य भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर भी मौजूद रहे। पत्रकारों को संबोधित करते हुए रिजिजू ने कहा कि केंद्र सरकार का इरादा साफ है। सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि भारत में किसी की जमीन को जबरन और एकतरफा छीनने का कोई प्रावधान न हो। रिजिजू ने आगे कहा कि वक्फ कानून में संशोधन इसलिए किया गया, क्योंकि इसके कुछ प्रावधानों ने वक्फ बोर्डों को अभूतपूर्व शक्ति और अधिकार दे दिए हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ अधिनियम में संशोधन के बाद किसी भी भूमि को मनमाने तरीके से वक्फ संपत्ति घोषित नहीं किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि वक्फ कानून मुस्लिम समुदाय के खिलाफ नहीं है। यह अतीत की गलतियों को सुधारने के लिए है। बता दें कि लोकसभा और राज्यसभा में मैराथन मंथन के बाद, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पांच अप्रैल की रात को वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी। इस कानून को सरकार ने आठ अप्रैल को अधिसूचना जारी कर लागू कर दिया। सत्तारूढ़ एनडीए ने इसे अल्पसंख्यकों के लिए लाभकारी बताया है।

**लोकबंधु अस्पताल** — आग ने खोली अस्पताल की पोल, खत्म हो गई थी एनओसी

# घटना की जांच करेगी पांच सदस्यीय कमेटी

- लोहे का बैरियर बना रोड़ा
- धुएं से हुई परेशानी
- कमेटी 15 दिन में देगी रिपोर्ट



### सभी विभागों की ओटी हुई बंद, टाले गए 25 ऑपरेशन

लोकबंधु अस्पताल में लगी आग की वजह से मंगलवार को करीब 25-30 ऑपरेशन टल गए हैं। इसमें नेत्र रोग, आर्थोपैडिक, गाइनी, जनरल सर्जरी व ईएनटी यूनिट के हैं। मरीजों को अभी ऑपरेशन की डेट भी नहीं दी गई है। वहीं स्वास्थ्य महानिदेशक ने अस्पताल पहुंचकर निरीक्षण किया। लोकबंधु में मंगलवार की ओटी में हर दिन करीब 25-30 ऑपरेशन होते हैं। इसमें नेत्र रोग विभाग में हर दिन दस से पंद्रह मरीजों के ऑपरेशन होते हैं। इसके अलावा जनरल सर्जरी में आठ से दस ऑपरेशन, ईएनटी में चार से पांच, गाइनी में चार से पांच मरीजों के ऑपरेशन होते हैं। ये सभी ऑपरेशन टल गए।

### अस्पताल ने नहीं किया था ऑनलाइन आवेदन

फायर एनओसी के लिए अस्पताल ने ऑनलाइन आवेदन करने की जगह मौखिक और पत्राचार किया। इससे उन्हें एनओसी नहीं दी गई। अब सवाल ये है कि बिना एनओसी के अस्पताल संचालित करने पर दमकल विभाग ने अस्पताल को नोटिस क्यों नहीं जारी की। फायर ब्रिगेड की टीम ने पहले भी अस्पताल का निरीक्षण किया था और हाल में दोबारा जाने वाली थी। फायर ब्रिगेड का कहना है कि धुएं से परेशानी का सामना करना पड़ा। धुआं निकलने का रास्ता नहीं था, जिससे आग ने विकराल रूप ले लिया। इस बीच बिजली काटी गई थी। हालांकि, अंधेरे में धुएं ने और मुश्किलें पैदा कीं। इससे आग पर काबू पाने में समय लगा। अस्पताल के मुख्य प्रवेश गेट के पास लोहे का बड़ा बैरियर लगाया गया है।

**लखनऊ।** लोकबंधु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय में आग लगने की घटना की जांच के लिए उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित कर दी गई है। यह कमेटी 15 दिन में रिपोर्ट देगी। यह कमेटी घटना के लिए जिम्मेदार लोगों को चिन्हित करने के साथ ही भविष्य में बचाव के कदम उठाने पर भी सुझाव देगी।

घटना के बाद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा को जांच कमेटी बनाने का निर्देश दिया। दोपहर बाद प्रमुख सचिव ने कमेटी बनाते हुए उन्हें जांच का निर्देश दिया। यह जांच कमेटी आग लगने के प्राथमिक कारण, किसी भी प्रकार की लापरवाही या दोष की पहचान (यदि कोई हो तो) एवं भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं के बचाव के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने के संबंध में अपनी रिपोर्ट देगी। कमेटी का अध्यक्ष चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महानिदेशक डा. रतनपाल सिंह सुमन को बनाया गया है। सदस्य के रूप में विद्युत सुरक्षा निदेशालय के निदेशक, चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर निदेशक, अग्निशमन विभाग द्वारा नामित अधिकारी एवं चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाएं (विद्युत) के अपर निदेशक को शामिल किया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी। लोकबंधु अस्पताल में लगी आग ने कई पोल खोल दिए हैं। 25 जनवरी को ही अस्पताल की फायर एनओसी समाप्त हो गई थी। ऐसे में करीब तीन महीन से बिना एनओसी अस्पताल में मरीजों का इलाज जारी था। मानकों के हिसाब से अस्पताल में आग से बचाव के संसाधन भी नहीं थे। यही वजह है कि आग लगते ही कर्मचारियों में भगदड़ मच गई।

अवधनामा



# वर्तमान संवैधानिक मूल्य डा0 अम्बेडकर के सम्बन्ध में विषय पर संगोष्ठी का किया गया आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** उ0प्र0 सरकार एवं उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुपालन में भारत रत्न बाबासाहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जयन्ती पखवाड़ा 14 अप्रैल से 28 अप्रैल, 2025 के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अम्बेडकर का राष्ट्रवाद विषय पर दिनाँक 14.04.2025 को ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्यवक्ता के रूप में प्रो0 विश्वनाथ मिश्र, आर्य महिला पी0जी0 कालेज, वाराणसी ने अम्बेडकर के राष्ट्रवाद के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि डॉ0 अम्बेडकर का मानना था कि राष्ट्र से राष्ट्रवाद का विकास न होकर राष्ट्रवाद से राष्ट्रीयता का विकास होता है। डॉ0 अम्बेडकर ने न्यायिक राष्ट्रवाद की आधारशिला रखा कर अपने पूर्वकालीन व समकालीन राष्ट्रवादियों से भिन्न अवधारणा को स्थापित किया। ऑनलाइन संगोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 हेमन्त पाल द्वारा की तथा संयोजन एवं संचालन प्रो0 संजय कुमार एवं प्रो0 सुभाष चन्द्रा ने किया तथा तकनीकी सहयोग मो0 अमिर व धर्म नारायण ने दिया। डा0 अम्बेडकर जयन्ती पखवाड़ा के तहत महाविद्यालय में आज दिनाँक 15.04.2025 को वर्तमान संवैधानिक मूल्य डा0 अम्बेडकर के सम्बन्ध में विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्यवक्ता के रूप में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डा0 जगदीश नारायण पुरवार उपस्थित रहें। प्रो0 पुरवार ने संवैधानिक मूल्यों की वर्तमान प्रासंगिकता व डा0 अम्बेडकर जी की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि देश को सही दिशा में ले जाने का एक मात्र उपाय संविधान में निहित मूल्यों के आधार पर स्थापित एक सभ्य समाज द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। इसी क्रम में राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो0 संजय कुमार ने कहा कि संविधान में निहित मूल्य ही विकास का एक मात्र आधार है। दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो0 सुभाष चन्द्रा ने संवैधानिक मूल्यों का दार्शनिक महत्व समझाते हुए बताया कि संविधान की प्रस्तावना ही संविधान की संक्षिप्त व्याख्या है। सामाजिक अर्थसंदर्भों में प्रस्तावना में निहित मूल्यों एवं उद्देश्य को समझाने की आवश्यकता है। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 हेमन्त पाल ने भारतीय संविधान के निर्माण में डा0 अम्बेडकर जी की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि वर्तमान में संविधान ही एक मात्र दस्तावेज है, जिस पर चलकर सम्पूर्ण देशवासी प्रगति कर सकते है। संगोष्ठी में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

## समय से पहले छुट्टी पर डीएम का फूटा गुस्सा

### पीएस मोतीपुर के निरीक्षण में मिली लापरवाही



**लखीमपुर खीरी।** बच्चों की शिक्षा के साथ लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी ये शब्द थे डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के, जब उन्होंने मंगलवार को मोतीपुर के प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया और वहां जो देखा, उससे वह हैरान भी हुईं और नाराज़ भी करीब 12:50 बजे जब डीएम प्राथमिक विद्यालय मोतीपुर पहुँचीं, तो विद्यालय लगभग खाली था। अधिकांश बच्चे घर जा चुके थे। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने बताया कि वह दोपहर 02 बजे से आयोजित संकुल मीटिंग में शामिल होने जा रही थीं, इसलिए बच्चों को समय से पहले अवकाश दे दिया गया। यह सुनते ही डीएम का चेहरा सख्त हो गया। उन्होंने इसे गंभीर लापरवाही करार देते हुए मौके पर ही कार्रवाई के निर्देश दे दिए। डीएम ने बीएसए को इं. प्रधानाध्यापक दीपा चौधरी, सहायक अध्यापिकाएं नीलम और सोनू रानी वर्मा का वेतन बाधित करने और शिक्षामित्र ममता सिंह, शालिनी अवस्थी, वंदना वर्मा व आरती देवी का मानदेय रोकने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सभी शिक्षकों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने को कहा गया घर लौट रहे बच्चों को देखकर डीएम ने उन्हें रोका और सीधे संवाद किया। उन्होंने मिड डे मील की गुणवत्ता, भोजन की नियमितता और स्कूल में पढ़ाई की स्थिति के बारे में सवाल पूछे। डीएम ने तत्काल निर्देश दिया कि दोपहर 2 बजे तक सभी बच्चों को विद्यालय में रोका जाए और शैक्षिक गतिविधियां पूरी लगन से चलाई जाएं इसके बाद डीएम उच्च प्राथमिक विद्यालय मोतीपुर पहुँचीं। वहाँ उन्होंने कक्षा-कक्षों में जाकर बच्चों से सीधा संवाद किया। बच्चों से पढ़ाई के स्तर को परखने के लिए प्रश्न पूछे। साथ ही मिड डे मील की गुणवत्ता, शिक्षकों की उपस्थिति और कक्षा संचालन की स्थिति का भी गहन निरीक्षण किया।

# सीसीई एग्री एप से हुई प्रक्रिया, 43.3 वर्ग मीटर में मिली 20.5 किलोग्राम फसल

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें सरकार की योजनाओं का पूर्ण लाभ दिलाने की दिशा में लखीमपुर खीरी प्रशासन लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में मंगलवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने तहसील व विकासखंड लखीमपुर की ग्राम पंचायत मोतीपुर का दौरा किया और पीएम फसल बीमा योजना के अंतर्गत एक खेत में स्वयं की देखरेख में क्रॉप कटिंग कराई। यह निरीक्षण न केवल किसानों को योजना का वास्तविक लाभ देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था, बल्कि इससे प्रशासन की पारदर्शिता और तकनीकी सटीकता को भी बल मिला। इस अवसर पर डीएम ने किसान ओमवीर के खेत में पहुंचकर न केवल वैज्ञानिक पद्धति से गेहूं की फसल कटवाई, बल्कि कृषक से सीधी बातचीत कर खेतीबाड़ी से जुड़ी जमीनी समस्याओं को भी समझा। धान की उत्पादकता का आंकलन करने के उद्देश्य से डीएम ने खेत में



43.3 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का 10-10-10 मीटर का समबाहु त्रिभुज प्लॉट चिन्हित कराया।

इसके पश्चात सीसीई एग्री एप के माध्यम से क्रॉप कटिंग की प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई। कटाई के उपरांत उपज का वजन कर, आवश्यक आंकड़े संकलित किए गए, ताकि किसानों को वास्तविक उपज के अनुसार मुआवजा दिलाया जा सके। इसमें 20 किलो 500 ग्राम फसल प्राप्त हुई इस दौरान अपर सांख्यिकी अधिकारी लखनऊ मंडल हर्षित मिश्रा, नायब तहसीलदार सुनील कुमार, बीमा कंपनी के जिला समन्वयक आशीष अवस्थी, तथा तहसील कोऑर्डिनेटर नवल ने पूरे क्रॉप कटिंग अभ्यास की बारीकी से निगरानी की और जरूरी तकनीकी सहयोग प्रदान किया।

## 02 नफर वारण्टियों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना फूलबेहड़ 02 नफर वारण्टियों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है रामरतन पुत्र नरायन निवासी ग्राम श्रीनगर थाना फूलबेहड़ संबंधित मु0नं0 2963/14 व अ0सं0 574/05 धारा 323,504 भादवि0 बनाम रामरतन आदि लखीमपुर खीरी रमाकान्त पुत्र रामप्रसाद निवासी ग्राम रमपुरवा मजरा नरहर थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी संबंधित मु0सं0 1831/14 व अ0सं0 80/04 धारा 323,325,504 भादवि0 बनाम रमाकान्त लखीमपुर खीरी ।

## लखीमपुर-पलिया हाईवे पर शीरे से भरा टैंकर पलटा

**लखीमपुर खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र के गांव मलूकापुर में लखीमपुर-पलिया हाईवे पर मंगलवार को सुबह करीब पांच बजे शीरे से भरा टैंकर पलट गया। टैंकर लखीमपुर से गुलरिया चीनी मिल जा रहा था। गनीमत रही कि उस समय कोई भी ग्रामीण अपने घर के दरवाजे पर नहीं था। हाईवे किनारे के कई घरों में टैंकर से गिरा शीरा भर गया। हाईवे पर शीरा गिरने से फिसलन हो गई, जिससे कई बाइक सवार फिसल कर गिर गए हाईवे किनारे खड़ी एक कार से निजी बस टकरा गई। बस चालक ने ब्रेक लगाने का प्रयास किया लेकिन शीरा पड़ा होने से बस फिसलती चली गई और कार से जा टकराई। जिससे कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही एसआई उमराव सिंह मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड को सूचना दी। गुलरिया चीनी मिल के सुरक्षा अधिकारी श्रीनिवास कापरी जेसीबी मशीन तथा सुरक्षा गार्डों को लेकर मौके पर पहुंचे हाईवे पर बैगास डलवाकर फिसलन कम करने का प्रयास किया, तब तक फायर ब्रिगेड भी पहुंच गई। फायर ब्रिगेड ने हाईवे पर पानी डालकर शीरा धोने का काम शुरू कर दिया। जिन घरों में शीरा भर गया है उनको खाली करवा दिया गया है। पुलिस और गुलरिया चीनी मिल के प्रयास से यातायात चालू हो गया है, लेकिन हाईवे के किनारे घरों में भरा शीरा हटाने में काफी समय लग सकता है ग्रामीणों ने बताया कि मलूकापुर गांव में एल आकार का मोड़ है, जिससे बाहर से आने वाला वाहन चालक एक दम घबराकर नियंत्रण खो बैठता है। पिछले साल भी एक एथेनॉल से भरा टैंकर घरों पर पलट गया था।

## तेंदुए की वजह से ग्रामीणों दहशत का माहौल

**लखीमपुर खीरी।** धौरहरा वन रेंज के टेकीकुंडा महादेव क्रेशर के पास एक तेंदुआ अपने शावकों के साथ 15 दिनों से देखा जा रहा है। वहीं मंगलवार को महराज नगर नोखेपुरवा के खेत में लगे सेमल के पेड़ पर बैठा एक तेंदुआ देखा गया। ग्रामीणों ने इसका वीडियो बना लिया। दोनों जगहों पर वन विभाग की टीम ने चौकसी बढ़ा दी है धौरहरा वन रेंज के टेकीकुंडा गांव में 15 दिन पहले खेत में सिंचाई कर रहे किसान पर तेंदुए ने हमला किया था। बाद में यह तेंदुआ शावकों संग महादेव क्रेशर के पास झाड़ियों में देखा गया। इसकी सूचना पर वन विभाग ने यहां निगरानी शुरू की है। महराज नगर नोखेपुरवा के बीच खेत में लगे सेमल के पेड़ पर एक तेंदुआ देखा गया। यहां आसपास खेतों में किसान काम कर रहे थे। इसी दौरान एक ग्रामीण की नजर पेड़ पर गई तो उसके होश उड़ गए। पेड़ पर तेंदुआ होने की जानकारी मिलते ही ग्रामीण जुट गए। सूचना पर वन विभाग की टीम के साथ क्षेत्रीय वनाधिकारी नृपेंद्र चतुर्वेदी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को सजग रहने की सलाह देते हुए निगरानी बढ़ा दी दोनों जगहों पर तेंदुए की वजह से दहशत का माहौल है। ग्रामीण खेतों में जाने से डर रहे हैं। क्षेत्रीय वनाधिकारी नृपेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि दोनों जगहों पर वन टीम निगरानी कर रही है। ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

## एसएसपी ने पदक विजेता रिया वर्मा को किया सम्मानित



**सहारनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवान ने 72वीं ऑल इण्डिया पुलिस एथलेटिक्स कलस्टर चैम्पियनशिप स्विमिंग खेल में 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक (महिला) में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली महिला कांस्टेबल रिया वर्मा को मैडल पहनाकर शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि गुजरात नगर के जनपद गांधी नगर में 72वीं ऑल इण्डिया पुलिस एथलेटिक्स कलस्टर चैम्पियनशिप आयोजित की गयी है, जिसमें सहारनपुर में तैनात महिला कांस्टेबल रिया वर्मा ने स्विमिंग खेल की 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में प्रथम स्थान हासिल किया। आज रिया वर्मा के सहारनपुर पहुंचने पर एसएसपी रोहित सिंह सजवान ने उन्हें मैडल पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया।

## एसएसपी फीता काटकर किया तीन दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ



**बदायूं।** पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में द्वितीय अंतर्जनपदीय पुलिस प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बृजेश कुमार सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया।

तीन दिवसीय कुश्ती, बॉक्सिंग, बॉडी बिल्डिंग एवं आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में बरेली जोन के सभी जनपदों से चयनित खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अमित किशोर श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के0के0 सरोज, क्षेत्राधिकारी नगर रजनीश कुमार उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी उझानी/लाइन्स शक्ति सिंह, क्षेत्राधिकारी सहसवान कर्मवीर सिंह, क्षेत्राधिकारी बिल्सी संजीव कुमार, मुख्य अग्निशमन अधिकारी रामराजा यादव, प्रतिसार निरीक्षक इन्द्रजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने चार को किया गिरफ्तार,भेजा जेल

**बदायूं।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस द्वारा चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में क्राइम पर अंकुश की दृष्टि से चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सहसवान तथा कोतवाली पुलिस द्वारा दो लोगों को अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया गया है।वहीं थाना बिनावर पुलिस द्वारा दो शातिरों को चोरी के समान सहित गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही करते हुए इनको जेल भेजा गया है।

## शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त ने महिला थाने में किया आत्मसमर्पण

**आगरा।** सोशल मीडिया पर दोस्ती कर शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त ने महिला थाने में आत्मसमर्पण किया। जानकारी अनुसार 16 मार्च 2025 को वादिया द्वारा महिला थाना पर सूचना दी गई कि वादिया की सनी पुत्र राधेश्याम से फेसबुक व इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी। उसके बाद वादिया की सनी से फोन पर बात होने लगी। सनी ने वादिया को आश्वासन दिया कि वादिया का पति से तलाक होने के बाद वह उससे शादी कर लेगा। शादी का झांसा देकर वादिया के साथ कई बार दुष्कर्म किया और आपत्तिजनक फोटो व वीडियो बना लिए। सनी वादिया को व्हाट्सअप पर वादिया व वादिया के पुत्र को जान से मारने की धमकी दे रहा है। इस संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर दिनांक-16.03.2025 को महिला थाना पर मु0अ0सं0-26/25 धारा-69)/351(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। उपरोक्त घटना में संलिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए महिला थाना पर पुलिस टीम का गठन किया गया था। गठित टीम द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु अभियुक्त के मिलने के सम्भावित स्थानों पर लगातार दबिश दी जा रही थी। तो वही अभियुक्त द्वारा सोमवार को महिला थाना आकर आत्मसमर्पण किया गया। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को पुलिस हिरासत में लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

# नहीं सुधर रही शहर की ट्रैफिक व्यवस्था, रोडवेज से लेकर वन विभाग रोड पर लगा जाम

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। भले ही चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस के जवान ड्यूटी को अंजाम दे रहे हो लेकिन बावजूद इसके शहर में किसी भी समय और कहीं पर भी जाम लग जाना आम बात हो गहै है। जाम को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि मानो ट्रैफिक पुलिस का भी वाहन चालकों पर कोई खौफ नहीं रह गया है।जिसमें रोडवेज के निकट लगने वाला जाम मुख्य है, यहां रोडवेज एवं प्राइवेट बसों के चालक जिला चिकित्सालय की ओर से रोडवेज को जाने वाले मार्ग पर मनमाने तरीके से बसों को रोक कर खड़ा कर लेते हैं, जिससे यहां हर समय जाम जैसी स्थिति बनी रहती है।



मंगलवार दोपहर को रोडवेज से लेकर वन विभाग मार्ग पर लंबा जाम लग गया। जाम के कारण लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।यही हाल लावेला चौक का भी है। यहां पर भी वाहन सवार मनमाने तरीके से आना जाना करते हैं जिस कारण यहां पर भी हर समय जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। ट्रैफिक को नियंत्रित करने हेतु यहां पर तैनात होमगार्ड केवल और केवल ई-रिक्शा को रोडवेज की ओर जाने से रोक कर अपनी ड्यूटी को अंजाम देते हैं,बाकी चौराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई हुई रहती है।चौराहा पार करते समय वाहन चालक अपनी मर्जी से जिधर से चाहे उधर से आना जाना करते हैं। जिस कारण यहां कभी भी जाम लग जाता है।

## मांगों के निस्तारण को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने सौंपा ज्ञापन

सहारनपुर। आँगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन के बैनर तले आंगनबाड़ी कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला मुख्यालय पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री को संबोधित दो सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर मांगों का निराकरण कराये जाने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए यूनियन की जिलाध्यक्ष कुर्रत व जिला संयोजक सुरेन्द्र कुमार ने कहा आंगनवाडी केन्द्रों पर टी.एच.आर. के वितरण में अब नया वर्जन फेश कैप्चर आ गया है। विभाग द्वारा जो मोबाइल दिये गये हैं, उनमें नया वर्जन काम नहीं कर रहा है और बहुत सी समस्याऐं आ रही है। उनका कहना था कि इन्टरनेट सुविधा काफी केन्द्रो पर न के बराबर है। सुबह से शाम तक क्षेत्रीय लाभार्थी लाइन लगाकर खड़े रहने के बावजूद उनका फेश कैप्चर नहीं हो पा रहा है।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की मण्डलीय समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** मण्डलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जनपदवार कर करेत्तर मद में प्राप्त वसूली एवं वसूल की गयी धनराशि की समीक्षा की गयी। वाणिज्य कर में मथुरा में अच्छी वसूली की गयी, जबकि आगरा में लक्ष्य के सापेक्ष कम बसूली पर संबंधित विभाग से जवाब तलब किया। जिसमें बताया गया कि होटल, रेस्टोरेंट, बैंकिंग आदि सेवा क्षेत्र पर मुख्य फोकस कर लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धि की जाएगी, इस हेतु अधिकारियों, कर्मचारियों को भी चरणबद्ध ट्रेनिंग कराई जा रही है। मंडलायुक्त ने व्यापारियों के अधिकाधिक रजिस्ट्रेशन किए जाने हेतु निर्देशित किया तथा लक्ष्य के




सापेक्ष वसूली किए जाने के निर्देश दिए गये। बैठक में स्टाम्प व रजिस्ट्रेशन विभाग की समीक्षा की गई जिसमें में भी मथुरा की प्रगति अच्छी रही, जनपद मैनपुरी की लगातार खराब प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की तथा नए वित्तीय वर्ष में लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि के निर्देश दिए। आबकारी विभाग की समीक्षा में आगरा फिरोजाबाद, मैनपुरी की प्रगति लक्ष्य के अनुरूप न रहने पर इंप्रूव करने के निर्देश दिए।परिवहन विभाग की समीक्षा में बताया गया कि प्रदेश में मथुरा 19 रैंक, आगरा 34 , मैनपुरी 20, फिरोजाबाद 44वीं रैंक रही है, विद्युत व खनिज की समीक्षा में निर्देश दिए कि जिन जनपदों में वसूली बची है, उसकी प्राप्ति करें। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि अवशेष का मिलान कर वसूली प्रमाण पत्र को पोर्टल पर लगातार अपडेट करते रहें। जिन प्रकरणों में वसूली नहीं हो पा रही है उसे वापस कर दें, अन्यथा वसूली की जाए।

विविध देय में चारों जनपदों की प्रगति अच्छी रही। यही प्रगति बनाये रखने के निर्देश दिए। ओवरऑल वित्तीय वर्ष 2024-25 में आगरा मण्डल की कर वसूली में अच्छी प्रगति रही है। नए वित्तीय वर्ष 2025-26 में और बेहतर करने की अपेक्षा की। बैठक में नगर निगम, नगरीय निकाय, विधिक माप विज्ञान आदि विभागों की समीक्षा कर संबंधित को निर्देशित किया गया। मंडलायुक्त ने सभी जिलाधिकारियों को सीजनल अमीन के प्रस्ताव प्रेषित करने तथा बड़े बकाएदारों से शतप्रतिशत वसूली के निर्देश दिए। बैठक में लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा में सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने जिले में अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी, तहसीलदार और नायाब तहसीलदार न्यायालयों में वाद निस्तारण की लगातार समीक्षा करें और प्रगति में सुधार लाने का प्रयास करें। मंडलायुक्त ने आईजीआरएस की समीक्षा की जिसमें बताया गया कि जनपद मैनपुरी की रैंक 04, आगरा 11, फिरोजाबाद 17 तथा मथुरा की 41वीं रैंक है तथा सर्वाधिक केस डिस्पोजल करने में जनपद आगरा प्रथम स्थान पर है।

# मण्डलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में मण्डलीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आयुक्त सभागार में मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह की



अध्यक्षता में मंगलवार को मण्डलीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा की गयी। समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त द्वारा विकास कार्यों में रैंकिंग अच्छी होने पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा प्राथमिक विद्यालयों के इंस्पेक्शन नहीं होने के कारण जनपद आगरा में स्कूल निरीक्षण में ई श्रेणी आने पर उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी आगरा को निर्देश दिए की इस पर सतत निगरानी करते हुए ए प्लस श्रेणी में लाया जाए। मध्यान भोजन एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में जनपद मथुरा को ई श्रेणी मिलने पर श्रेणी सुधार के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री आवास योजना में सभी जनपदों की स्थिति के कारण मंडल की भी रैंकिंग खराब हुई है, जिस पर मंडलायुक्त द्वारा सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए की मुख्यमंत्री आवास योजना में चिन्हित लाभार्थियों को आवास आवंटित करते हुए उनका निर्माण कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाए। उक्त के अतिरिक्त मंडलायुक्त द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनपद फिरोजाबाद को डी श्रेणी मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ए श्रेणी में लाना सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। फैमिली आईडी की समीक्षा में मंडल के सभी जनपद डी और सी श्रेणी प्राप्त होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी विशेष कार्य योजना बना कर अमल में लाए तथा श्रेणी सुधार सुनिश्चित करे। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जनपद फिरोजाबाद को सी श्रेणी तथा अन्य जनपदों को बी श्रेणी मिलने पर सुधार ले जाने हेतु निर्देश दिए कि जिलाधिकारी अपने स्तर से समीक्षा कर श्रेणी में सुधार लाएं।

पर्यटन विभाग की समीक्षा में बताया गया कि पर्यटन विभाग के अधीन संचालित योजनाओं में कार्य प्रगति पर है तथा यथाशीघ्र परियोजनाएं पूर्ण कर ली जाएगी। पीएम पोषण योजना में मंडल व जनपद की श्रेणी संतोषजनक न पाए जाने पर मंडलायुक्त द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई और निर्देश दिए गए कि इस योजना में आच्छादित सभी विद्यालयों में पोषण वाटिका संचालित की जाए।

## बीजेपी के पूर्व मंत्री के नाती की दबंगई, जिस युवती के चक्कर में गया जेल फिर किया उस पर हमला

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** माफियाओं, दबंगों व मनचलों को सबक सिखाने वाली योगी सरकार के राज्य में भाजपा नेता और पूर्व मंत्री चौधरी उदयभान सिंह का पौत्र दिव्यांश चौधरी एक फिर सुर्खियों में आ गया। बीते साल कारोबारी की बेटी को कार से कुचलने के प्रयास करने का मामला काफी चर्चा में रहा था। काफी फजीहत के बाद इस मामले में दिव्यांश चौधरी ने अदालत में आत्म समर्पण कर दिया था। वही अब फिर उसी युवती ने दिव्यांश चौधरी पर कार से टक्कर मारने और जानलेवा हमले का आरोप लगाया है। युवती की तहरीर के आधार पर हरीपर्वत पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी अनुसार युवती का आरोप है कि सोमवार रात वह मेरठ से अपने घर लौट रही थी। कार उसका ड्राइवर चला रहा था। एमजी रोड पर पहुंचने पर इनोवा सवार ने मेरी कार को बराबर में आकर तीन बार साइड टक्कर मारी। मेरी बमुश्किल जान बची। युवती ने कहा कि इनोवा कार में दिव्यांश चौधरी था जिससे मुझे और मेरे परिवार की जान का खतरा है। आरोपी ने पहले भी मेरी और परिजनों की जान लेने की कोशिश कर चुका है। हरिपर्वत थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस अक्षय महाडिक ने बताया कि युवती की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी पहले भी इसी युवती के मामले में जेल गया था। साक्ष्य संकलन के लिए सीसीटीवी फुटेज निकाले जा रहे हैं।

बता दें कि शाहगंज के ऋषि मार्ग निवासी कारोबारी की बेटी ने 15 अप्रैल 2024 को शाहगंज थाना में हत्या के प्रयास का केस दर्ज कराया था। आरोप है कि पूर्व मंत्री व भाजपा नेता चौधरी उदयभान सिंह के पौत्र दिव्यांश चौधरी ने उस पर कार चढ़ाने का प्रयास किया था। इसके बाद पंजाबी समाज की पंचायत भी हुई थी।

# जीआईएस सर्वे के विरोध में व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल से जुड़े व्यापारियों ने नगर निगम द्वारा जीआईएस सर्वे के नाम पर टैक्स में की गयी अप्रत्याशित वृद्धि के खिलाफ नगर निगम कार्यालय पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया तथा नगर मजिस्ट्रेट गजेन्द्र कुमार व अपर नगरायुक्त राजेश यादव को ज्ञापन सौंपकर टैक्स की बढ़ी दरो को वापिस लिए जाने की मांग की। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत व्यापारी रेलवे रोड स्थित व्यापार भवन पर एकत्रित हुए, जहां से वहां महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा व वरिष्ठ महामंत्री स.सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला के नेतृत्व में बाईक रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए नगर निगम कार्यालय पहुंचे, तथा जीआईएस सर्वे के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी व्यापारियों को सम्बोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा एवं वरिष्ठ महामंत्री स.सुरेंद्र मोहन सिंह चावला ने कहा कि निगम द्वारा जीआईएस सर्वे के नाम पर



टैक्स की दरो में की गई वृद्धि अनुचित एवं आधारहीन है। अधिकांश व्यापारियों के गृहकर में 500 प्रतिशत से 1000 प्रतिशत तक की वृद्धि की गयी है, जो अनुचित है। उनका कहना था कि पिछले वर्ष नगर निगम द्वारा 12.5 प्रतिशत की वृद्धि की गयी थी। निगम द्वारा व्यापारियों को जो नोटिस भेजे जा रहे हैं, उनमें पिछले दो वर्षों की भी वृद्धि कर लागू करने का नोटिस दिया गया है। उनका कहना था कि सहारनपुर में नगर निगम द्वारा बस अड्डा, ई-रिक्शा स्टैण्ड, ऑटो स्टैण्ड, बाजारों में सफाई व्यवस्था व पार्किंग सुविधा भी मुहैया नहीं करायी गयी है। महानगर महामंत्री पुनीत चौहान एवं महानगर कोषाध्यक्ष सुधीर मिगलानी ने कहा कि आसपास के राज्यों हरियाणा, उत्तराखण्ड एवं हिमाचल में निगम के टैक्स सहारनपुर से बहुत ही कम है। तो सहारनपुर में निगम द्वारा किस आधार पर यह सर्वे कराये गये एवं टैक्स में 500 प्रतिशत से 1000 प्रतिशत तक की वृद्धि की गयी। उन्होंने कहा कि अगर इस वृद्धि पर तत्काल रोक न लगायी, तो सहारनपुर ही नहीं पूरे प्रदेश का व्यापारी एक बड़ा आन्दोलन करने को बाध्य होगा। प्रदर्शनकारियों में यशपाल मैनी, नीरज जैन, अनुभव शर्मा, कुबेर नरूला, विनीत चौहान, लक्की बजाज, ललित पोपली, अनुज अग्रवाल,सुरेंद्र कवात्रा, मनजीत शाह, हरिंदर सिंह चड्ढा, प्रभजोत सिंह, अभिषेक अरोड़ा उर्फ टिंकू, योगेश दुआ, नरेश कुमार, सुमित मलिक, बबलू, इकबाल, इकबाल सिंह चावला, गगन गुलाटी, सूरज ठक्कर, अनिल चोपड़ा, ताहिर शमसी आदि शामिल रहे।

# ट्रांसजेंडर समुदाय को सामाजिक न्याय की दिशा में ऐतिहासिक कदम पहचान प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**कप्तानगंज, बस्ती।** ट्रांसजेंडर समुदाय को सामाजिक सम्मान और मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में बस्ती में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। इंदिरा चैरिटेबल सोसाइटी ने कप्तानगंज स्थित इंदिरा भवन में तृतीय लिंग पहचान प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम ने न केवल ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों को रेखांकित किया, बल्कि समाज में समावेशी दृष्टिकोण को बढ़ावा देने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में इंदिरा चैरिटेबल सोसाइटी के सीईओ अजय कुमार पांडेय ने ट्रांसजेंडर समुदाय के उत्थान के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और न्याय व्यवस्था में समावेशी नीतियों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के 2014 के ऐतिहासिक फैसले का उल्लेख किया, जिसमें ट्रांसजेंडरों को तीसरे लिंग के रूप में मान्यता प्रदान की गई थी। उन्होंने कहा, यह फैसला ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए एक मील का पत्थर है, लेकिन इसे जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए अभी और प्रयासों की जरूरत है।÷ कार्यक्रम के दौरान दो ट्रांसजेंडर व्यक्तियों, सानिया और सीमा, को तृतीय लिंग पहचान प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। यह प्रमाण पत्र उनके लिए न केवल पहचान का प्रतीक है, बल्कि सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ उठाने का आधार भी बनेगा। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इनमें गरिमा गृह, आयुष्मान भारत टीजी प्लस, पेंशन योजना, विश्वविद्यालयों में आरक्षण, छात्रावास सुविधा, और जेलों में अलग शौचालय व बैरक की व्यवस्था शामिल हैं। कार्यक्रम में सागर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट शैलजा कुमार पांडेय ने ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों की वकालत करते हुए कहा, हमें समाज में समानता और सम्मान की संस्कृति को बढ़ावा देना होगा। ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को उनके अधिकार दिलाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।÷ इस मौके पर एडवोकेट अशोक ओझा और डॉक्टर दिनेश विश्वकर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपने विचार रखे और इस पहल की सराहना की। सीईओ अजय कुमार पांडेय ने एक महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए मांग की कि ट्रांसजेंडर विषय को राष्ट्रीय पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। उन्होंने कहा, ÷जब तक नई पीढ़ी को स्कूलों में ही ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रति संवेदनशीलता और सम्मान सिखाया नहीं जाएगा

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में समीक्षा बैठक संपन्न हुई



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार परिसर में एनकोर्ड की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आबकारी अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद के स्कूलों व कालेजों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है,जनपद में कोई भी नशा मुक्ति केंद्र नही है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि मादक पदार्थों की बिक्री करने बालो पर प्रभावी कार्यवाही की जाये, रेलवे स्टेशन व बस अड्डों पर सघन अभियान चलाया जाये, आबकारी विभाग को अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाने के लिये निर्देशित किया गया,अंतर्जनपदीय सीमा पर चेकिंग बड़ाई जाये। बैठक में आबकारी अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सूचना

मैं निगहत फातमा पत्नी सैय्यद गुलाम हैदर रिज़वी मोहल्ला सांगत किला पोस्ट महमूदाबाद तहसील महमूदाबाद जिला सीतापुर का निवासी हूँ। मेरे सभी दस्तावेज़ों में मेरा नाम निगहत फातमा (NIGHAT FATIMA) दर्ज है, मैंने अपना नाम निगहत फातमा (NIGHAT FATIMA) से बदल कर निगहत फात्मा रिज़वी (NIGHAT FATHMA RIZVI) कर लिया है। भविष्य में मुझे निगहत फात्मा रिज़वी (NIGHAT FATHMA RIZVI) के नाम से जाना, पहचाना और पुकारा जाए।

## कार्यालय ग्राम पंचायत- मेंहदानी वि.खं. इटवा, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 15.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत मेंहदानी विकास खण्ड इटवा द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, स्ट्रीट लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 27-04-025 को 12:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत मेंहदानी के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत मेंहदानी के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत मेंहदानी कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत मेंहदानी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान- नजमा खातून**
**ग्रा.पं. मेंहदानी**
**वि.खं. इटवा, सिद्धार्थनगर**

**ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ.-मो. जावेद खान**
**ग्रा.पं. मेंहदानी**
**वि.खं. इटवा, सिद्धार्थनगर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- बहुती वि.खं. इटवा, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 15.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत बहुती विकास खण्ड इटवा द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, स्ट्रीट लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 26-04-025 को 12:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत बहुती के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 04:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत बहुती के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत बहुती कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत बहुती के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान- रिजवान**
**ग्रा.पं. बहुती**
**वि.खं. इटवा, सिद्धार्थनगर**

**ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ.-मो. जावेद खान**
**ग्रा.पं. बहुती**
**वि.खं. इटवा, सिद्धार्थनगर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- कड़जहवा ग्रांट वि.खं. इटवा, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 15.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत कड़जहवा ग्रांट विकास खण्ड इटवा द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, स्ट्रीट लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 26-04-025 को 12:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कड़जहवा ग्रांट के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत कड़जहवा ग्रांट के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कड़जहवा ग्रांट कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कड़जहवा ग्रांट के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान-सरातुल्लाह**
**ग्रा.पं. कड़जहवा ग्रांट**
**वि.खं. इटवा, सिद्धार्थनगर**

**ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ.-मो. जावेद खान**
**ग्रा.पं. कड़जहवा ग्रांट**
**वि.खं. इटवा, सिद्धार्थनगर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- संग्रामपुर वि.खं. इटवा, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 15.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत संग्रामपुर विकास खण्ड इटवा द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, स्ट्रीट लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 25-04-025 को 12:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत संग्रामपुर के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 04:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत संग्रामपुर के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत संग्रामपुर कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत संग्रामपुर के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान-प्रेम शंकर**
**ग्रा.पं. संग्रामपुर**
**वि.खं. इटवा, सिद्धार्थनगर**

**ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ.-मो. जावेद खान**
**ग्रा.पं. संग्रामपुर**
**वि.खं. इटवा, सिद्धार्थनगर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- हिंगुआ वि.खं. इटवा, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 15.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत हिंगुआ विकास खण्ड इटवा द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, स्ट्रीट लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 25-04-025 को 12:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत हिंगुआ के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत हिंगुआ के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत हिंगुआ कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत हिंगुआ के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान-मोहसिना खातून**
**ग्रा.पं. हिंगुआ**
**वि.खं. इटवा, सिद्धार्थनगर**

**ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ.-मो. जावेद खान**
**ग्रा.पं. हिंगुआ**
**वि.खं. इटवा, सिद्धार्थनगर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- पटना विशुनपुर वि.खं. इटवा, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 15.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत पटना विशुनपुर विकास खण्ड इटवा द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, स्ट्रीट लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 24-04-025 को 12:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत पटना विशुनपुर के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 05:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत पटना विशुनपुर के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत पटना विशुनपुर कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत पटना विशुनपुर के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान-सुभावती**
**ग्रा.पं. पटना विशुनपुर**
**वि.खं. इटवा, सिद्धार्थनगर**

**ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ.-मो. जावेद खान**
**ग्रा.पं. पटना विशुनपुर**
**वि.खं. इटवा, सिद्धार्थनगर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- खानकोट वि.खं. इटवा, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 15.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत खानकोट विकास खण्ड इटवा द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, स्ट्रीट लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 24-04-025 को 12:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत खानकोट के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत खानकोट के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत खानकोट कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत खानकोट के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान-उर्मिला**
**ग्रा.पं. खानकोट**
**वि.खं. इटवा, सिद्धार्थनगर**

**ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ.-मो. जावेद खान**
**ग्रा.पं. खानकोट**
**वि.खं. इटवा, सिद्धार्थनगर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- बगुलहवा ग्रांट वि.खं. इटवा, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक : मेमो/25-26 दिनांक 15.04.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत बगुलहवा ग्रांट विकास खण्ड इटवा द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि/निर्मल भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मौरंग,पेंट, वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, स्ट्रीट लाइट, सेनिटाइजर एवं विषाणु रोधक मास्क से संबंधित इत्यादि की आपूर्ति निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा 24-04-025 को 12:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत बगुलहवा ग्रांट के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर राशि मूल्य 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी। उक्त आशय की नोटरी, शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
14. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत बगुलहवा ग्रांट के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत बगुलहवा ग्रांट कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
17. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत बगुलहवा ग्रांट के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान-दिनदार**
**ग्रा.पं. बगुलहवा ग्रांट**
**वि.खं. इटवा, सिद्धार्थनगर**

**ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ.-मो. जावेद खान**
**ग्रा.पं. बगुलहवा ग्रांट**
**वि.खं. इटवा, सिद्धार्थनगर**

# गौ वंश संरक्षण व संवर्धन की मंडलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता की अध्यक्षता में अयोध्या मण्डल के गौ वंश संरक्षण एवं संवर्धन संबंधी अनुश्रवण एवं मूल्यांकन की मंडलीय समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में सम्पन्न हुई।इस बैठक में मण्डलायुक्त गौरव दयाल, गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्षगण जसवंत सिंह व महेश शुक्ल, सदस्य राजेश सिंह सेंगर, पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार समेत संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान मण्डल में संचालित स्थायी एवं अस्थायी गोशालाओं की प्रगति, पंजीकृत गौशालाओं की स्थिति, गौ संरक्षण केंद्रों की अवस्थिति तथा निर्माण की प्रगति पर विस्तार से समीक्षा की गई। श्री गुप्ता ने निर्देशित किया कि सभी गौशालाओं में चारे, पानी, छाया व चिकित्सा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।उन्होंने ÷जिसके घर में जानवर, उसके घर हरा चारा÷ अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने एवं पशुचर भूमि पर नेपियर घास सहित पौष्टिक चारे की खेती को बढ़ावा देने पर बल दिया। साथ ही, गौ आधारित उत्पादों के संवर्धन में स्वयं सहायता समूहों की भूमिका को भी आवश्यक बताया। अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री गौवंश सहभागिता योजना के प्रचार-प्रसार एवं अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही, गौ आधारित प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने एवं इसके लिए जनजागरूकता फैलाने के निर्देश भी दिए।मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने कहा कि गौवंश सहभागिता योजना के लाभार्थियों को समयबद्ध रूप से डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जाए तथा निजी गौशालाओं की स्थापना हेतु जनसहभागिता को बढ़ावा दिया जाए।पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने थानों में गौशालाओं की सूची उपलब्ध कराने की बात कही ताकि निराश्रित गौवंशों को शीघ्र आश्रय स्थल तक पहुंचाया जा सके। उपाध्यक्षगण एवं सदस्य राजेश सिंह सेंगर ने भी बैठक में महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए।बैठक में मण्डल के सभी जनपदों के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, संयुक्त निदेशक पशुपालन एवं कृषि सहित मण्डलीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मां शांति सेवा फाउंडेशन ने हर्षोल्लास से मनाई

**अयोध्या।** मां शांति सेवा फाउंडेशन द्वारा संस्थापक बसंत राम के नेतृत्व में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पूरे हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। संस्था कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और उनके विचारों को साझा किया गया। संस्थापक बसंत राम ने कहा कि जैसे हर वर्ष, वैसे ही इस वर्ष भी संस्था द्वारा अंबेडकर जयंती का आयोजन किया गया, ताकि उनके विचारों और आदर्शों को समाज में प्रसारित किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान विनय प्रकाश मौर्य ने संविधान में निहित सभी वर्गों के अधिकारों और कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। वहीं संस्था की अध्यक्ष नेहा कुमारी ने महिलाओं को मिले संवैधानिक अधिकारों पर बात करते हुए कहा कि महिलाओं को आत्मरक्षा से लेकर आत्मसम्मान तक जीने का अधिकार बाबा साहब की देन है।÷इस अवसर पर संस्था के कई सदस्य उपस्थित रहे जिनमें नरेंद्र कुमार चौधरी, मधु वर्मा, संजना, काजल चौरसिया, कोमल चौरसिया, सूरज चौधरी, अमित कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल थे।

## माटीकला टूल किट्स वितरण हेतु 30 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**अयोध्या।** मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने जानकारी दी है कि उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला टूल किट्स वितरण योजना के अंतर्गत परंपरागत कारीगरों, शिक्षित बेरोजगारों एवं पट्टाधारक शिल्पियों/कारीगरों से 30 अप्रैल 2025 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। योजना के तहत लाभार्थियों को विद्युत चालित कुम्हारी चाक समेत उपयोगी उपकरण प्रदान किए जाएंगे।इस योजना का लाभ 18 से 55 वर्ष के बीच के महिला/पुरुष कुम्हार/प्रजापति समाज के लोग उठा सकते हैं। आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, शैक्षिक प्रमाणपत्र, जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड या परिवार रजिस्टर की नकल तथा पासपोर्ट साइज फोटो सम्मिलित करना अनिवार्य है।

# तांत्रिक की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** थाना इनायत नगर क्षेत्र के एक मंदिर के पुजारी की हत्या का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। थाना इनायत नगर क्षेत्र के बिशुनपुर डोभियारा में 7 अप्रैल को ओझा राजबहादुर यादव उर्फ बाबा बेचन दास की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। मृतक के बड़े बेटे दिनेश कुमार यादव की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। केस दर्ज होने के बाद पुलिस टीम खुलासे के लिए लगी थी। पुलिस टीम ने आज आरोपी रोहित कुमार चौरसिया पुत्र हृदय राम निवासी अहरन सुवंस हाल पता बिशनपुर डोभियारा को गिरफ्तार किया है।

रोहित चौरसिया मृतक का पड़ोसी था। पूछताछ में उसने बताया कि उसे शक था कि ओझा ने उसके परिवार पर भूत-प्रेत कर दिया है। उसका पूरा परिवार बीमार रहने लगा था। घटना वाले दिन ओझा ने रोहित की बेटी को बिना बताए झाड़-फूंक के लिए अपने घर बुला लिया था। रात में जब रोहित अपनी बेटी की तलाश में ओझा के कमरे पर पहुंचा, तो दोनों को वहां



मौजूद पाया। गुस्से में आकर उसने वहीं रखे बांका से ओझा के सिर, गर्दन और चेहरे पर कई वार कर दिए। हत्या के बाद आरोपी बारून रोड की तरफ भाग गया। उसने अपने खून से सने कपड़े धोकर घर में छिपा दिए थे। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर ये कपड़े बरामद कर लिए हैं। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चौधरी ने बताया कि इस घटना के खुलासा के लिए पुलिस क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर श्री यश त्रिपाठी और प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र पाण्डेय एवं एसओजी प्रभारी अमरेंद्र भी लगे थे। आज पुलिस टीम आरोपी को हल्ले द्वारिका मोड़ से बीती रात 10:00 बजे गिरफ्तार कर थाने लाया गया।

## 20 हजार की रिश्वत लेते टेक्सटाइल इंस्पेक्टर रंगे हाथ गिरफ्तार



**बरेली।** भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत एंटी करप्शन की टीम ने मंगलवार को एक बड़ी कार्रवाई की है। हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग विभाग में तैनात टेक्सटाइल इंस्पेक्टर को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया। पकड़े गए इंस्पेक्टर का नाम आदित्य प्रकाश है। वह लखनऊ के गोमतीनगर इलाके का रहने वाला है और बरेली में तैनात था। आदित्य पर आरोप है कि उसने ग्राम भगवन्तापुर के बुनकरों के लिए हथकरघा क्लस्टर तैयार कराने के सर्वे के नाम पर 20 हजार रुपये की मांग की थी। शिकायत मिलने के बाद एंटी करप्शन की टीम ने जाल बिछाया। जैसे ही आरोपी ने तय रकम ली, टीम ने उसे दफ्तर से ही धर दबोचा। यह कार्रवाई मंगलवार सुबह करीब 11¬53 पर की गई। पीड़ित मुख्तार अहमद अंसारी की तहरीर पर टीम ने कार्रवाई की। टीम की अगुवाई इंस्पेक्टर संजय सिंह ने की। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक आरोपी से कुछ और मामलों में भी जानकारी ली जा रही है। टीम अब ये भी पता लगा रही है कि क्या किसी और ने इसमें उसकी मदद की थी। उसके खिलाफ थाना बारादरी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 16,565 के ड्राइविंग लाइसेंस होंगे निरस्त



**बरेली।** शहर में ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों के खिलाफ एक्शन की तैयारी है। बरेली ट्रैफिक पुलिस ने ऐसे 16,565 वाहन चालकों की सूची तैयार की है, जिनके ड्राइविंग लाइसेंस नियमों का बार-बार उल्लंघन करने पर रद्द किए जाएंगे। इन वाहन चालकों में सबसे ज्यादा चर्चा एक स्कूटी चालक की हो रही है, जिसकी स्कूटी पर पिछले छह महीनों में 60 बार चालान किया जा चुका है।

## बाबा साहब के सपनों का भारत बनाने का संकल्प लें: रामचंद्र यादव

**रुदौली -अयोध्या। बाबा** साहब की 134वीं जयंती धूमधाम से कूढ़ा सादात में मनाई गई। विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से डीजे,ढोल बेंड बाजो के साथ निकली शोभायात्रा तहसील के 13 स्थानों से निकाली गई।भव्य शोभा यात्रा में पालपुर से भानु गौतम, राम भवन रावत, मवई से राम कैलाश गौतम,नेवरा से विक्रमाजीत यादव,मीशा से राम तेज रावत, गौरियामऊ से पूर्णमासी रावत,बिड्हार से सुमन पासवान,ऐहार से पवन कुमार कोरी,नरौली से बजरंगी यादव, किशोरी लाल भारती,मीरमऊ से बनवारी लाल यादव, अमराईगांव से दीपक सिंह, सुजागंज से सुलखान यादव, लोहटी सरैंया से सदन लाल निषाद, रजनपुर से विनय रावत,रसूलपुर मवई से महेश यादव,मखदूमपुर से अखिलेश रावत, ताल गांव से दीपक तिवारी,नेवादा से सुरेश निषाद सहित रुदौली नगर पालिका व मां कामाख्या धाम नगर पंचायत से हजारों कार्यकर्ता तहसील के कूढ़ा सादात गांव में आयोजित कार्यक्रम में विधायक राम चंद्र यादव की अगवाई में पहुंचे।

## सिसवा खड्डा मुख्य मार्ग पर दर्दनाक हादसा



**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** कोठीभार थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 21 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा सिसवा से खड्डा मुख्य मार्ग पर गुरली गांव के पास लगभग रात 7 बजे हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उमेश राजभर निवासी गुरली सेठ टोला, अपनी ससुराल सिन्हा रामकोला से बाइक से अपने घर लौट रहा था। घर से कुछ ही दूरी पर उसकी बाइक सामने चल रही एक तेज़ रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि उमेश की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल सिसवा सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही कोठीभार पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। इस घटना से गांव में शोक की लहर है। उमेश की असामयिक मृत्यु ने परिवार और परिचितों को गहरे सदमे में डाल दिया है।

## स्व कृष्ण लाल गुप्ता के 34 वीं पुण्यतिथि पर 34 बने रक्तदानी




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** स्व कृष्ण लाल गुप्ता के 34वी पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन पूरा बाजार स्थित सीएचसी परिसर में किया गया। रक्तदान शिविर राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरबाज़ार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसमें 34 लोगों ने रक्तदान कर महादानी बनें।शिविर का शुभारम्भ सीएचसी अधीक्षक डॉ अमित वर्मा ने रिबन काट कर किया और इस मौके पर उन्होंने रक्तदान कर भी किया और रक्तदाताओं को रक्तदान से जुडी तमाम जानकारियां देते हुए उन्होंने कहा कि रक्त का कोई विकल्प कल्प नही है और युवाओं को रक्तदान लिए आगे आना चाहिए जिससे किसी की मौत खून के अभाव में न हो। राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष आकाश गुप्त ने कहा कि सेवा करने की प्रेरणा उन्हें स्व पिता कृष्ण लाल गुप्ता से बिरासत में मिला है, जिनकी हत्या आतंकवादियों द्वारा पंजाब में 12 अप्रैल 1991 में कर दिया था। संस्था संरक्षक राजेश चौबे ने कहा कि सेवा भावना ही संस्थान का मूल उद्देश्य है और संस्था द्वारा अभी तक डेढ़ सौ रक्तदान शिविर लगाकर करीब दस हजार मरीजों को खून दिया जा चूका है। आरक्षी मो अहद के नेतृत्व में आधा दर्शन पुलिस जवानों ने रक्तदान किया तो वही ब्लड मैन के नाम से चर्चित आकाश गुप्ता के परिवार के, 6 लोगों ने एक साथ ब्लड डोनेट कर मानवता का मिसाल बनें। शिविर में रक्तदान करने वालों में अमित गुप्ता, अभिषेक सिंह, अनुपम कुमार, सुशील कुमार, राम कुमार, बंशी धर निषाद, अभिषेक कुमार, विनोद सिंह,प्रमोद कुमार,रजनीश सिंह,आदर्श मिश्रा,देवोश मिता बनर्जी, जय प्रकाश वर्मा सुधीर शर्मा,चंदन कसौधन,आकाश गुप्ता,प्रिंस सिंह,राकेश चौरसिया,अवधेश सिंह, सत्यपाल सिंह,रणजीत सिंह,अमित दूबे,राज कुमार उपाध्याय,शिवेंद्र पाल,डॉ अमित वर्मा,दिवाकर पाण्डेय,सत्य प्रकाश मोदनवाल,कामता प्रसाद गुप्ता,दीपिका गुप्ता,राम कुमार मौर्या,सूर्य प्रकाश गुप्ता,जगदम्बा प्रसाद गुप्ता व श्रवण गुप्ता शामिल रहें।समापन से पूर्व सभी रक्त दानियों को अंगवस्त्र,प्रमाण पत्र व मेमोंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# मरीजों के लिए एक बड़ी सौगात

*अवधनामा संवाददाता*




**अयोध्या।** मेदांता हॉस्पिटल ने अयोध्या व आसपास के जिलों के मरीजों को बड़ी राहत देते हुए एक नई पहल की शुरुआत की है। अब गंभीर और जटिल बीमारियों के इलाज के लिए मरीजों को लखनऊ या दिल्ली जैसे महानगरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। मेदांता की विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम अयोध्या में हर महीने नियमित रूप से ओपीडी सेवा प्रदान करेगी।इस पहल के अंतर्गत कार्डियोलॉजी, एंडोक्राइन सर्जरी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, पीडियाट्रिक कार्डियो, पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजी और न्यूरो सर्जरी जैसी विशेष चिकित्सकीय सेवाएं अयोध्या में ही उपलब्ध कराई जाएंगी। विशेषज्ञों की ओपीडी का शेड्यूल इस प्रकार रहेगा¬डॉ. अनिवाश सिंह (कार्डियोलॉजिस्ट)¬ हर महीने के दूसरे मंगलवार को - केयर व निर्मला हॉस्पिटल डॉ. रोमा प्रधान (एंडोक्राइन सर्जन): दूसरे शुक्रवार को - लोकप्रिय हॉस्पिटल,डॉ. अमित पाण्डेय (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट): दूसरे शनिवार को - चिरंजीवी व निर्मला हॉस्पिटल,डॉ. रोली श्रीवास्तव (पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट) एवं डॉ. ऋचा तिवारी (पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजिस्ट)¬ चौथे बुधवार को - कौशल चाइल्ड केयर हॉस्पिटल,डॉ. सुनील शुक्ला (न्यूरो सर्जन)¬ चौथे शुक्रवार को - निर्मला हॉस्पिटल डॉ. भरत सिंगल (जीआई ऑन्कोलॉजी व बैरियाट्रिक सर्जरी): पहले शुक्रवार को - राज राजेश्वरी हॉस्पिटल डॉ. अनिवाश सिंह हृदय रोगों के इंटरवेंशनल इलाज में माहिर हैं, जबकि डॉ. रोमा प्रधान हार्मोनल विकारों की जटिल सर्जरी में दक्ष हैं। डॉ. अमित पाण्डेय कीमोथेरेपी व इम्यूनोथेरेपी जैसे अत्याधुनिक तरीकों से कैंसर का इलाज करते हैं। बच्चों की दिल और न्यूरोलॉजी से जुड़ी बीमारियों के लिए डॉ. रोली और डॉ. ऋचा की सेवाएं बेहद अहम होंगी। वहीं, डॉ. सुनील ह्यशुक्ला और डॉ. भरत सिंगल ब्रेन, रीढ़ और पाचन तंत्र से जुड़े कैंसर व मोटापे के ऑपरेशन में विशेषज्ञ हैं।मेदांता हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. राकेश कपूर ने आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बताया, हमारी यह पहल अयोध्या के लोगों को अपने घर के पास ही विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे इलाज में देरी नहीं होगी और मरीजों को समय पर आवश्यक इलाज मिल सकेगा।÷इस अवसर पर आलोक श्रीवास्तव सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# नगर निगम की मिलीभगत से गरीब की पुश्तैनी संपत्ति पर कब्जा, फर्जी दस्तावेजों का खेल



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** एक ओर योगी सरकार जहां भ्रष्टाचार मुक्त शासन का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर अयोध्या नगर निगम के अफसरों की कार्यशैली सरकार की नीयत पर सवाल खड़े कर रही है। अमानीगंज वार्ड के बहादुरगंज मोहल्ले में एक गरीब परिवार की पुश्तैनी संपत्ति पर फर्जी दस्तावेजों के सहारे कब्जा कर लिया गया और वर्षों से न्याय की गुहार लगा रहे पीड़ित की आवाज को सिस्टम लगातार अनसुना कर रहा है। मामला भवन संख्या 4/11/32ए से जुड़ा है, जो पीड़ित राज कपूर गुप्ता के अनुसार उनके पिता स्व. रामनाथ गुप्ता की संपत्ति का हिस्सा था। राज कपूर का आरोप है कि उनके चाचा पन्ना लाल ने फर्जी बेचीनामा बनवाकर अपनी पत्नी जानकी देवी के नाम पर न केवल मकान दर्ज करवाया, बल्कि नया मकान नंबर भी निकलवा लिया। गायब फाइलें, सादे कागज़ पर कर निर्धारण और 2022 के स्टाम्प पेपर की चालबाज़ी पीड़ित के अनुसार जब उन्हें इस धोखाधड़ी की जानकारी हुई तो उन्होंने मुख्य कर निर्धारण अधिकारी को पत्र लिखकर नामांतरण प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की। लेकिन दो साल बीतने के बाद भी जवाब नहीं मिला। नगर निगम द्वारा यह कहकर मामला टाल दिया गया कि संबंधित पत्रावली ÷गायब÷ है। हैरान करने वाली बात यह है कि 2017 में एक अप्रमाणित सादे कागज़ पर कर निर्धारण कर दिया गया, जिसमें 2022 का स्टाम्प पेपर लगाया गया। जब इस पर आपत्ति उठी तो 2024 में एक नई फर्जी पत्रावली तैयार कर उसमें नया स्टाम्प चिपका दिया गया। अब जानकी देवी के नाम पर नगर निगम के रिकॉर्ड में मकान नंबर बदल दिया गया है और कर निर्धारण रजिस्टर में भी हेरफेर कर दी गई है। सीधे कर्मचारियों की मिलीभगत का आरोप, न्याय की मांग पीड़ित राज कपूर गुप्ता का स्पष्ट आरोप है कि नगर निगम के कुछ कर्मचारी इस फर्जीवाड़े में सीधे तौर पर शामिल हैं और उनकी मिलीभगत के बिना यह संभव ही नहीं। उन्होंने नगर आयुक्त से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, मूल पत्रावली को खोजा जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

## अयोध्या में पर्यटन विकास को मिली नई उड़ान, 92.46 करोड़ रुपये की 16 परियोजनाएं स्वीकृत : जयवीर सिंह

**अयोध्या।** अयोध्या को वैश्विक धार्मिक पर्यटन मानचित्र पर और अधिक मजबूती से स्थापित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। राज्य के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में अयोध्या के विभिन्न तीर्थ स्थलों के सौन्दर्यीकरण और अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिए 92.46 करोड़ रुपये की 16 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। सभी परियोजनाओं को तीर्थ विकास परिषद अयोध्या के प्रस्ताव पर मंजूरी दी गई है, जिनके कार्यान्वयन की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लिमिटेड को दी गई है। सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। जयवीर सिंह ने बताया कि इन परियोजनाओं में विकासखंड तारून के कम्हरिया बाबा मंदिर, राम की पैड़ी पर दर्शक दीर्घा व अन्य सुविधाएं, मखोड़ा भरतकुंड, श्रावण क्षेत्र, श्रृंगी ऋषि आश्रम, दशरथ समाधि स्थल और

## नया ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों को बिजली कटौती से मिलेगी निजात




**जैदपुर बाराबंकी।** जेई के नेतृत्व में तारों के बीच पेड़ों की कटाई कर रखा गया नया ट्रांसफार्मर लोगों के चेहरों पर दिखी खुशी की चमक। जानकारी के मुताबिक जैदपुर के जेई मिर्जा परवेज़ हुसैन व सहयोगी वकार मेहंदी सुरेंद्र फुरकान इरशाद सहित अन्य कर्मचारियों ने मंगलवार को 1 बजे कस्बे के कैनरा बैंक के पास मंगाताल पर रखे पूरे ट्रांसफार्मर को हटाकर आस पास लगे पेड की डाल को काटकर सफाई कर बहुत ही कम समय में सुचारू रूप से विद्युत सप्लाई को चालू कर दिये। जिससे तमाम लोग इस कार्य की सराहना करते नजर आये।इस संबंध में एसडीओ संदीप सिंह ने बताया कि लगातार हम लोग खराब ट्रांसफर व लाईंनों को दुरुस्त करने का काम कर रहे हैं। जबकि लोगों ने बताया कि चंद दिन पहले अंधी तूफान बारिश के चलते भी सप्लाई बधित होंने पर चंद घंटों में दुरुस्त करने का सराहनीय कार्य कर सप्लाई चालू करने में विभागीय लोगों ने काफी मेहनत की थी।

## बसपा नेता मुबाशिर का अधिवक्ता व समाजसेवियों ने किया जोरदार स्वागत



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** गरीबो के मसीहा कहे जाने वाले बसपा वरिष्ठ नेता मुबाशिर का स्टेशन रोड घोसियाना स्थित ए. एस. प्लाज़ा हॉट स्पॉट में अधिवक्ता मोहम्मद अब्बास ज़ैदी अपने सैकड़ो समर्थको के साथ जोरदार स्वागत किया। बताते चले कि बसपा नेता मुबाशिर आने 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गए है। मुबाशिर के चुनाव मैदान में आने से नवजवानों में खुशी देखी जा सकती है और उनके लिये अभी से ही जुट गए है। अपने स्वागत के दौरान मुबाशिर ने कहा कि आने वाला वक्त बहन मायावती जी का होगा हम लोगो की पूरी कोशिश रहेगी कि इस बार के चुनाव में भारी मतों से जीतकर बहन जी को मुख्यमंत्री बनाना है। बसपा नेता ने आगे कहा कि बसपा की सरकार बनते ही प्रदेश में खुशी का माहौल होगा। मोहम्मद अब्बास ज़ैदी ने कहा कि नवाबगज की जनता बदलाव चाहती है और ये तभी होगा जब जनता अपने घरों से निकलकर इस जुल्मी सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करें। श्री ज़ैदी ने आगे कहा कि मैं अधिवक्ता के साथ एक किसान का बेटा भी हूँ चुनाव के अभी दो साल बाकी है लेकिन तैयारियां अभी से ही करनी है। किसान नेता देवी सरन तिवारी ने भरोसा दिलाया कि किसान आपके साथ है और हमेशा साथ रहेगी। कैसरवा प्रधान प्रतिनिधि फ़िरोज़ हैदर ने कहा कि 15 सालों से विधानसभा क्षेत्र में विकास के नाम पर लूट मची हुई है।

# बच्चों को मादक पदार्थों को खरीदने, बेंचने के काम मे लगाएं: डॉ रामबहादुर

*अवधनामा संवाददाता*



**मसौली बाराबंकी।** नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ सोशल डिफेंस के तत्वाधान मे मंगलवार को वीणा सुधाकर ओझा महाविद्यालय, ज्योरी मसौली में एक युद्ध, नशे के विरूद्ध नशामुक्त अभियान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम विषयक जागरूकता की शपथ दिलाई गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ अवध भारती संस्थान के अध्यक्ष विधानसभा में अवधी अनुवादक डॉ रामबहादुर मिसिर ने कहा कि बच्चे नशा किसी और से नही बल्कि अपने बड़े बुजुर्गों से सीखते हैं, बड़ों को चाहिए कि बच्चों के समक्ष किसी प्रकार का नशा न करें, न ही बच्चों को मादक पदार्थों को खरीदने, बेंचने के काम मे लगाएं। अवध भारती संस्थान के अध्यक्ष राजबहादुर मिसिर ने कहा कि मेरे बचपन के समय बड़े बूढ़े बच्चों को असभ्य कहावतों को सुनाकर उन्हें खुद नशा सीखने के लिए प्रेरित करते थे, कोई भी किशोर बीड़ी सिगरेट तम्बाकू अपने आप से नही सीखता, उसे सिखाने का श्रेय बड़ों को ही जाता है, अब समय बदल गया है, इसे रोकना होगा। नारकोटिक्स सेल के प्रभारी अनूप कुमार शुक्ला ने ड्रग्स के कारोबार को नष्ट करने के बारे में विस्तार से बताया, उन्होंने कहा कि बाराबंकी ड्रग्स के कारोबार का हब बन चुका था उन्होंने बताया कि, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के सख्त कार्यवाही से दो वर्षों में 286 करोड़ का ड्रग्स पुलिस व नारकोटिक्स विभाग ने विधिक कार्यवाई करके नष्ट किया है। इससे जुड़ी सम्पत्तियों को कुर्क किया गया। जिला प्रशासन बाराबंकी को नशामुक्त करने के लिए दृढ़ संकल्पित है, और अभियान चलाया जा रहा है। कालेज के प्राचार्य डॉ राम सुरेश वर्मा ने कहा कि छात्र छात्राओं से अपील है कि वह नशे से दूर रहें और समाज को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। महाविद्यालय के निदेशक दिनेश कुमार सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दूध बेचने के लिए गली गली दरवाजे दरवाजे जाकर बेंचना पड़ता है, नशीले पदार्थों के बेंचने वालों को कहीं जाना नही पड़ता बल्कि उनके पास खरीदने वालों की भीड़ स्वयं जाती है, यह हमारे समाज की बिडम्बना है।

## प्रेमी के संग प्रेमिका फरार

**जैदपुर बाराबंकी।** घर से फोटो कापी कराने बताकर निकली लड़की हुयी फरार। माता ने बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने का लगाया आरोप पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बताते चलें थाना जैदपुर के एक गांव निवासी एक मां ने जैदपुर थाने में शिकायत करते हुये बताया कि दिनांक 12 मार्च की मेरी पुत्री फोटो कापी कराने के लिए समय करीब 3.00 दोपहर मोहल्ला अली अकबर कटरा गई थी। शाम तक घर वापस नहीं आई तो हम लोग काफी खोजे नहीं मिली।

बाद में हम लोगों ने पता लगाया कि तो पता चला की मेरी पुत्री को मुरलीगंज थाना जैदपुर का एक यूवक बहला फुसलाकर भगा ले गया है, मामले को संज्ञान में लेते हुवे जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## गौतम बुद्ध की भव्य मूर्ति का हुआ अनावरण



*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगंज।** चौक नगर पंचायत के वार्ड संख्या 4 सेनानी नगर में विधायक जय मंगल कन्नौजिया के द्वारा भगवान गौतम बुद्ध की भव्य मूर्ति का अनावरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण और बौद्ध भिक्षुओं के मंगलपाठ से हुआ, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। मूर्ति अनावरण के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण करने के उपरांत शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बुद्ध केवल एक धर्मगुरु नहीं बल्कि मानवता के मार्गदर्शक थे। इस अवसर पर संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीम राव आंबेडकर जी को नमन करते हुए विधायक ने कहा कि 70 वर्षों से समाज के शोषित वंचित वर्गों का उपयोग किया। आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी डॉ साहब के आदर्शों पर कार्य करते हुए समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए सतत् प्रयास कर रहे है। गरीबों को घर, बिजली, रसोई गैस, किसान सम्मान निधि के माध्यम से जीवन स्तर उठानेवका कार्य कर रहे है वहीं देश का मान बढ़ाते हुए विकास के नए आयाम तय कर रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर रोहित भारती, अशोक विश्वकर्मा, यंत्री मधेशिया, सभासद त्रिभुवन गुप्ता, छोटे जायसवाल, अनिल मधेशिया, मुद्रिका यादव,परशुराम जायसवाल सहित तमाम नगरवासी मौजूद रहे।

# बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के निर्माता व सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे : शीतल सिंह

**अवधनामा संवाददाता**




**सिद्धार्थनगर।** जिला एकीकरण समिति द्वारा बाबा साहब डा .भीमराव अंबेडकर जन्म दिवस समारोह का आयोजन डॉ भीमराव अंबेडकर सभागार में एक उत्सव के रूप में संपन्न हुआ। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती शीतल सिंह व कार्यक्रम अध्यक्ष जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर, विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, जिला विकास अधिकारी जीपी कुशवाहा, उपायुक्त मनरेगा संदीप सिंह समेत तमाम अधिकारी कर्मचारी व एस एस बी के जवानों ने डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण का नमन किया। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करती हुई श्रीमती शीतल सिंह ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के निर्माता व सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। उन्होंने भारतीय समाज में व्याप्त जाति प्रथा व सामाजिक असमानता को समाप्त कर अस्पृश्यता का निवारण किया। हम सभी को डॉ अंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा लेनी चाहिए। अध्यक्षीय संबोधन में डीएम डॉ राजा गणपति आर ने कहा कि बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर एक महान विचारक व समाज सुधारक थे।डॉ अम्बेडकर एक युग दृष्टा थे।उन्होंने सामाजिक असमानता व अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाई तथा स्वतंत्रता, समता व वन्धुत्व की नींव रखी। संविधान हम सभी को नैतिक व सामाजिक बोध कराती है। जिलाधिकारी ने अध्यक्ष जिला पंचायत तथा मुख्य विकास अधिकारी ने जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जिला विकास अधिकारी ने संविधान उद्देशिका स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। उक्त अवसर पर जिलाधिकारी ने लोकगीत गायक हरीराम यादव को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। अतिथियों का स्वागत व कार्यक्रम पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए विशिष्ट अतिथि सीडीओ जयेन्द्र कुमार ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के महान विचार व समतामूलक समाज की स्थापना में प्रमुख योगदान देने पर समाज उन्हें विशेष सम्मान देता है। कार्यक्रम को सीएमओ डॉ रजत कुमार चौरसिया समेत तमाम लोगों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सिद्धार्थ शंकर ने किया। कार्यक्रम में जीपी कुशवाहा जिला विकास अधिकारी, संदीप कुमार सिंह उपायुक्त मनरेगा, अरुण कांत सिंह क्षेत्राधिकारी सदर, एडवोकेट जयशंकर प्रसाद, डॉ विजय बहादुर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी, बीएसए शैलेश कुमार, प्रतिनिधि जिला विद्यालय निरीक्षक विभा चतुर्वेदी, उमाशंकर, रामनाध, समाजसेवी राणा प्रताप सिंह, नाजिर जयप्रकाश, मोहम्मद मोहसिन, जय गोविंद धर द्विवेदी समेत तमाम लोग व एस एस बी के जवान उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई गेहूं खरीद के सम्बन्ध में बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** गेहूँ खरीद के सम्बन्ध में जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं

**अनुपस्थित क्रय केन्द्र प्रभारियों का 1 दिन का वेतन रोकने का निर्देश**

अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव की उपस्थिति में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा समस्त गेहूँ क्रय केन्द्रों की समीक्षा की गयी।



समीक्षा के दौरान सभी क्रय केन्द्र द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति ठीक न पाये जाने पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। जिलाधिकारी ने एआर कोआपरेटिव प्रकाश बहादुर, जिला प्रबन्धक पीसीयू सुधांशू श्रीवास्तव पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। अनुपस्थित क्रय केन्द्र प्रभारियों का 1 दिन का वेतन रोकने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद को 45000 मी0टन गेहूँ खरीद का लक्ष्य शासन द्वारा निर्धारित किया गया है। जनपद में गेंहू खरीद 2025-26 हेतु 5 क्रय एजेंसियों के कुल 67 केन्द्र संचालित हैं, जिसमें खाद्य विभाग के 28, पीसीएफ के 25, पीसीयू के 10, भारतीय खाद्य निगम के 3 एवं मंडी समिति के 1 केन्द्र संचालित हैं। जिलाधिकारी ने सभी क्रय केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिया कि क्रय केन्द्र प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक खुलेगे। सभी क्रय केन्द्रो पर सभी आवश्यक उपकरण उपलब्ध होना चाहिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसानों से सम्पर्क कर उनका अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करायें। किसानों के साथ अच्छा व्यवहार करें। मोबाइल क्रय के माध्यम से किसानों से गेंहू की खरीददारी उनके खेत से भी करने का निर्देश दिया। क्रय केन्द्र पर पीने के लिए पानी, गुड़ व पर्याप्त छाया की व्यवस्था रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि उपजिलाधिकारी और नायब तहसीलदार क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया गया जिसमें कई क्रय केन्द्र बन्द मिले। जिलाधिकारी ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देश दिया कि प्रतिदिन का गेहूँ खरीद का जो लक्ष्य निर्धारित कर खरीददारी करे। 3 दिन में अपेक्षित खरीददारी ने करने वाले क्रय केन्द्र प्रभारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

इस अवसर पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी गोरखनाथ त्रिपाठी, एआरकोआपरेटिव प्रकाश बहादुर, जिला प्रबन्धक पीसीयू सुधांशू श्रीवास्तव, समस्त एडीओ, सचिव, क्रय केन्द्र प्रभारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बिना सुरक्षा किट के लाइनमैन को खंभे पर चढ़ाकर जोड़वाई जाती है बिजली

**अवधनामा संवाददाता**



**इटवा सिद्धार्थनगर।** लाइनमैनो को सुरक्षा किट न मिलने के कारण वह जान जोखिम में डालकर बिजली फाल्ट को ठीक करते है। वहीं फाल्ट ठीक करने के दौरान आये दिन करंट की चपेट में आने से लाइनमैनो की मौत होने या झुलसने की खबर आती है। बिजली विभाग आउट सोर्सिंग पर काम करने वाले लाइनमैनो के साथ किसी तरह की दुर्घटना होने पर हाथ खड़ा कर देता है। जिले के 120 फीडर पर तैनात है करीब 325 ठेका पर लाइनमैन जिले में 42 बिजली घर है। 120 फीडर है, जिस पर करीब तीन लाख 50 हजार उपभोक्ता है। इन उपभोक्ताओं के घर बिजली पंहुचे। इसके लिए 325 ठेका पर लाइन मैन रखे गए है। यही लाइन मैन दिन हो या रात जब भी फाल्ट की समस्या होती है तो फोन की घण्टी बजते ही लाइट ठीक करने पंहुच जाते हैं, लेकिन बिजली विभाग इनकी सुरक्षा का ध्यान नही रखती है और बिना सुरक्षा किट के ही फाल्ट को ठीक करने के लिए खंभो पर चढ़ा देती है, जिसका नतीजा होता है कि कभी-कभी फाल्ट ठीक करते समय ही लाइन मैन को करंट की चपेट में आने से उनकी मौत हो जाती है या घायल हो जाते है। पिछले वर्षो में करंट की चपेट में आने से लाइन मैन की मौत भी हो गयी है। जबकि कुछ घायल हुए है। लाइनमैनो के साथ कोई घटना हो जाती है तो बिजली विभाग भी हाथ खड़ा कर देता है। इस संबंध में कस्बा इटवा के एस0डी0ओ0 से पूछे जाने पर बोले कि जवाब देही हमारी नहीं है कहकर चले गए।

# बच्चों ने निकाली स्कूल चलो अभियान व संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर जागरूकता रैली

**अवधनामा संवाददाता**

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ ब्लाक अंतर्गत कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय चेतराशेख के बच्चों द्वारा मंगलवार को स्कूल चलो अभियान व संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। गांव में भ्रमण करते हुए लोगों से बच्चों का नामांकन स्कूल में कराने व बीमारी से बचने के लिए साफ-सफाई विशेष ध्यान रखने के प्रति जागरूक किया गया।रैली की तैयारी में विद्यालय में सुबह से ही दिखाई दी। हाथों में जागरूकता बैनर लिए बच्चे कतार में खड़े थे। ग्राम प्रधान किसमत अली ने रैली को हरी झंडी दिखाकर इसका शुभारंभ किया। पढ़ी लिखी लड़की, रोशनी घर की, घर-घर शिक्षा का दीप जलाएं, आओ स्कूलों में नामांकन कराएं आदि नारों के बीच रैली प्रमुख मार्गों पर भ्रमण करती रही। जगह-जगह ग्रामीणों को




शिक्षा व स्वच्छता के प्रति संदेश भी दिया गया। इ प्रधानाध्यापक अभय कुमार सिंह ने कहा कि स्कूल चलो अभियान चल रहा है, सभी लोग शिक्षा के महत्व को समझें और अपने बच्चों का नामांकन विद्यालयों में कराएं। संचारी रोग नियंत्रण के लिए सभी लोग सफाई पर ध्यान दें। गंदा पानी अथवा गंदगी एकत्रित न होने दें। स्वच्छ पानी पिएं और सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। यदि ग्रामीण ऐसा करते रहेंगे तो निश्चित ही बीमारी को फैलने से रोका जा सकता है। गांव में भ्रमण करने के बाद रैली वापस स्कूल मे आयी इस मौके पर इप्रधानाध्यापक अभय कुमार सिह, ओमप्रकाश, विनोद कुमार बघेल, राम अभिलाष सिंह, रामानंद पाण्डेय, सुनीता, रसोइया व बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

## अंबेडकर जयंती पर भाजपायों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**उरई (जालौन)।** संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती की के अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष सुबोध द्विवेदी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्थानीय रामजनकी मंदिर टरननगंज में समस्त कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों के साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यकम में प्रमुख रूप से हर्षित खन्ना मंत्री, राजेंद्र शाहू उपाध्यक्ष, संजय वर्मा, नकुल, मुन्ना चौधरी, रविन्द्र सिंह चौहान, अरविंद राठौर, संदीप शर्मा,ब्रह्मा यादव , पवन जाटव , बूथ अध्यक्ष शैलेश चौहान, मयंक श्रीवास, सचिन त्रिपाठी , प्रीतु जादौन, मनोज गुप्ता, संदीप शर्मा, ब्रह्मा यादव, हरगोविंद सिंह , मोहन शुक्ला , सुनील पटवा, राकेश यादव सभासद , हरीबाबू गुप्ता आदि सम्मानित सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

## लस्सी के नाम पर पी रहे मीठा ज़हर दुकानदार कर रहे मानको की अनदेखी ज़िम्मेदार बेखबर

**बसखारी अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** बसखरी बाज़ार में लस्सी के नाम पर कहीं आप मीठा जहर तो नहीं गटक रहे इस समय इसकी बिक्री खूब हो रही है। चौराहे पर इसकी दुकान है। लेकिन दुकानदार मानकों का पालन नहीं करते हैं। भीषण गर्मी के प्रकोप व चिलचिलाती धूप के तपन से निजात पाने के लिए हर व्यक्ति विभिन्न प्रकार के जतन करता दिखाई दे रहा है। तापमान का पारा तेजी से बढ़ रहा है, जिसके कारण पेय पदार्थ व बोतलबंद पानी की मांग बढ़ने लगी है। इसमें पेय पदार्थ को अधिक महत्व दिया जाता है। गर्मी के मौसम में बस स्टैंड, चौक, बाजार बस, टेंपो स्टैंड और शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर पेय पदार्थों की कई दुकानें खुली हैं। भीषण गर्मी व चिलचिलाती धूप के कारण ग्राहकों में बढ़ोतरी हुई है। लोग प्यास बुझाने के लिये पेय पदार्थों के दुकानों पर खरीदारों की भीड़ देखी जा रहीहै। इन स्थानों पर बसखारी, किछौछा, समेत बाजारों में गन्ना रस, दही, मट्ठा व लस्सी, कुल्फी, रंग बिरंगे आइसक्रीम, खीरा, तरबूज, ककडी सहित निम्न स्तर के सोडा वाटर, मिनरल वाटर के नाम स्तर के बोतलबंद पानी का बिक्री हो रहा है। पदार्थो के मिश्रण से बनी पेय के रूप में अप स्तर के जूस के दुकानों पर लोगों को बीमारिया परोसा जा रहा है बसखारी में लस्सी के नाम पर बिक रहा जहर, जितना लीटर दूध नही आता उससे कई गुना लीटर लस्सी बिक रही है केमिकल वाली लस्सी बसखारी में, खाद्य एवं रसद विभाग खामोश जिम्मेदार अधिकारी बेखबर।



# अम्बेडकर जयंती पर जनपद में उमड़ा सैलाब डीएम ने बाबा साहब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**अवधनामा संवाददाता**

**अंबेडकरनगर।** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। शहर से लेकर गांवों तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जगह-जगह शोभायात्राएं निकलीं। लोगों ने अंबेडकर प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। डीएम अविनाश सिंह ने अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।कलेक्ट्रेट के पास स्थित अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर नारायण फाउंडेशन ने विशाल भंडारे का आयोजन किया। सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। फाउंडेशन के संरक्षक विवेक मौर्य ने बताया कि बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। वक्ताओं ने सामाजिक समरसता और संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर के योगदान पर



चर्चा की। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने समाज में समानता और बंधुत्व की भावना को मजबूत किया। नारायण फाउंडेशन के स्वयंसेवकों ने व्यवस्था संभाली। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम स्थानीय लोगों ने आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। पूरे जिले में अंबेडकर जयंती पर उत्सव का माहौल रहा।

## गूंगी बाहरी किशोरी के साथ दरिंदों ने किया दुष्कर्म

**गोरखपुर।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के एक 15 वर्षीय गूंगी बाहरी किशोरी को गांव का दरिंदे ने बाइक पर बैठा कर ले गया। और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने घटना की जानकारी परिजन को दी परिजन उसे लेकर सोनबरसा चौकी पर पहुंचे तो पुलिस मामले का लीपापोती करते हुए मैनेज कराने में जुट गई। वहीं पीड़ित कारवाई को लेकर चक्कर लगाता रहा। मिली जानकारी से हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय गूंगी बाहरी किशोरी 12 अप्रैल को शाम 7.30 बजे बरामदे सो रही थी। उसी दौरान गांव का एक युवक बाइक लेकर आया और उसे बाइक पर बैठा लिया। और गांव के बाहर ले जाकर दुष्कर्म किया। किशोरी शोर मचाते हुए घर पहुंची और घटना के बारे में परिजन को बताई।

## भारतरत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा



**सोहास बाजार सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सदर विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत गनेरा के देऊरा जंगल से भारतरत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा की अगुवाई सबलू गौतम, प्रमोद गौतम, भोला गौतम, माधव गौतम ने किया। शोभायात्रा गनेरा, बरौंहिया, महादेवा बुजुर्ग के महदेवा बाजार, भैसहवा, देउरा जंगल, गनेरा, सोहास, ऊँचाहरिया से वापस मोहाना चौराहों से होते हुए डफालीपुर तक निकली गई।वापस आकर देऊरा जंगल में सम्पन्न हुआ। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। यात्रा में ग्राम पंचायत गनेरा प्रधान पद के प्रत्याशी प्रभुनाथ यादव ने कहा कि बाबा साहब का कहना था कि शिक्षित बनो संघर्ष करो।जिससे सभी को न्याय मिल रहा है। बाबा साहब ने सभी जन मानस को शिक्षा पर विशेष जोर देने की बात कही। उक्त यात्रा में श्यामाचरण, अर्जुन बौद्ध, रंजीत, राम अचल गौतम, अभिषेक डिवाइन, मनोज, योगेंद्र भारती, बबलू राम, बेलास, उपेंद्र यादव, निशांत पांडेय, भूखल यादव, जगराम गौतम, सुधीर पांडेय, सबलू, रवीश, परमेश्वर, दीपचंद, रवि जाटव, जितेंद्र सहित तमाम लोग शामिल रहे।

## भेड़िये के दहशत से गाँव में पसरा है सन्नाटा वन विभाग ने लगाया पिंजरा ड्रोन से जारी है निगरानी

**अम्बेडकरनगर।** जनपद के इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र में जंगली जानवर ने दहशत फैला दी है। जियापुर गांव में शनिवार रात एक जंगली जानवर ने चार बकरियों को मार डाला। यह गांव सरयू नदी से करीब तीन किलोमीटर दूर स्थित है।घटना नरजीत कुमार के घर की है। रात में उनकी चार बकरियां घर के बाहर बंधी थीं। सुबह जब वे उठे तो बकरियां गायब थीं। खोजबीन के दौरान पास के बाग में बकरियों के क्षत-विक्षत शव मिले। जंगली जानवर बकरियों के अधिकांश अंग खा चुका था।सूचना मिलते ही पहले पुलिस और फिर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। डिप्टी डीएफओ मुदित सिंह के नेतृत्व में टीम ने पगचिह्नों की जांच की और क्षेत्र में कांबिंग की। टीम के अनुसार हमलावर जानवर कुत्ते जैसा प्रतीत हो रहा है।वन विभाग ने गांव में एहतियातन पिंजरा लगा दिया है और टीम ने वहां डेरा डाल दिया है। एक विशेष दल रात भर ड्रोन कैमरे से निगरानी करेगा। गांव के एक किलोमीटर के दायरे तक की निगरानी की जाएगी।जंगली जानवर के खतरे को देखते हुए ग्रामीणों ने बच्चों को घर से बाहर निकलने से रोक दिया है। खेतों की ओर आवाजाही भी कम हो गई है। छोटे मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर रखा जा रहा है। ग्रामीण रात भर जागकर निगरानी कर रहे हैं।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक संपन्न हुई

**अवधनामा संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अआभियान की समीक्षा हेतु अंतर्विभागीय जनपद स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सी0एम0ओ0 द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के कुल 170 क्षेत्रों में फॉगिंग होनी है, जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि हाई रिस्क क्षेत्रों में तत्काल फॉगिंग कराएं, जिला मलेरिया अधिकारी को कार्य मे शिथिलता बरतने पर नोटिस जारी करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गये,जिलाधिकारी द्वारा स्वास्थ्य विभाग व पंचायतीराज विभाग में कार्यो में बरती जा रही लापरवाही पर नाराजगी जताई व कहा कि जनपद में इन विभागों की स्थिति सबसे खराब है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद में कोई भी हैंडपंप खराब न रहे, जगह-जगह प्याऊ की व्यवस्था की जाये, एक्शन प्लान का 100 प्रतिशत कार्य समय से पूरा किया जाये।

जनपद में दस्तक अभियान में लिलीगंज व नवाबगंज की स्थिति सबसे खराब है, हाउस होल्ड सर्वे नवाबगंज में 36 प्रतिशत व मोहम्दाबाद में 50 प्रतिशत है,गाँवो में नालियों की सफाई की प्रगति धीमी है ,इस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई गई व सी0 डी0पी0ओ0 को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये व कहा कि सभी लोग प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करे,इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा सभी को संविधान की प्रस्तावना की शपथ भी दिलाई गई।

## साल भर में ही टूटने लगी सीसी रोड

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सड़कों के निर्माण में जमकर मनमानी की जा रही है मानक की अनदेखी पर शासन प्रशासन का भी ध्यान नहीं है जिससे सड़क बनने के बाद ही टूट जा रही है बस्ती बढ़नी मार्ग से हल्लौर गांव को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क इसकी बानगी है बनने के लगभग साल भर बाद ही सड़क जगह जगह से फट गई है इससे पहले भी सड़क निर्माण में खामियां थीं जिसके कारण सड़क काफी जर्जर हो गई थी क्षेत्रीय लोगों के काफी जद्दोजहद के बाद नवीनीकरण की मंजूरी मिली कार्य पी डब्ल्यू डी विभाग की देख रेख में हुआ जिम्मा ठेकेदार अजय श्रीवास्तव ने लिया और सी सी रोड का निर्माण बहुत तेजी से किया गया। बनने के तीन महीने बाद ही भटगंवा मंदिर के सामने सीसी रोड फट गयी जिसे ग्रामीणो ने अपने आप रिपेयर की। अब नौ महीने बाद मस्जिद के सामने सीसी रोड फट गयी और भी कई जगहों पर रोड का यही हाल है रोड को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष है ग्रामीणों का कहना है कि अब हम सबको सीधे जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर से शिकायत करनी पड़ेगी।



## उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मचारियों का देश के बीस राष्ट्रीय महासंघों ने किया समर्थन

**गोरखपुर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के गोरखपुर संयोजक पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया कि दिल्ली में हुए सम्मेलन में आज अलग अलग उद्योगों के बीस राष्ट्रीय महासंघों ने उत्तर प्रदेश में चल रही बिजली के निजीकरण की प्रक्रिया निरस्त करने का प्रस्ताव पारित कर चेतावनी दी है कि निजीकरण के विरोध में आंदोलनरत उप्र के बिजली कर्मियों का उत्पीड़न किया गया तो देश भर के करोड़ों कर्मचारी आंदोलन करने को बाध्य होंगे। सम्मेलन आल इंडिया फेडरेशन अगेंस्ट प्राइवेटाइजेशन के तत्वावधान में कांस्टीट्यूशन क्लब में हुआ। सम्मेलन में उपस्थित बीस राष्ट्रीय श्रम संघों की सूची संलग्न है। मुख्यतया आल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन, ऑल इंडिया कंफेडरेशन ऑफ बैंक ऑफिसर्स , संचार निगम कर्मचारी महासंघ, आल इंडिया इंश्योरेंस इम्प्लाइज फेडरेशन, एटक, इंटक और अन्य फेडरेशन के शीर्ष पदाधिकारियों ने उप्र में बिजली के निजीकरण का विरोध किया और उप्र के बिजली कर्मियों को पुरजोर समर्थन दिया।

# मेडिकल कालेज में तैनात आर्थो चिकित्सक डॉ विवेक ने किशोर के जटिल घुटने की बिना चीरे के किया सफल इलाज

**दानिश मेहदी**

**अंबेडकरनगर।** अंबेडकर नगर के महामाया राजकीय मेडिकल कॉलेज ने चिकित्सा जगत में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, जहां वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ विवेक श्रीवास्तव ने महज 16 वर्षीय किशोर मनेश तिवारी के दाहिने घुटने की पूरी तरह से क्षतिग्रस्त एसीएल को टिबिया हड्डी से अलग होने के बावजूद अत्याधुनिक तकनीक के ज़रिए सफलतापूर्वक जोड़कर न सिर्फ एक जीवन बचाया, बल्कि पूरे क्षेत्र में चिकित्सा का नया मानक स्थापित किया। आमतौर पर यह गंभीर स्थिति अधेड़ उम्र के लोगों में देखने को मिलती है, लेकिन किशोर अवस्था में जब हड्डियों की ग्रोथ प्लेट अभी पूरी तरह परिपक्व नहीं होती, तब ऐसी जटिल सर्जरी करना किसी चुनौती से कम नहीं होता, जिसे डॉ विवेक ने बिना किसी चीरे और बिना टांका लगाए आर्थ्रोस्कोपिक (दूरबीन/





**डॉ विवेक ने बिना किसी चीरे और बिना टांका लगाए आर्थ्रोस्कोपिक (दूरबीन/ लेजर) तकनीक से महज कुछ घंटों में सफलतापूर्वक अंजाम दिया**

लेजर) तकनीक से महज कुछ घंटों में सफलतापूर्वक अंजाम दिया। 11 अप्रैल 2025 को हुई इस बेमिसाल सर्जरी में मरीज को न केवल तीव्र राहत मिली, बल्कि उसकी रिकवरी भी रिकॉर्ड समय में संभव हो सकी। इस सफल सर्जरी को अंजाम देने वाली विशेषज्ञ टीम में डॉ व्युत्पन्न मिश्रा, ओटी सहयोगी अंकुर, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ मीनाली और डॉ सुदीप मौर्य शामिल रहे, जिन्होंने डॉ विवेक के मार्गदर्शन में उत्कृष्ट समन्वय और टीमवर्क का प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि महामाया मेडिकल कॉलेज में एसीएल सर्जरी की नींव भी डॉ विवेक ने ही रखी थी और आज उन्हीं के नेतृत्व में यह सुविधा जिलेभर के मरीजों के लिए उम्मीद की एक मजबूत किरण बन चुकी है। स्थानीय जनता, चिकित्सा जगत और विशेषज्ञों से मिल रही जबरदस्त सराहना यह दर्शाती है कि अब अंबेडकर नगर जैसे जिलों में भी अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाएं न सिर्फ उपलब्ध हैं, बल्कि महानगरों को टक्कर देने में पूरी तरह सक्षम हैं।

## अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी ने अम्बेडकर जयंती पर ड्यूटी पर तैनात जवानों को किया सम्बोधित




**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पाण्डेय द्वारा टाण्डा तहसील सभागार कक्ष मे पुलिस के जवानों को संबोधित करते हुए बताया कि भीमराव अंबेडकर जयंती पर कानून व्यवस्था बनाए रखना और जनपद में अपराध नियंत्रण करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी जवानों को विशेष सतर्कता बरतने और ड्यूटी के दौरान पूरी ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पहले से ही उचित प्रबंध कर लिए गए हैं और सभी को अपने-अपने कर्तव्यों का निर्वाह करना चाहिए।अंबेडकर जयंती के अवसर पर निकलने वाले जुलूस ड्यूटी मे लगे अधिकारी/कर्मचारीगणों को जुलूस को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु ब्रीफ कर दिए गए। इस दौरान उप जिलाधिकारी टांडा, डॉक्टर शशि शेखर,क्षेत्राधिकारी टांडा शुभम सिंह, प्रभारी निरीक्षक टांडा दीपक सिंह रघुवंशी व अलीगंज भूपेंद्र सिंह, मौजूद रहे।

## युवक ने फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त की

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** 39 वर्षीय युवक बंद कमरे में फांसी लगा लिया जिससे उसकी मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस में शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है ।प्रकरण जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के नगपुर मुस्तफाबाद गांव का है। सोमवार की रात उक्त गांव निवासी रजनीकांत साहू पुत्र राम उजागिर घर के कार्य आदि को निपटा कर बंद कमरे में फांसी लगा लिया जब काफी देर तक यह कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनो द्वारा पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को उतारा और पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया फिलहाल किस कारण से मृतक ने फांसी लगाई यह कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।

## घरेलू सिलेंडर मे लगी आग पुलिस ने जलता सिलेंडर फेंका खेत मे

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** घरेलू सिलेंडर में लगी आग मौके पर पहुंची पुलिस ने जल रहें सिलेंडर को खेत में फेंका। जलालपुर के सुरहूपुर रोड निवासी अरुण यादव ने बताया कि मंगलवार को गोदाम से घरेलू सिलेंडर लेकर आया और लगाने के बाद दूध खोलने के दौरान सिलेंडर के पाइप में आग लग गई। मैंने तुरंत पुलिस को सूचना दिया।

## कलम से भारत का सपना

जिस देश में अग्रेजों की गुलामी से मुक्त होने के लिये भारतीयों की लड़ाई जब रही थी उस समय डा. अम्बेडकर भारत में हाशिये पर पड़े अछूतो के लिये मानवता आधारित भारत की आजादी की लड़ाई के साथ लड़ रहे थे। अम्बेडकर को स्कूल में पानी पीने से लेकर डिग्रियां और नौकरियां प्राप्त करने में कदम कदम पर भेदभाव का शिकार होना पड़ा। उनकी भावनाओं को वही समझ सकता है जो सारी योग्यता रखते है इस प्रकार के भेदभाव का सामना किया है। 12 मार्च 1927 को बाम्बे जिसलेटिव कौन्सिल के सामने सरकारी अनुदान पढ़ाई में बढ़ाने के लिये वकालत की। उनका मानना था शिक्षा से ही सारी कुरीतियां भेदभाव दूर होगे। मानव हृदय में न्याय और बराबरी पाने के इच्छा उत्पन्न होगी और शिक्षा से ही प्राप्त होगी।

अम्बेडकर 1930 में अपने अखबार बाहिष्कृत भारत में लिखते है आपको आजादी चाहिये तो पहले शिक्षा प्राप्त की जिये। सभी ने देखा ज्यो-ज्यो शिक्षा का प्रसार होता गया। देश की आजादी पाने की लालसा प्रबल होती गयी और आजादी प्राप्त हुई। उसी तरह शिक्षा के प्रसार के साथ साथ कुरीतियां अपने आप दूर होती गयी बची खुची कमजोर होती गई। डा. अम्बेडकर कहते थे तक गरीबों को मुफ्त शिक्षा नही मिलेगी, तब तक शिक्षा विशेषाधिकार बनी रहेगी। स्कूलो का यूनीफार्म, फीस, किताबों की लागत सार्वजनिक मुफ्ते शिक्षा की राह में सबसे बड़ी बाधा है।

अम्बेडकर कहते थे आदमी जन्म से नही कर्मो से महान बनता है। वर्तमान सरकार वंचित के पक्ष के लिये बहुत से सुधार कर रही है, शिक्षा मुफ्त कर रही है, वचित को पढ़ने तथा रोजगार के लिये आसान वित्तीय कर्ज भी दे रही है। हालात सुधर रहे है पर रफ्तार बहुत धीमी है। रह रहकर धार्मिक भेदभाव जातिगत भेदभाव, साम्प्रदायिक भेदभाव के दंगे हो जाते है, सम्पत्तियों को जला दिये जाते है। अम्बेडकर के लिये सिर्फ साक्षर होना कोई उपलब्धि नहीं है बल्कि पूरी शिक्षा प्राप्त करना तथा होना चाहिये। आजकल प्रोफ्शनेल पढ़ाई कितनी मंहगी है सभी जानते ह। कम पढ़े और पढ़े लोगो के बलपर विश्वगुरू होने का सपना कभी पूरा नहीं हो सकता। वंचित समाज को उच्चशिक्षा संस्थानों में प्रवेश मिल भी जाता है तो अपनी भेदभाव की वजह से 90 प्रतिशत वंचित समाज के लोग ड्राप आउट, डिप्रेशन और आत्महत्या के शिकार हो रहे है। कुलपतियों से प्रोफ्सरों तक में बहुसंख्यक वंचितजनों की संख्या बहुत कम है। फीस मंहगी होती जा रही है फेलोशिय अनीयमित और बेअसर होती जा रही है। सरकारी अनुदान और मदद अनियमित और हो गये है, बहुत देर से पहुंचे वे है कभी कभी दुसरा वित्त वर्ष आ जाता है। अम्बेडकर ने शिक्षा को राज्यों का प्रमुख कर्तव्य बनाया कहा वह सबके लिये समान शिक्षा की व्यवस्था करें। अम्बेडकर ने संविधान का अनुच्छेद 45 शिक्षा के सम्बन्ध में ही बनाया है। इसी का नतीजा है सर्व शिक्षा अभियान, पढेगा इन्डिया आगे बढ़ेगा, इन्डिया आदि अभियान, पढ़ेगा इन्डिया आगे बढ़ेगा इन्डिया आदि अमियान चल रहे है। इनका असर भी हो रहा है यद्यपि रफ्तार बहुत धीमी है। पर नही से बेहतर है जो है। अम्बेडकर का सबसे बड़ा योगदान भारतीय संविधान है जिसकी प्रशंसा विदेशी राष्ट्र खुले दिलो से करते है। अमेरिका भारत का सबसे करीबी लोकतान्त्रिक देश है। दोनो एक दूसरे को इसीलिये विशेष त्वजो देते है। आज देश में अम्बेडकर की जन्मशती मनाई जा रही है, श्रद्धाजलियां दी जा रही है। मायावती सबसे मुखर है हांलाकि अम्बेडकर के आदर्शो पर बनी पार्टी को उन्होंने निरंकुशता की वजह से देश की राजनीति से बाहर कर दिया है। फ्रि से वह संगठन मजबूत बनाने में लगी है। अगर पार्टीयों ठीक से अपनी निरंकुशता छोड़ कर संगठित कर पाती है तो बाबा साहब के प्रति यह सच्ची श्रद्धान्जली होगी।

## वक्फ अधिनियम की धारा 3 (आर) का समर्थन : धार्मिक सिद्धांतों और सामाजिक न्याय की दिशा में एक कदम

इंशा वारिसी

हाल ही में पारित वक्फ संशोधन अधिनियम में शामिल धारा 3 (आर) को लेकर कुछ हलकों में बहस छिड़ी हुई है। यह धारा वक्फ के रूप में किसी संपत्ति की घोषणा से पहले यह अनिवार्य करती है कि व्यक्ति कम से कम पांच वर्षों से इस्लाम का पालन कर रहा हो और ऐसी संपत्ति के समर्पण में कोई कपटपूर्ण इरादा न हो। हमारा मानना है कि यह संशोधन न केवल धार्मिक सिद्धांतों के अनुरूप है बल्कि सामाजिक न्याय और पारिवारिक अधिकारों की रक्षा की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि वर्ष 2013 में वक्फ अधिनियम में संशोधन करते हुए 'इस्लाम का पालन करने वाला व्यक्ति' वाक्यांश को बदलकर 'कोई भी व्यक्ति' कर दिया गया था। वर्तमान संशोधन वास्तव में पिछली स्थिति को बहाल करता है। इस्लामी सिद्धांतों के अनुसार, केवल मुस्लिम ही, जो किसी संपत्ति के कानूनी मालिक हैं, उसे वक्फ के रूप में समर्पित करने के लिए सक्षम हैं। किसी अन्य धर्म के व्यक्ति द्वारा वक्फ बनाना इस्लामी कानून के मूल सिद्धांतों के विपरीत है। इसलिए, धारा 3 (आर) इस विसंगति को दूर करती है और यह सुनिश्चित करती है कि वक्फ केवल उन लोगों द्वारा बनाया जाए जो इस्लामी आस्था का पालन करते हैं और संपत्ति के वास्तविक हकदार हैं।

इसके अतिरिक्त, यह संशोधन वक्फ-अलल-औलाद (परिवार के लिए वक्फ) के दुरुपयोग को रोकने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पहले, कुछ लोग पारिवारिक जिम्मेदारियों और संपत्ति में महिलाओं और बच्चों के अधिकारों को नजरअंदाज करते हुए अपनी संपत्ति को वक्फ घोषित कर देते थे। धारा 3 (आर) यह सुनिश्चित करती है कि




कोई भी व्यक्ति इस तरह से वक्फ की घोषणा करके अपनी पारिवारिक देनदारियों से बच नहीं सकता। पांच साल की अवधि यह सुनिश्चित करती है कि समर्पण वास्तविक धार्मिक आस्था और नेक इरादे से किया जा रहा है, न कि केवल कानूनी दांवपेच के तौर पर।

इस संशोधन का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह वाकिफ (वक्फ बनाने वाला) को यह विकल्प देता है कि यदि वह चाहे तो अपने द्वारा दान किए गए वक्फ-अलल-औलाद का उपयोग विधवाओं, तलाकशुदा महिलाओं और अनाथों के कल्याण के लिए कर सकता है। यह प्रावधान वक्फ की अवधारणा को और अधिक समावेशी और सामाजिक रूप से जिम्मेदार बनाता है। यह उन जरूरतमंदों की मदद करने का एक मार्ग प्रशस्त करता है जो अक्सर समाज में हाशिए पर धकेल दिए जाते हैं।

संक्षेप में, वक्फ संशोधन अधिनियम की धारा 3 (आर) धार्मिक सिद्धांतों के अनुरूप एक आवश्यक सुधार है। यह न केवल वक्फ की पवित्रता को बनाए रखता है बल्कि पारिवारिक अधिकारों की रक्षा करता है और वक्फ-अलल-औलाद के संभावित दुरुपयोग को रोकता है। इसके अतिरिक्त, यह वाकिफ को अपने दान को सामाजिक कल्याण के लिए उपयोग करने का विकल्प प्रदान करके वक्फ की भावना को और अधिक व्यापक बनाता है। हमें विश्वास है कि यह संशोधन वक्फ संस्थानों को और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और समाज के सभी वर्गों के लिए फायदेमंद बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**वेव्स बाज़ार वैश्विक मनोरंजन इकोसिस्टम में पेशेवरों, व्यवसायों और रचनाकारों को जोड़ने के लिए तैयार किया गया एक क्रांतिकारी ऑनलाइन बाज़ार बनने का प्रयास है। सहजता से और मिलजुलकर काम करने को बढ़ावा देने के अपने मिशन के साथ, वेव्स बाज़ार मीडिया और मनोरंजन उद्योग के लिए अंतिम व्यावसायिक केन्द्र के रूप में काम करने का प्रयास करता है, जिससे पेशेवरों को अपनी पहुँच का विस्तार करने, नए अवसरों की खोज करने और उच्च-मूल्य वाली साझेदारियों में शामिल होने में मदद मिलती है।**

# वेव्स बाज़ार: वैश्विक मंच पर भारत का निर्णायक लगान क्षण

भारत मनोरंजन और मीडिया उद्योग में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, यह तेजी से बढ़ रहा है और लगातार विकसित हो रहे परिदृश्य में फल-फूल रहा है। हम इंटरनेट कनेक्शन पर ऑडियो और वीडियो फ़ाइलों को निरंतर प्रसारित करने की सेवाओं, क्षेत्रीय भाषा निर्माणों और



आमिर खान

तकनीक-प्रेमी दर्शकों के उदय से प्रेरित विविध प्लेटफार्मों पर सामग्री निर्माण में उछाल देख रहे हैं, जो ताजा, आकर्षक और समावेशी कथाओं की मांग करते हैं। यह समझना महत्वपूर्ण है कि इस क्षेत्र में भारत के लिए अपार संभावनाएं हैं, न केवल मनोरंजन के स्रोत के रूप में बल्कि सांस्कृतिक अभिव्यक्ति, आर्थिक विकास और वैश्विक प्रभाव के लिए एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में। विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन, जिसे संक्षिप्त शब्द वेव्स के नाम से जाना जाता है, 1 से 4 मई, 2025 तक मुंबई, महाराष्ट्र में भारत सरकार द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जो भारत के बढ़ते सम्मान और उसकी बढ़ती पहचान का गवाह होगा और वेव्स बाज़ार इस आयोजन का एक प्रमुख भाग है। उद्योग में दशकों बिताने वाले व्यक्ति के रूप में, मेरा मानना है कि कहानी सुनाने में एकजुट होने, प्रेरित करने और बदलने की ताकत है। वेव्स और वेव्स बाज़ार के साथ, हम वैश्विक मनोरंजन समुदाय के लिए अधिक सहयोगी और समावेशी भविष्य बनाने की दिशा में एक साहसिक कदम उठा रहे हैं।

वेव्स बाज़ार वैश्विक मनोरंजन इकोसिस्टम में पेशेवरों, व्यवसायों और रचनाकारों को जोड़ने के लिए तैयार किया गया एक क्रांतिकारी ऑनलाइन बाज़ार बनने का प्रयास है। सहजता से और मिलजुलकर काम करने को बढ़ावा देने के अपने मिशन के साथ, वेव्स बाज़ार मीडिया और मनोरंजन उद्योग के लिए अंतिम व्यावसायिक केन्द्र के रूप में काम करने का प्रयास करता है, जिससे पेशेवरों को अपनी पहुँच का विस्तार करने, नए अवसरों की खोज करने और उच्च-मूल्य वाली साझेदारियों में शामिल होने में मदद मिलती है। 27 जनवरी को केन्द्रीय सूचना और प्रसारण, रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा आधिकारिक रूप से शुरू किया गया, वेव्स बाज़ार मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में वेव्स शिखर सम्मेलन को एक प्रमुख कार्यक्रम में बदलने के माननीय प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने में एक महत्वपूर्ण साधन है, जो वित्त और अर्थव्यवस्था क्षेत्रों के लिए दावोस शिखर सम्मेलन जैसा है।

मेरा मानना है कि शुरूआत के बाद से, एमऔरई सेक्टर के विभिन्न क्षेत्रों से 5500 खरीदार, 2000 से ज़्यादा विक्रेता और लगभग 1000 प्रोजेक्ट पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं। लंबे समय में, पोर्टल को एमऔरई उद्योग के लिए एक व्यापक कंटेंट मार्केटप्लेस और नेटवर्किंग हब




के रूप में विकसित होने की उम्मीद है, जिसमें एआई-संचालित प्रोफाइलिंग और मैचमेकिंग टूल शामिल हैं। यह प्लेटफ़ॉर्म के भीतर ऑनलाइन पिचिंग सेशन, वर्चुअल बी2बी मीटिंग, वेबिनार और बहुत कुछ की मेजबानी करेगा।

वेव्स बाज़ार एक अनूठा ई-मार्केटप्लेस है जो मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के हितधारकों को एक साथ लाता है - जिसमें फ़िल्म, टेलीविज़न, एनीमेशन, गेमिंग, विज्ञापन, एक्सआर, संगीत, साउंड डिज़ाइन, रेडियो और बहुत कुछ शामिल है। यह प्लेटफ़ॉर्म खरीदारों और विक्रेताओं के बीच एक पुल के रूप में कार्य करेगा, यह सुनिश्चित करते हुए कि उद्योग के पेशेवर आसानी से अपनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन कर सकें, संभावित ग्राहकों से जुड़ सकें और सार्थक सहयोग प्राप्त कर सकें। चाहे आप एक फिल्म निर्माता हों जो एक प्रोडक्शन पार्टनर की तलाश कर रहे हों, एक विज्ञापनदाता जो सही मंच की तलाश कर रहे हों, एक गेम डेवलपर जो निवेशकों की तलाश कर रहे हों, या एक कलाकार जो अपने काम को वैश्विक दर्शकों के सामने प्रदर्शित करना चाहते हों, वेव्स बाज़ार उद्योग के पेशेवरों को नेटवर्क, सहयोग और अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए एक गतिशील स्थान प्रदान करने की आशा करता है।

वेव्स बाज़ार एक एकीकृत बी2बी बाज़ार है जो वैश्विक मनोरंजन उद्योग के जुड़ने, सहयोग करने और बढ़ने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला रहा है। फिल्म, टेलीविजन, संगीत, गेमिंग, एनीमेशन, विज्ञापन और एक्सआर, एआर और वीआर जैसी इमर्सिव तकनीक के पेशेवरों को एक साथ लाकर, यह प्लेटफ़ॉर्म विविध रचनात्मक क्षेत्रों में लिस्टिंग, खोज और लेन-देन के लिए एक व्यापक स्थान प्रदान करता है। चाहे आप वितरण चाहने वाले निर्माता हों, नए आईपी की तलाश करने वाले गेम डेवलपर हों या लाइसेंसिंग अवसरों की तलाश करने वाले साउंड डिज़ाइनर हों, वेव्स बाज़ार श्रेणी-विशिष्ट लिस्टिंग, सुरक्षित व्यूइंग रूम और क्यूरेटेड नेटवर्किंग सुविधाओं के साथ पूरी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करता है।

निर्बाध व्यावसायिक संपर्कों के लिए डिज़ाइन किया गया, वेव्स बाज़ार विक्रेताओं और खरीदारों दोनों को भौगोलिक सीमाओं के बिना सही साझेदार और अवसर खोजने में सक्षम बनाता है। विक्रेता - फ़िल्म स्टूडियो और एनीमेशन हाउस से लेकर पॉडकास्ट क्रिएटर और मार्केटिंग एजेंसियों तक - निवेशकों, वितरकों और सहयोगियों के वैश्विक दर्शकों के सामने अपनी सेवाएँ और सामग्री प्रदर्शित कर सकते हैं। साथ ही, खरीदारों को उच्च-गुणवत्ता वाली, अत्याधुनिक परियोजनाओं तक पहुँच प्राप्त होती है, जबकि निवेशक सह-निर्माण सौदों और स्केलेबल उपक्रमों की खोज करते हैं। यह प्लेटफ़ॉर्म उद्योग की घटनाओं, देखने के कमरों, निवेशक मीट-अप और लाइव स्क्रीनिंग तक विशेष पहुँच को भी एकीकृत करता है, यह सुनिश्चित करता है कि सार्थक सौदे वर्चुअल बातचीत से परे हों।

वेव्स बाज़ार का मुख्य आकर्षण 1 से 4 मई 2025 तक मुंबई के बीकेसी स्थित जियो कन्वेंशन सेंटर में होने वाले वेव्स शिखर सम्मेलन में इसकी वास्तविक उपस्थिति होगी। डिजिटल मार्केटप्लेस से चुने गए प्रतिभागियों को शीर्ष-स्तरीय हितधारकों के साथ व्यक्तिगत रूप से पिच, नेटवर्क और सौदे करने का अवसर मिलेगा। क्यूरेटेड स्क्रीनिंग से लेकर लाइव चर्चा और सहयोग मंचों तक, यह शिखर सम्मेलन मनोरंजन नेटवर्किंग के भविष्य को आकार देने के लिए डिजिटल और गैर-डिजिटल को मिलाता है। अपने अभिनव दृष्टिकोण के साथ, वेव्स बाज़ार सिर्फ़ एक मंच नहीं है - यह एक स्मार्ट, अधिक कनेक्टेड और वैश्विक रूप से समावेशी मनोरंजन उद्योग की दिशा में एक आंदोलन है। कलाकार के तौर पर हम लगातार ऐसे स्थानों की तलाश करते हैं जो हमें चुनौती दें, हमें प्रेरित करें और हमें पारंपरिक से परे सोचने के लिए प्रेरित करें। वेव्स एक ऐसा स्थान बनने का प्रयास करता है - एक ऐसा आंदोलन जो भाषाओं, संस्कृतियों और माध्यमों में सहयोग को प्रोत्साहित करता है।

# अराजकता में डूबे बंगाल में नाउम्मीदी का अंधेरा

**मुर्शिदाबाद हिंसा के जरिए पूरे बंगाल में हिंसा फैलाने का प्लान तुर्की में बनाया गया था, इसके जरिए बंगाल के हालात भी ठीक बांग्लादेश की तरह करने की कोशिश थी। हिंसा को लेकर बाकायदा एक लिस्ट तैयार की गई थी कि कौन कहां नुकसान करेगा और लूटपाट मचाएगा। इसके साथ ही इनाम देने को लेकर योजनाएं बनाई गयी। हिंसा के दौरान इस बात का खास ध्यान देने का अलर्ट किया गया कि रेल और नॉर्मल ट्रांसपोर्ट न चल पाए।**

बंगाल में वक्फ कानून को लेकर हिंसा का सिलसिला जिस तरह तेज और सांप्रदायिक होता जा रहा है, जिस तरह से हिन्दुओं को निशाना बनाया जा रहा है, उन्हें मुर्शिदाबाद से पलायन को विवश किया जा रहा है, वह मुस्लिम तुष्टीकरण और दुष्प्रचार की खतरनाक राजनीति का प्रतिफल तो है ही, वह कुशासन एवं अराजकता की भी चरम पराकाष्ठा भी है। नए वक्फ कानून को लेकर कुछ राजनीतिक दल मुस्लिम समाज को विशेषतः



ललित गर्ग

किशोर बच्चों को हिंसा एवं तोड़फोड के लिये जानबूझकर सड़कों पर उतारने में लगे हुए हैं। वे उन्हें अराजकता एवं उन्माद के लिए उकसा भी रहे हैं और तरह-तरह से प्रोत्साहन दे रहे हैं। अराजकता फैलाने वाले किस तरह बेखौफ हैं, इसकी पुष्टि इससे होती है कि वे सरकारी-गैरसरकारी वाहनों को तोड़ने, जलाने के साथ पुलिस पर भी हमले कर रहे हैं। बंगाल के विभिन्न जिलों में वक्फ कानून के विरोध के बहाने फैलाई जा रही अराजकता इसलिए भी थमने का नाम नहीं ले रही हैं, क्योंकि खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस कानून के खिलाफ खड़ी होकर राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम कर रही हैं। पश्चिम बंगाल में हिंसा का बढ़ना, हिन्दुओं में डर पैदा होना, भय का वातावरण बनना, आम जनजीवन का अनहोनी होने की आशंकाओं से घिरा होना चिंताजनक भी है और राष्ट्रीय शर्म का विषय भी है।

यह बंगाल पुलिस के नाकारापन एवं ममता सरकार के मुस्लिम तुष्टिकरण का ही दुष्परिणाम है कि मुर्शिदाबाद के साथ ही अन्य शहरों में भी वक्फ कानून के विरोध की आड़ में हिंसा, तोड़फोड, आगजनी हो रही है। खतरनाक यह है कि इस दौरान हिंदुओं को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने वक्फ कानून विरोधियों की अराजकता से उपजे हालात का संज्ञान लिया। मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गया है। इससे शर्मनाक एवं दर्दनाक और कुछ नहीं हो सकता कि मुर्शिदाबाद में 11 अप्रैल को हुई हिंसा के बाद करीब 500 हिंदू पलायन कर गए हैं। हिंदू परिवारों का आरोप है कि हिंसा के दौरान उनको चुन-चुनकर निशाना बनाया गया। उनके पीने के पानी में जहर तक मिला दिया गया है। इस हिंसा की जांच एजेंसियों ने पोल खोल दी है, यह हिंसा पूरी प्लानिंग के तहत की गई थी, जिसमें तुर्की से फंडिंग और स्थानीय मदरसों की मिलीभगत सामने आई है। हमलावरों को ट्रेनिंग दी गई और इनाम की व्यवस्था भी की गई थी। ममता बनर्जी एवं उनकी सरकार देश में एकमात्र ऐसी सत्तारुढ़ पार्टी एवं नेता बन गई है जिसका देश के संविधान, न्यायपालिका एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भरोसा नहीं रह गया है। वक्फ कानून का विरोध करने सड़क पर उतरे तत्वों के दुस्साहस का पता इससे चलता है कि वे सीमा सुरक्षा बल के जवानों को भी निशाना बनाने से नहीं हिचक रहे हैं। उनके इसी दुस्साहस के चलते मुर्शिदाबाद



के हिंदुओं ने खुद को असहाय पाया। बंगाल में कानून के शासन ने सुनियोजित हिंसा के दुष्चक्र के समक्ष एक बार फिर समर्पण कर दिया। बंगाल में इसके पहले भी ऐसा हो चुका है। मई 2021 में विधानसभा चुनावों के बाद वहां तृणमूल समर्थक तत्वों ने अपने राजनीतिक विरोधियों को इतना आतंकित किया था कि वे जान बचाने के लिए असम में शरण लेने को मजबूर हुए थे। तब भी वहां पुलिस मूकदर्शक बनी हुई थी। ताजा हिंसक हालातों में राज्य सरकार और उसके नेता यह झूठ देश के गले में उतारने में लगे हुए हैं कि बंगाल में स्थितियां नियंत्रण में हैं। यह कैसा नियंत्रण है? यह कैसी शासन-व्यवस्था है? यह कैसा दोगलापन है? जिसमें एक समुदाय खुलेआम दूसरे समुदाय को निशाना बना रहा है। खुलेआम सार्वजनिक मंचों पर राष्ट्र-विरोधी विचारों का जहर घोला जा रहा है। वक्फ कानून में संशोधन का विरोध विडम्बनापूर्ण होने के साथ देश में अराजकता फैलाने का माध्यम बना हुआ है। वक्फ कानून में संशोधन के तहत किसी मस्जिद, मदरसे आदि को लेकर किसी भी तरह के नुकसान, कब्जा करने या दखल की बात नहीं कही गयी है। इसके विरोधी चाहे जो तर्क दें, इससे कोई इंकार नहीं कर सकता कि वक्फ बोर्ड भ्रष्टाचार का अड्डा बने हुए थे और सरकारी-निजी जमीनों पर मनमाने तरीके से दावा कर दिया करते थे। उनकी इस मनमानी का शिकार अनेक मुस्लिम भी थे। क्या वक्फ कानून के विरोधी यह बताने की स्थिति में हैं कि वक्फ बोर्डों ने अभी तक कितने गरीब मुसलमानों की सहायता की? यह पहली बार नहीं है, जब किसी कानून के खिलाफ सड़कों पर उतरकर उपद्रव, हिंसा, आगजनी की जा रही हो। इसके पहले नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ भी ऐसा ही किया गया था। तब यह झूठ फैलाया जा रहा था कि इस कानून के जरिये मुसलमानों की नागरिकता छीन ली जाएगी। अब यह झूठ फैलाया जा रहा है कि नए वक्फ कानून के जरिये सरकार मस्जिदों और कब्रिस्तानों पर कब्जा करना चाहती है। यह निरा झूठ और शरारत ही है। वक्फ कानून के विरोधी भले ही लोकतंत्र और संविधान की दुहाई दे रहे हों, लेकिन ये उसकी धज्जियां ही उड़ा रहे हैं। वे वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले की प्रतीक्षा करने के लिए तैयार नहीं। मुर्शिदाबाद हिंसा के जरिए पूरे बंगाल में हिंसा फैलाने का प्लान तुर्की में बनाया गया था, इसके जरिए बंगाल के हालात भी ठीक बांग्लादेश की तरह करने की कोशिश थी। हिंसा को लेकर बाकायदा एक लिस्ट तैयार की गई थी कि कौन कहां नुकसान करेगा और लूटपाट मचाएगा। इसके साथ ही इनाम देने को लेकर योजनाएं बनाई गयी। हिंसा के दौरान इस बात का खास ध्यान देने का अलर्ट किया गया कि रेल और नॉर्मल ट्रांसपोर्ट न चल पाए। मौका मिलने पर हिंदुओं की हत्या करना भी टारगेट था। कुछ हिन्दुओं को मारा भी गया है। हिंदुओं के घरों के साथ मंदिरों पर हमले किए गए, घर जलाए गए, आजीविका नष्ट की गई, बलात्कार की धमकियां दी गयी, उससे यही स्पष्ट हो रहा है कि नए वक्फ कानून का विरोध करने वाले न केवल सांप्रदायिक घृणा में डूबे हैं, अराजकता एवं उन्माद पर सवार है, आतंकी माहौल बनाकर हिन्दुओं को भयभीय-आतंकित करना चाहते है। क्योंकि उन्हें यह भरोसा है कि ममता बनर्जी की सरकार और उनकी पुलिस उनके खिलाफ कुछ नहीं करने वाली। ज्यादा चिन्ताजनक तो यह है कि अराजक लोग चाहते हैं पलायन करने के लिए मजबूर लोग फिर कभी अपने घरों को न लौट पाएं। इन जटिल एवं अनियंत्रित होते अराजक हालातों में शांति, सौहार्द एवं सामान्य हालातों को निर्मित करने के लिये आवश्यक है कि केंद्र सरकार बंगाल में हस्तक्षेप करने के लिए आगे आए, बल्कि यह भी अपेक्षित है कि सुप्रीम कोर्ट वहां के हालात का स्वतः संज्ञान ले। उसे वक्फ कानून विरोधी हिंसक तत्वों के उपद्रव के लिए ममता सरकार को जवाबदेह बनाना ही होगा। ममता वोट बैंक की राजनीति के लिये कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था की धज्जियां बार-बार उड़ाती रही है। ममता ने देश की एकता-अखंडता और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को नजरअंदाज किया है।

# चिकन नेक कॉरिडोर: चिकन बिरयानी बनाम टंगड़ी कबाब

**लालमोनिरहाट बांग्लादेश का एक उत्तर-पश्चिमी जिला है, जो भारत के पश्चम बंगाल के कूचबिहार और जलपाईगुड़ी जिलों से सटा हुआ है। यह क्षेत्र चिकन नेक से कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। कूचबिहार और जलपाईगुड़ी भारत के उन महत्वपूर्ण जिलों में शामिल हैं, जो सिलीगुड़ी कॉरिडोर के प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करते हैं। लालमोनिरहाट में किसी भी सैन्य या रणनीतिक ढांचे का निर्माण, विशेष रूप से चीन जैसे देश द्वारा, भारत के लिए सीधा खतरा उत्पन्न कर सकता है।**

भारत चहुंओर शत्रु-देशों से घिरा हुआ है। यह बात और है कि भारत किसी भी देश को अपना शत्रु नहीं मानता और न ही किसी देश से शत्रुवत व्यवहार करता है। परन्तु फिर भी भारत के पड़ोसी देश समय समय पर उसकी सीमाओं का अतिक्रमण करने की कोशिश करते रहते हैं। उनकी संदिग्ध गतिविधियां अक्सर भारत की चिंता बढ़ाती रहती हैं। अभी हाल ही में जो भू राजनीतिक घटनाक्रम



बलदेव राज भारतीय

सामने आए हैं, वे न केवल चिंताजनक है, बल्कि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता के लिए एक गंभीर चुनौती प्रस्तुत करते हैं। बांग्लादेश के लालमोनिरहाट जिले में चीन द्वारा एक एयरफील्ड तैयार करने के समाचार ने भारत को चुनाव चिंता में डाल दिया है। यह क्षेत्र भारत के उस संवेदनशील क्षेत्र से सटा हुआ है, जिसे चिकन नेक के नाम से जाना जाता है। वास्तव में यह कॉरिडोर सिलीगुड़ी कॉरिडोर है, जो मानचित्र पर देखने में एक मुर्गी की गर्दन जैसा लगता है, जिस कारण इसका नाम चिकन नेक पड़ गया। इसकी लंबाई लगभग 60 किलोमीटर और चौड़ाई 20 से 22 किलोमीटर है। यह भारत को पूर्वोत्तर के उन सात राज्यों के साथ जोड़ने का कार्य करता है, जिन्हें सेवन सिस्टर्स के नाम से भी जाना जाता है। यह संकीर्ण भौगोलिक पट्टी रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस का चीन दौरा और उस दौरे के बाद बांग्लादेश के लालमोनिरहाट में चीन द्वारा एयरफील्ड तैनाती की खबर आना, सचमुच गंभीर प्रश्न खड़े करता है। यह भारत के विरुद्ध एक सुनियोजित रणनीति का हिस्सा हो सकता है। बांग्लादेश, चीन और पाकिस्तान मिलकर भारत को उसी प्रकार हराने का सपना पाल रहे हैं, जैसे अतीत में विजयनगर साम्राज्य को हराने का साहस अकेले अपने दम पर बीजापुर, बीदर, अहमदनगर, गोलकुंडा आदि राज्यों को नहीं था। इसलिए उन्होंने विजयनगर को हराने के लिए एक संघ बनाया और सन 1565 में चारों ओर से घेरकर तालिकोटा के युद्ध में विजयनगर को हरा दिया था। वह युद्ध रक्षसी टंगड़ी के नाम से प्रसिद्ध था। जिसमें युद्ध जीतने वालों ने विजयनगर को ऐसे खा लिया था, जैसे टंगड़ी कबाब खाता है। वर्तमान स्थिति उस समय से भिन्न नहीं कही जा सकती। यहां बात टंगड़ी कबाब की नहीं, चिकन नेक की है।

यह चिकन नेक भारत के पूर्वोत्तर राज्यों असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा को देश के शेष हिस्से से जोड़ने वाली एकमात्र स्थलीय कड़ी है। इसके उत्तर में नेपाल और भूटान, दक्षिण में बांग्लादेश और पूर्व में चीन की सीमाएं हैं। इसकी भौगोलिक स्थिति इसे भारत के लिए बेहद संवेदनशील बनाती है। यदि इस कॉरिडोर पर किसी भी तरह का नियंत्रण




या हमला होता है, तो भारत का पूर्वोत्तर क्षेत्र शेष देश से कट सकता है, जो न केवल सैन्य दृष्टिकोण से बल्कि आर्थिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी विनाशकारी होगा। चिकन नेक की संवेदनशीलता को देखते हुए भारत ने इस क्षेत्र की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। भारतीय वायुसेना ने हाशिमारा एयरबेस पर राफेल लड़ाकू विमानों की तैनाती की है, साथ ही ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलें और एस-400 वायु रक्षा प्रणाली जैसे उन्नत हथियारों को भी इस क्षेत्र में तैनात किया है। फिर भी, बांग्लादेश के लालमोनिरहाट में चीन की संभावित मौजूदगी भारत के लिए एक नई चुनौती प्रस्तुत करती है।

लालमोनिरहाट बांग्लादेश का एक उत्तर-पश्चिमी जिला है, जो भारत के पश्चम बंगाल के कूचबिहार और जलपाईगुड़ी जिलों से सटा हुआ है। यह क्षेत्र चिकन नेक से कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। कूचबिहार और जलपाईगुड़ी भारत के उन महत्वपूर्ण जिलों में शामिल हैं, जो सिलीगुड़ी कॉरिडोर के प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करते हैं। लालमोनिरहाट में किसी भी सैन्य या रणनीतिक ढांचे का निर्माण, विशेष रूप से चीन जैसे देश द्वारा, भारत के लिए सीधा खतरा उत्पन्न कर सकता है। यदि यहाँ एक एयरफील्ड बनता है, तो यह न केवल भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र की कनेक्टिविटी को प्रभावित कर सकता है, बल्कि सैन्य निगरानी और संभावित हमले की स्थिति में भी चीन को एक महत्वपूर्ण लाभ दे सकता है।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने हाल ही में चीन का दौरा किया था। इस दौरे के दौरान उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की और कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए। यह संभव है कि इसी दौरे के दौरान लालमोनिरहाट में एयरफील्ड निर्माण की बात हुई होगी, हालाँकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यूनुस ने अपने दौरे में बांग्लादेश में चीनी निवेश को बढ़ावा देने की अपील की थी और तीस्ता नदी प्रबंधन परियोजना जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स में चीन की भागीदारी की मांग की थी। इसके अलावा, उन्होंने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को लैंडलॉक्ड बताते हुए बांग्लादेश को इस क्षेत्र में महासागर का संरक्षक÷ करार दिया था, जिसे भारत में व्यापक रूप से आलोचना मिली। यूनुस के इस बयान को भारत के खिलाफ एक भड़काऊ टिप्पणी के रूप में देखा गया। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा सहित कई भारतीय नेताओं ने इसे आपत्तिजनक और भारत की संप्रभुता के लिए खतरा बताया। यह बयान न केवल भारत-बांग्लादेश संबंधों में तनाव का कारण बना, बल्कि यह भी संकेत देता है कि यूनुस की सरकार बांग्लादेश को चीन के करीब लाने की कोशिश कर रही है, जो भारत के हितों के विपरीत है।

चीन और पाकिस्तान की चिकन नेक पर लंबे समय से नजर रही है। 2017 में डोकलाम विवाद इसका एक उदाहरण है, जब भारत और चीन के बीच सिक्किम-भूटान-तिब्बत ट्राई-जंक्शन पर तनाव बढ़ा था। यह क्षेत्र भी चिकन नेक के निकट है। अब यदि लालमोनिरहाट में चीन एक एयरफील्ड बनाता है, तो यह उसकी उस रणनीति का हिस्सा हो सकता है, जिसके तहत वह हिंद महासागर क्षेत्र में भारत को घेरने की कोशिश कर रहा है। कुछ रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि इस प्रोजेक्ट में एक पाकिस्तानी कंपनी ठेकेदार के रूप में शामिल हो सकती है, जो स्थिति को और भी जटिल बनाता है। पाकिस्तान का बांग्लादेश के साथ हालिया कूटनीतिक जुड़ाव भी संदेह पैदा करता है। शेख हसीना की सरकार के दौरान भारत और बांग्लादेश के संबंध मजबूत थे, लेकिन यूनुस के नेतृत्व में यह समीकरण बदलता दिख रहा है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री के प्रस्तावित बांग्लादेश दौरे और चीन के साथ बढ़ती नजदीकियों को देखते हुए यह आशंका बढ़ रही है कि ये तीनों देश भारत के खिलाफ एक संयुक्त रणनीति पर काम कर सकते हैं।

# प्रदेश में महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी चरम पर है : डॉ. सीपी

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश में महंगाई भ्रष्टाचार बेरोजगारी बलात्कार शोषण दलित उत्पीड़न चरम पर है। जनता को हर तरह का राहत देने का वादा करने वालों की प्रदेश तथा देश की सरकार आसमान छूता भ्रष्टाचार और महंगाई को रोकने में नाकाम है।

उक्त बातें उत्तरप्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन और पूर्व मंत्री डॉ सी पी राय ने जिला कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कही उन्होंने कहा कि 2014 से पहले एफडी आई परमाणु संधि आधार इत्यादि का विरोध करने प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी अब हर उस चीज के समर्थक हो चुके हैं। भारत की सुरक्षा पर चीन को लाल आंख दिखाने की बात करने वाले मोदीजी आज जब चीन ने हजारों मिल हमारी जमीन पर कब्जा कर लिया है तो चुप ही नहीं है बल्कि कह चुके है कि न कोई आया और न कोई घुसा है और इस तरह चीन को क्लीन चिट दे चुके है।चीन के साथ झड़प में हमारे 20 जवान शहीद हो चुके है। बांग्लादेश आंखें दिखा रहा है। कांग्रेस सरकार में सफल विदेश नीति के कारण पड़ोसी भारत को दोस्त मानते थे आज सभी हमसे दूर चीन की तरफ जा रहे है। देश में 30 पद खाली पड़े है और सरकार या तो चीजे बेच रही है या बंद कर रही हैं जबकि 45 साल की सबसे बड़ी बेरोजगारी से देश गुजर रहा है। महंगाई आसमान छू रही है और हमारा रुपया पाताल में पड़ा हुआ है। 2014 से पहले देश पर 54 लाख करोड़ का कर्ज था जो मोदीजी की 10 साल की सरकार में बढ़कर 225 लाख करोड़ हो चुका है। कहा जा रहा है ये पैसा और महंगा पेट्रोल बेच कर सरकार 40 लाख करोड़ कमा चुकी है पर जनता को तब भी कोई राहत नहीं दे रही है जबकि कच्चा तेल बहुत सस्ता आ रहा है। प्रदेश सरकार बड़े बड़े दावे करती है पर रोज लूट और बलात्कार की बाढ़ आई हुई है। अभी तीन दिन में ही पहले बनारस में 7 दिन तक 23 लोग 9 द्वारा बलात्कार, प्रयागराज में दलित को जिंदा जला देना और उसके बाद भाजपा नेता तथा उनके साथ 7 लोगों द्वारा कासगंज में दलित लड़की के साथ बलात्कार की घटना हुई है पर किसी के घर योगी जी का बुलडोजर नहीं गया अभी तक कई प्रदेशों में भाजपा ने 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने की बात किया पर हर जगह झूठे साबित हुई है। सभी वादों पर झूठे साबित भाजपा केवल हिंदू-मुस्लिमों के बीच नफरत पैदा करके काम चलाना चाहते है पर जनता इनकी असलियत समझने लगी है, दुनिया के देश आगे बढ़ रहे हैं पर मस्जिद के नीचे मंदिर ढूंढ रहे हैं। केंद्र और प्रदेश सरकार 10 साल में ऐसी 10 काम बताएं जो विकास का हो और इन्होंने किया हो। क्या आजमगढ़ में कोई कारखाना इस सरकार में लगा है।

## ऑपरेशन जागृति फेस-4 के अंतर्गत जिला व ब्लॉक स्तरीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन



**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** जिले में ''ऑपरेशन जागृति-4'' के अंतर्गत एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान 17 अप्रैल से चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य आमजन को समाज विरोधी गतिविधियों, साइबर अपराध, नशा उन्मूलन, महिला एवं बाल सुरक्षा, मानव तस्करी, बाल श्रम, महिलाओं के प्रति अपराध, झूठे प्रकरणों, लव रिलेशनशिप के प्रति जागरूकता, पारिवारिक विघटन, युवाओं में नशा एवं साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सजग एवं संवेदनशील बनाना है। पुलिस अधीक्षक अपराध ममता कुरील ने उक्त जानकारी दी, वह पुलिस लाइन सभागार में यूनिसेफ के सहयोग से संचालित जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने बताया कि 17 अप्रैल से 16 मई तक चलने वाले एक माह के अभियान में जिले में विभिन्न विद्यालयों, ग्राम पंचायतों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पर लगभग 900 जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष एवं एससी-एसटी एक्ट के लाभार्थियों एवं महिला कल्याण विभाग को महिला संबंधी ऐसे प्रकरण जिनमें उनको आर्थिक सहायता दी जानी है का ब्यौरा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने महिला आयोग द्वारा प्रेषित प्रकरणों का भी प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिला विकास अधिकारी आलोक आर्य ने बताया कि अभियान की सफलता के लिए जिला व ब्लॉक स्तरीय टीमों का गठन कर उनको प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

## पंचायती राज्यमंत्री से मिलकर प्रधान ने समस्याओं के बारे में दिया पत्रक



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा तहसील क्षेत्र के मिनवा प्रधान दिनेश कुमार जायसवाल ने प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पंचायती राज्यमंत्री ओमप्रकाश राजभर से मिलकर गांव की समस्याओं को लेकर पत्रक सौंपा और मांग किया है कि गांव में बारात घर नहीं होने से ग्रामीणों को अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के लोग गरीब तबके के है। जो मैरेज हाल बुक करने में असमर्थ रहते है। गांव में विकास के लिए जो राज्य वित्त और पंचम वित्त की धनराशि आती है। वह बहुत ही कम है। जिससे बारात घर बनाना असंभव है। वहीं गांव में लगे विद्युत पोल और तार पूरी तरह जर्जर हो चुके है आए दिन तार टूट कर गिरते है। जिससे कभी भी अप्रिय घटना हो सकती है। गांव में लगे विद्युत पोल और जर्जर तार बदलने की मांग किया है।

## दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत करें आवेदन

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत विवाहित जोड़े में से यदि पति दिव्यांग है तो 15 हजार रूपयें, पत्नी दिव्यांग है तो 20 हजार रूपयें तथा पति-पत्नी दोनों के दिव्यांग होने पर 35 हजार रूपये प्रोत्साहन पुरस्कार के रूप में प्रदान किये जाते हैं। यह जानकारी देते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी रोहित कुमार ने बताया कि शादी के समय युवक की आयु 21 से 45 वर्ष एवं युवती की आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य के साथ ही दम्पत्ति में से कोई आयकर दाता न हो, योजना के तहत पात्र है। उन्होंने बताया कि मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त दिव्यांगता प्रमाण पत्र 40 प्रतिशत से कम न हो, गत एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में हुई शादी वाले दम्पत्ति योजना के तहत आवेदन कर सकते हैं। आवेदन में दिव्यांगता प्रदर्शित करता हुआ संयुक्त नवीनतम फोटो, विवाह पंजीकरण संख्या, युवक एवं युवती दोनों का आय, जाति एवं जन्मतिथि से सम्बन्धित प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, अधिवास प्रमाण पत्र तथा किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में संयुक्त बैंक खाते की छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है।

## केएम अस्पताल ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य मेला

**मथुरा अवधनामा संवाददाता।** मौसम परिवर्तन होने से लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है, जिसको लेकर केएमयू के कुलाधिपति किशन चौधरी ने केएम अस्पताल की स्वास्थ्य टीम को गांव गांव जाकर नि:शुल्क स्वास्थ्य मेला लगाने के निर्देश दिए है। इसी श्रृंखला में केएम की मार्केटिंग टीम ने गांव जुनसुटी और गांव तसिया और राधेश्याम कॉलौनी में शिविर लगाया जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण लाभान्वित हुए। वरिष्ठ चिकित्सकों को अपने गांव में देखकर ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष व केएमयू के कुलाधिपति की भूरि भूरि प्रशंसा की है जनपद के ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के लिए लगातार नि:शुल्क स्वास्थ्य मेला लगाए जा रहे हैं। अब तक 10 से अधिक गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाया जा चुका है, आने वाले दिनों में भी ऐसे शिविर गांव गांव लगाये जाएंगे।

## नवागत थाना प्रभारी श्याम सुन्दर ने संभाला कार्यभार



**इटवा सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर जनपद के इटवा थाने का चार्ज मिलने के बाद नवागत प्रभारी निरीक्षक श्याम सुन्दर तिवारी ने कार्यभार संभाल लिया उन्होंने कहा कि पीड़ितों को समय पर उचित न्याय दिलाने और गरीब, असहाय फरियादियों की पारदर्शिता पूर्वक फरियाद सुनकर उनको समय पर निष्पक्ष न्याय दिलाने का कार्य करेंगे। आगे कहा कि थाना क्षेत्र को अपराध मुक्त रखने व शांति व्यवस्था के सफल प्रयास करेंगे और किसी भी प्रकार का कानून के खिलाफ कार्य करने वाले व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि पीड़ित व्यक्ति को न्याय दिलाना उनकी प्रथम वरीयता में शामिल है। श्याम सुन्दर तिवारी डुमरियागंज थाने के प्रभारी निरीक्षक रहे वहां से इनका तबादला इटवा थाने में हुआ। यहां प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव रहे जिनका स्थानांतरण डुमरियागंज में हुआ है।

## पुलिस चौकी भवन निर्माण का भूमि पूजन सम्पन्न

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जोल्हूपुर -कदौरा के मध्य देवपुरा बरही बम्बा में नवीन नवीन पुलिस चौकी की स्थापना के लिये भवन का कार्य शुरू हो गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय तथा पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार एवं उच्च अधिकारियों की मौजूदगी में चौकी भवन के निर्माण के लिये भूमि पूजन का कार्यक्रम विधि विधान से सम्पन्न हुआ। कोतवाली कालपी क्षेत्र के फोरलेन सड़क किनारे देवपुरा मौजे की जमीन को पुलिस चौकी के भवन के लिए ग्राम पंचायत के द्वारा उपलब्ध कराया गया है। चौकी के प्रस्तावित स्थल के परिसर में आयोजित समारोह की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि नवीन पुलिस चौकी का निर्माण हो जाने से क्षेत्रीय जनता को अब कोतवाली कालपी तक नहीं जाना पड़ेगा। बल्कि तमाम समस्याओं का समाधान चौकी से ही हो जाया करेगा।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अआभियान की समीक्षा हेतु अंतर्विभागीय जनपद स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सी0एम0ओ0 द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के कुल 170 क्षेत्रों में फॉगिंग होनी है, जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि हाई रिस्क क्षेत्रों में तत्काल फॉगिंग कराएं, जिला मलेरिया अधिकारी को कार्य मे शिथिलता बरतने पर नोटिस जारी करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गये,जिलाधिकारी द्वारा स्वास्थ्य विभाग व पंचायतीराज विभाग में कार्यो में बरती जा रही लापरवाही पर नाराजगी जताई व कहा कि जनपद में इन विभागों की स्थिति सबसे खराब है।

## लोक निर्माण विभाग कार्यालय में मनी बाबा साहब की जयंती



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** संविधान निर्माता बोधिसत्व भारत रत्न बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की 134जयंती पर लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय और निर्माण खंड के कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अधिशासी अभियंता इंजीनियर रमेश चंद्र और अधिशासी अभियंता इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार ने बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। इंजीनियर रमेश चंद्र ने कहा कि बाबा साहब डॉ अम्बेडकर का जीवन दर्शन हमें विपरीत परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ने का संदेश देता है। शिक्षा विकास की कुंजी है। शिक्षा के बल ही बाबा साहब डॉ अम्बेडकर दुनिया के सबसे बड़े विद्वान बने और अपनी विद्वत्ता के बल पर सभी विरोधियों को परास्त किया। बाबा साहब डॉ अम्बेडकर का जन्म दिन पूरी दुनिया में समता, समानता, संकल्प और स्वाभिमान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

## खेल प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को दिया गया प्रमाण पत्र



**लार अवधनामा संवाददाता।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अधीन संचालित नेहरू युवा केन्द्र (मेरा युवा भारत) देवरिया द्वारा प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन मंगलवार को लार ब्लॉक के ब्लॉक सभागार में किया गया। बताते चलें कि विगत दो माह पूर्व नेहरू युवा केन्द्र देवरिया द्वारा प्रमोशन ऑफ फिट इंडिया फिटनेस क्लब के अंतर्गत दो दिवसीय विकास खण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन मठ लार में किया गया था। जिसमे लार क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण अंचलों से आएं हुए युवा खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में आयोजित खेल गीतिविधि में प्रतिभाग किया। प्रमाण पत्र वितरण लार ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमित कुमार सिंह उर्फ बब्लू व एडीओ समाज कल्याण मनोज कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमित कुमार सिंह उर्फ बब्लू ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य एक जीवंत खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को दिखाने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि खेल प्रेमियों के लिए एक सहायक वातावरण को बढ़ावा देने के लिए विभाग का समर्पण पूरे समारोह में स्पष्ट रूप से देखने को मिला। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक देवव्रत पाण्डेय ने कहा कि इस समारोह का मुख्य उद्देश्य उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान करना है। इस अवसर पर परासी चकलाल के ग्राम प्रधान मनु गुप्ता, ओमप्रकाश मिश्रा, राम अशीष प्रसाद, चंदन, मोहम्मद उमैर सहायक विकास अधिकारी (आई0 एस0 बी0 लार), पंकज कुमार सिंह, श्रीराम, सत्यप्रकाश सहित अनेक कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की द्वितीय अन्तर्विभागिय समीक्षा बैठक सम्पन्न



**ललितपुर अवधनामा संवाददाता।** विकास भवन सभागार में सीडीओ के.के.पाण्डेय की अध्यक्षता में माह अप्रैल 2025 में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के सफल संचालन हेतु द्वितीय अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। अध्यक्षता करते हुए सीडीओ ने निर्देश दिए कि जिन विभागों की गतिविधियों की उपलब्धि 100 प्रतिशत से कम हैं, जैसे झाडियों की कटाई, हैन्ड पम्प चबूतरों की मरम्मत कार्य तथा उथले हैन्ड पम्पों का चिन्हीकरण करते हुए लाल रंग से चिन्हित करना एवं ग्रामीण स्तर पर बैठक आयोजित करके चूहे, छछुन्दर स्क्रबटाइफस से होने बाली बीमारियो के प्रति अगले सप्ताह तक 100 प्रतिशत कर लिया जाए। डीपीआरओ को झाडियों की कटाई, ठहरे हुए पानी एवं नालियों की सफाई आदि में पाई गई कमियों को दूर करते हुए गुणात्मक सुधार करने को कहा। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने आशा द्वारा घरों का भ्रमण बढाते हेतु संबन्धित को निर्देशित किया। कहा कि सभी विभाग अपनी गतिविधियों से सम्बन्धित माइक्रोप्लान के अनुसार कार्य करना सुनिश्चित करें, जिससे जनपद का फीडबैक एवं रैंकिंग राज्य स्तर पर उच्च स्थान पर रहे एवं पिछ्ली कमियों को दूर करते हुए इस अभियान में सभी गतिविधियां माइक्रोप्लान के अनुसार गुणवत्ता शत-प्रतिशत पूर्ण करायें। अभियान में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने अभियान की संक्षिप्त रुप रेखा प्रस्तुत करते हुए विभागों द्वारा किए गये कार्यों की विभागवार द्वितीय सप्ताह की उपलब्धि रिपोर्ट प्रस्तुत की।

## बाबा साहब ने दलित, शोषित, वंचितों को सम्मान देने का किया काम: नेपाल

**ललितपुर।** समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में बाबा साहब डा.भीमराव अम्बेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव के नेतृत्व में सपाइयों ने डा. अम्बेडकर पार्क पहुंच कर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात सपा कार्यालय में एक विचार गोष्ठी आयोजित हुई। जिसमें सभी ने बाबासाहेब के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने कहा कि आज हम बाबा साहब की जयंती मना रहे हैं, हमें याद रखना चाहिए कि उनके द्वारा बनाए गए संविधान ने हमें हमारे अधिकार और सम्मान दिए हैं। हम संकल्प लेते हैं कि समाज में सामाजिक न्याय स्थापित होना चाहिए। आज भी हम देखते हैं कि ताकतवर लोग अभी भी कमजोरों पर अत्याचार कर रहे हैं। बाबा साहब के संविधान ने पीडीए को सम्मान और हमारा अधिकार दिया है और हम संकल्प लेते हैं कि पीडीए संविधान को बचाने के लिए संघर्ष करता रहेगा।

# अज्ञात कारणों से लगी आग में 50 एकड़ खड़ी गेहूं की फसल खाक



आग से प्रभावित क्षेत्र का जायजा लेते विधायक

अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के भैंसही बाजार में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के पीछे स्थित गेहूं के खेत में मंगलवार को अज्ञात कारणों से आग लग गई, जिसमें लगभग 50 एकड़ खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक अहिरौली बाजार में मंगलवार को अज्ञात कारणों से खड़ी गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते आग बिकराल रूप ले लिया जिसमें कुल 50 किसानो की गाढ़ी कमाई फसल आग की आगोश में आने से जलकर खाक हो गई। आग भैंसही बाजार से लेकर परसा गांव तक की सीमा तक तेजी फैल गई और गेहूं की खड़ी फसल को जलाकर खाक कर दिया। किसानों का कहना है कि लगभग 32 एकड़ फसल जलकर खाक हुई है। प्रभावित किसानों में आदित्य लल्लन मिश्रा, मंजू देवी, केशव, देवनन्दन, राम प्रवेश, बिरझन, मुन्नार, सुभाष, राकेश, हरि मंगल, पुजारी, रामप्रीत, अनिरुद्ध, रामजीत, पूनम, रविन्द्र, बेचू, बदामी, नर्वदा, सतीश, विश्वकर्मा, जगदंबा अशर्फी राम सिंगर सहित अन्य किसान भी प्रभावित हुए हैं। आग की लपट भैंसही बाजार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के पीछे से उठी और परसा गांव की सीमा तक जा पहुंची। घटना की जानकारी होने पर हाटा के विधायक मोहन वर्मा तथा लेखपाल संजय गुप्ता, लेखपाल चंद्रहास सिंह, लेखपाल संजय सिंह मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। परंतु परसा गांव निवासी श्रवण गुप्ता आग बुझाते समय जल गए जिनकी लड़की की शादी 5 मई को है। यह एक बीघा गेहूं बटईया पर बोए हुए थे और भूमिहीन हैं। इस घटना की जानकारी होने पर अहिरौली बाजार पुलिस की घटना स्थल पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर नियंत्रण पाया गया। विधायक ने संबंधित अधिकारियों से बात कर किसानों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

## मथुरा में तीन बदमाशों को लगी पुलिस की गोली

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** आठ अप्रैल को थाना यमुनापार के पानी गांव क्षेत्र में बदमाशों ने एक मोटरसाइकिल लूट की घटना को अंजाम दिया था। 14 अप्रैल की रात को पुलिस को सूचना मिली कि मोटरसाइकिल लूट की घटना कारित करने वाले बदमाश क्षेत्र में हैं और किसी दूसरी आपराधिक घटना को अंजाम देने जा रहे हैं। सटीक सूचना पर थाना जमुनापार पुलिस, स्वाट टीम व सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्यवाही की जिसमें वृन्दावन कट नये बाइपास पर लुटेरे बदमाशों से हुयी पुलिस मुठभेड़, दौराने मुठभेड़ में तीन बदमाश गोली लगने से घायल हो गये। घायल हुए बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। बदमाशों की पहचान जितेन्द्र उर्फ जीतू पुत्र प्रभुदयाल निवासी कांका थाना इगलास जनपद अलीगढ उम्र करीब 28 वर्ष, पवन पुत्र महावीर प्रसाद निवासी अशोक नगर पार्क के पास गूलर रोड थाना बन्ना देवी जनपद अलीगढ उम्र करीब 26 वर्ष तथा सनी पुत्र इन्दरपाल निवासी श्रीराम धर्मशाला के पास रघुवीरपुरी थाना बन्नादेवी जनपद अलीगढ उम्र करीब 26 वर्ष के रूप में हुई है।

# द नालंदा इंटरनेशनल स्कूल मथौली में शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



कक्षा में प्रवेश से पहले फीता काटते बच्चे व संस्था के एमडी

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** स्थानीय नगर स्थित श्री मुरलीधर भागवत लाल पीजी कॉलेज के परिसर में द नालंदा इंटरनेशनल स्कूल का शुभारंभ मंगलवार को फीता काटकर किया गया। पहले दिन बच्चों ने कक्षा में बैठकर शिक्षा ग्रहण की। इस दौरान बच्चे काफी खुश नजर आ रहे थे। शुभारंभ के मौके पर समस्त टीचरों ने बच्चों पर फूल बरसा कर शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया।

बता दें कि मथौली में शिक्षा के क्षेत्र में श्री मुरलीधर भागवत लाल पीजी कॉलेज का एक अलग पहचान है। इस संस्था के निदेशक डॉ राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने एक बार फिर नए सोच व उमंग के साथ शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति शुरू की। उन्होंने बताया कि मथौली में द नालंदा इंटरनेशनल स्कूल सीबीएसई पैटर्न पर संचालित हो रहा है। इस स्कूल के शुरू होने से क्षेत्र के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। यह स्कूल क्षेत्र के बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा और अवसर प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। फिलहाल नर्सरी से कक्षा 8वीं तक शैक्षणिक कार्य शुरू हुआ है। आने वाले समय में इंटर तक की शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से दी जाएगी।

**प्रारंभिक शिक्षा की मजबूत बुनियाद से ही जीवन में मिलती है सफलता : राजेंद्र**

शुभारंभ के मौके पर प्रिंसिपल पूजा गुप्ता, एमडी रागिनी श्रीवास्तव, महाविद्याल के प्राचार्य डॉ अरुण कुमार श्रीवास्तव, मुकेश कुमार, आदित्य प्रताप राव, संदीप प्रजापति, मनोज, प्रियंका श्रीवास्तव, ज्योति, प्रतिभा, यशवंत सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## डीह में बाबा साहब अंबेडकर की जयंती पर ऐतिहासिक कार्यक्रम



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** ग्राम सभा डीह में ग्राम प्रधान एवं प्रधान संघ अध्यक्ष श्री फूलचंद्र अग्रहरि की अध्यक्षता में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर एक भव्य और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अशोक कुमार कोरी, खंड विकास अधिकारी शिवाकांत बाजपेई, ग्राम विकास अधिकारी शिशिर सिंह एवं विद्युत उपकेंद्र डीह एस.डी.ओ. सुरेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारीगण एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि विधायक सहित उपस्थित सभी लोगों ने प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण कर मूर्ति स्थापना का शिलान्यास किया और इस पहल को अत्यंत सराहनीय बताते हुए कहा कि यह कार्य जिले के स्थायी रजिस्टर में दर्ज होना चाहिए और नियमानुसार मूर्ति स्थापना की जानी चाहिए। भविष्य में इससे भी भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें जिले के गणमान्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी भी आमंत्रित किए जाएंगे। इसके साथ ही विधायक अशोक कुमार कोरी ने ग्राम के विकास हेतु इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण कार्य सहित कई घोषणाएं कीं। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, महिला शक्ति और विभिन्न सरकारी विभागों में कार्यरत कर्मियों को सम्मानित किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं और उन्हें भी पुरस्कृत किया गया।

## बाबा साहब का आजीवन ऋणी रहेगा महिला समाज : जूही सिंह



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में विधानसभा ऊंचाहार के धोबहा गांव में लवलेश चौधरी के नेतृत्व में संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का जन्म जयंती का कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती जूही सिंह रही, उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि संपूर्ण महिला समाज आज बाबा साहेब का ऋणी है। बाबा साहब ने महिलाओं के स्तर को ऊंचा उठाने में महत्वपूर्ण योगदान किया जो स्थित महिलाओं की आजादी के पहले थी उस स्थिति से महिलाओं को बाहर निकालने में बाबा साहब ने ही मदद की हम लोग बाबा साहेब का यह उपकार जीवन भर नहीं भूल सकते। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि एवं पूर्व स्नातक एमएलसी श्रीमती कांति सिंह पटेल जी ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी हम लोगों के आदर्श हैं ।बाबा साहब ने दलितों पिछड़ों अल्पसंख्यकों विशेष कर महिलाओं को संविधान द्वारा जो व्यवस्था प्रदान की है ।उसी का परिणाम है कि हम सभी महिलाएं आज समाज में कंधे से कंधा मिलाकर साथ चल रही हैं समाजवादी पार्टी सदैव बाबा साहेब के संविधान का सम्मान करती रही है और हमारा मानना है कि देश में कोई भी कार्य संविधान के इतर नहीं होना चाहिए। संविधान ने जो हम लोगों को शक्तियां प्रदान की हैं उससे आज कोई छोटा बड़ा नहीं रह गया है। वर्तमान सरकार संविधान की धज्जियां उड़ा रही है उसे संविधान से कोई लेना-देना नहीं है अतः इस सरकार को बदलने के लिए हम सभी लोगों को आगे आना होगा।

# कुशीनगर में ईंट भट्ठों के चिमनियों में सुलग रहा मासूमों का बचपन



मथौली क्षेत्र में एक ईंट भट्ठे पर पढ़ाई के बजाए ईंट की पथाई करते बच्चे

शकील अहमद

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** बाल श्रम अपराध है, लेकिन ईंट भट्ठों पर बाल श्रम बेहिसाब जारी है। एक ओर जहां समूचे भारत में आजादी का अमृत महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। वहीं, देश के एक करोड़ से अधिक बच्चे खेलने और स्कूल जाने की उम्र में दिहाड़ी मजदूरी को मजबूर हैं। मसलन, भट्ठों में काम करने वाले बच्चों का भविष्य ईंट भट्ठों की चिमनी में सुलग रहा है।

केंद्र व राज्य सरकार द्वारा इन्हें मुख्यधारा में लाने की कोशिश सिर्फ कागजों में दिखाई पड़ती है। ये 6-14 साल तक के बच्चे ईंट-भट्ठों में लगातार 10-12 घंटे जी तोड़ मेहनत करते हैं। इसके एवज में परिवार की आमदनी में बमुश्किल से एक दिन में 100-150 रुपए जोड़ पाते हैं। इससे बाल श्रम, चाइल्ड राइट, मानवाधिकार के दावे यहां चिमनी के धुएं में उड़ते नजर आते हैं। इन बच्चों का दायरा ईंट भट्ठे और आसपास की छोटी-मोटी दुकानों तक सीमित है। लगातार 10-12 घंटे तक बच्चे अपने परिवार के साथ ईंट बना रहे हैं। इससे उनका शारीरिक, मानसिक विकास बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। जिले में हजारों की संख्या में ईंट भट्ठे संचालित हैं जिसमें उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड और राजस्थान के अलग अलग जिलों के प्रवासी मजदूर काम करते हैं। इन मजदूरों की संख्या लाखों में है। इन ईंट भट्ठों पर काम करने वाले अधिकांश मजदूर प्रवासी ही रखे जाते हैं ताकि भट्ठा मालिकों द्वारा आसानी से उनका शोषण किया जा सके।

**मजदूरों को नहीं मिलती है बुनियादी सुविधाएं**

दुनिया बदल तो रही है, लेकिन ईंट भट्ठा मजदूरों की स्थिति-परिस्थिति को छोड़कर सब कुछ बदल रहा है। भट्ठों में यहां कोई इलाज, स्वास्थ्य जांच, दवा, पोषण, शिक्षा, सुरक्षा, अधिकार आदि का आज तक किसी ने जहमत नहीं उठाई और न ही कोई समाजसेवी व जनप्रतिनिधि भी सहयोग करने नहीं आते है। भट्ठों में मजदूरों के झोपड़ियों में न तो पर्याप्त रोशनी की सुविधा है और न ही शौचालय, नहान घर और साफ पेयजल के साधन की व्यवस्था है। सबसे दुख की बात यह है कि इन मजदूरों के बच्चे शिक्षा से वंचित होते जा रहे है। पढ़ाई के उम्र में मजदूरी करते नजर आ रहे है।



**स्थानीय दलालों के चंगुल में फंस जाते है मजदूर-** ईंट भट्ठों में मजदूरों की भर्ती प्रक्रिया स्थानीय दलालों के माध्यम से होती है जो मजदूरों को अच्छी तनख्वाह का लालच देकर उन्हें अपने गांवों में ही एडवांस देकर यहां लाते हैं। भट्ठे पर पहुंचने के बाद इन मजदूरों को पूरे सीजन करीब 8 से 9 माह तक उसी भट्ठे पर काम करना होता है। फिर चाहे उस भट्ठे पर उन्हें कितनी ही परेशानियां हों, वो सीजन के बीच में घर नहीं जा सकते हैं। यदि कोई मजदूर सीजन के बीच में ही किसी कारणवश घर जाना भी चाहता है तो उसे उसकी तय मजदूरी का आधी दर ही अदा किया जाता है। **प्रशासनिक जांच मात्र कोरम पूर्ति-** ईंट भट्ठों पर बाल मजदूरों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इसपर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन कभी कभार कार्रवाई तो करती है, लेकिन कुछ ही दिनों बाद संबंधित दलाल इन मजदूरों को ईंट भट्ठों से सेटिंग कर वापस बुला लेते है।

# मुख्यमंत्री ने अमर सेनानी राजा नरपत सिंह को दी श्रद्धांजलि



■ मुख्यमंत्री ने राजा नरपत सिंह स्मारक की झील को पक्षी विहार के रूप में विकसित करने के लिए किया पसंद

■ दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र बाबा साहब के संविधान के कारण है: योगी आदित्य नाथ

**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** जनपद के माधोगंज विकास खण्ड के रुईयागढ़ी में अमर सेनानी राजा नरपत सिंह के विजय दिवस पर वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ रहे। मुख्य अतिथि हेलीपैड पर उतरकर अमर सेनानी राजा नरपत सिंह स्मारक स्थल पहुँचे जहाँ उन्होंने अन्य जन प्रतिनिधियों के साथ अमर सेनानी को पुष्पांजलि अर्पित की। स्मारक परिसर में मुख्यमंत्री द्वारा पौध रोपण भी किया गया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर आयोजित प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान उन्होंने दिव्यांगों को ट्राई साईकिल वितरित की जिसे पाकर दिव्यांगों के चेहरे खिल उठे। उनके द्वारा गोद भराई व अन्न प्राशन का संस्कार भी कराया गया। मंच पर पहुँचने के बाद विधायक बिलग्राम-मल्लावां आशीष सिंह आशू ने मुख्य मंत्री को छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा व तलवार भेंट की। मुख्य मंत्री ने 650 करोड़ रूपये की 729 परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र व टूल किट प्रदान किये। कुछ छात्राओं को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत टैबलेट व स्मार्ट फोन वितरित किये। 2 आँगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये किये। आवास योजना के लाभार्थियों को घर की चाभी दी गयी। 2 लोगों को आयुष्मान कार्ड दिया गया। अपने सम्बोधन में मुख्य मंत्री ने भारत माता के जयघोष से शुरुआत की। उन्होंने राजा नरपत सिंह को नमन करते हुए विजय दिवस की बधाई दी और कहा कि यह वर्ष संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में अमृत योजना को लेकर आगे बढ़ रह रहा है। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र बाबा साहब के संविधान के कारण है। आजादी से पहले आजादी की बात करने पर अपमानित होना पड़ता था। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम ने देश को एकजुटता की ओर बढ़ाया। अपने सम्बोधन में उन्होंने शहीद मंगल पांडे, रानी झाँसी, नाना साहब व राजा नरपत सिंह जैसे शहीदों को याद करते हुए कहा कि हरदोई में राजा नरपत सिंह ने अंग्रेजों को पराजित करने का कार्य किया था। अमर सेनानियों के स्मारक आधुनिक भारत के तीर्थ हैं। गंगा एक्सप्रेस वे हरदोई की दिल्ली व काशी से दूरी कम होगी। निवेश के नये प्रस्ताव आएंगे। टेक्सटाइल पार्क से मल्लावां के वस्त्रो को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने स्मारक स्थल की झील को पक्षी विहार के रुप में विकसित करने की घोषणा की। महाकुम्भ की महिमा का वर्णन करते हुए हुए कहा कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत का अच्छा उदाहरण बना। यह विरासत व विकास का अद्भुत संगम है। उन्होंने जनपद के कारीगरों की सराहना की। उन्होंने आगे कहा कि प्रधान मंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत पाँचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अगले दो वर्षों में यह तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा। 2017 के हर दूसरे तीसरे दिन दंगा होता था। दंगाइयों का इलाज डंडा है। उन्होंने वक्फ संशोधन विधेयक के लिए प्रधानमंत्री व केंद्रीय गृह मंत्री की सराहना की। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने कहा कि राजा नरपत सिंह की वीर भूमि में मुख्य मंत्री का आशीर्वाद मिलना सौभाग्य की बात है। उत्तर प्रदेश आज देश का ग्रोथ इंजन बन चुका है। मुख्य मंत्री ने प्रदेश को गुंडा व माफिया मुक्त राज्य बनाया है। राज्य मंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी ने कहा कि आज विकास में उत्तर प्रदेश लम्बी छलांग लगा रहा है। हरदोई में भी विभिन्न योजनाएँ सफलतापूर्वक चल रही हैं। अनेक राज्यों में उत्तर प्रदेश को रोल मॉडल मानकर कार्य हो रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती पीके वर्मा ने कहा कि मुख्य मंत्री के नेतृत्व में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर हुई है। सांसद हरदोई जय प्रकाश ने कहा कि वह 35 साल से रुईया गढ़ी क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। मिश्रिख सांसद अशोक रावत ने कहा कि अमर सेनानी के किले का पर्यटन विकास कराया जाये। विधायक आशीष सिंह आशू ने कहा कि क्षेत्र की जनता की इच्छा थी कि पूज्य मुख्यमंत्री इस शौर्य भूमि पर आएं। आज उनकी इच्छा पूरी हो गयी। उन्होंने स्मारक को पर्यटन स्थल के रूप विकसित करने की माँग रखी। जिला भाजपा अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि भारत का गौरव विश्व स्तर पर बढ़ा है। इस अवसर पर परिवहन मंत्री दयाशंकर, सदस्य विधान परिषद सदस्य अवनीश कुमार सिंह, सदस्य अवनीश कुमार सिंह, विधायक सवायजपुर माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू, विधायक गोपामऊ श्याम प्रकाश, जिला पंचायत अध्यक्ष उन्नाव शकुन सिंह, व अन्य गणमान्य जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन व उनकी टीम लगातार व्यवस्थाओं में लगी रही।

## उन्नाव को भी मिलेगी मेट्रो की सुविधा

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने उन्नाव समेत सात नए रूटों पर 2035 तक मेट्रो ट्रेन संचालन की योजना तैयार कर ली है। इस विस्तार से उन्नाव की बड़ी आबादी को मेट्रो सुविधा का लाभ मिलेगा। 74.92 किलोमीटर लंबे नए मेट्रो रूटों के लिए राइट्स संस्था के साथ सर्वे कार्य पूरा हो चुका है। अनुमानित लागत 34276.61 करोड़ बताई गई है। 2030 तक 44.11 किमी नए मेट्रो ट्रैक का लक्ष्य, कानपुर के नौबस्ता से बर्रा-8 तक 5.9 किमी एलिवेटेड ट्रैक बनेगा (1799.63 करोड़), पनकी से केंद्रीय विद्यालय कैंट तक 9.41 किमी भूमिगत व 11.2 किमी एलिवेटेड रूट, नौबस्ता से चकेरी तक 17.6 किमी लंबा एलिवेटेड ट्रैक तक का कार्य 2030 तक पूरे करने का लक्ष्य। 2035 तक बनेंगे चार और रूट, उन्नाव भी शामिल होगा। कानपुर के आईआईटी से मंधना सीएसए से ख्यौरा कटरी, नौबस्ता से रमईपुर, कानपुर केंद्रीय विद्यालय कैंट से उन्नाव तक मेट्रो संचालन, कुल लंबाई 30.81 किमी अनुमानित लागत 11994.14 करोड़ है। कानपुर के सांसद रमेश अवस्थी को दी गई जानकारी, 12 अप्रैल को गुरुदेव चौराहे स्थित मेट्रो डिपो कार्यालय में हुई बैठक यूपीएमआरसी के चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर अरविंद मीणा ने सांसद को प्रोजेक्ट की पूरी जानकारी दी।

# नशा विरोधी जागरूकता अभियान को लेकर बैठक संपन्न



■ रेस्टोरेंटस और ढाबों पर नारकोटिक्स के पम्पलेट लगवाने के निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में नशा विरोधी जागरूकता अभियान में सहभागिता, सहयोग के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी नें कहा कि जनपद में ढाबों एवं रेस्टोरेन्टस पर नारकोटिक्स के दुष्प्रभाव सम्बन्धी पम्पलेट, बैनर लगवाए जायें। नारकोटिक्स एवं अवैध शराब के अधिक से अधिक अभियोग पकडे जाए। मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण कर विक्रेताओं और फार्मेसिस्ट को निर्देशित किया जाए कि रोगियों को चिकित्सक के सुझाव पर ही ड्रग्स से सम्बन्धित दवाओं की बिक्री की जायें एवं मेडिकल स्टोर पर जागरूकता सम्बन्धी चेतावनी बैनर लगवायें जायें।उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालयों और कॉलेजों में नशा सम्बन्धी जागरूकता कार्यक्रम चलाया जायें। उन्होने कॉलेजों में गोष्ठी का आयोजन किये जाने पर जोर दिया। पान.मसाला एवं परचून आदि की फुटकर दुकानों पर अभियान चलाकर गांजे की बिक्री की चेकिंग की जाए। जिससे गांजा व अन्य नशे से संबंधित पदार्थो की बिक्री पर रोक लग सके। उन्होने अस्पतालो में नशा मुक्ति संबन्धी एक हेल्प लाइन डेस्क का संचालन किए जाने के निर्देश दिए है। एनडीपीएस अधिनियम के अन्तर्गत दर्ज अभियोगों को न्यायालय द्वारा जल्द से जल्द निस्तारित कराया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0ध्रा0 राम प्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, जिला आबकारी अधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र सिंह, उपजिलाअधिकारी चरखारी प्रदीप कुमार, उप जिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद सहित अन्य अधिकारीध्कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# आसिम बिहारी को एआइपीएमएम ने दी श्रद्धांजलि

■ मौलाना आसिम बिहारी ने अपने जीवन को पसमांदा समाज के लिये वक्फ किया था : शाहीन अंसारी



**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के लखनऊ स्थित राष्ट्रीय कार्यालय पर मौलाना अली हुसैन आसिम बिहारी को उनकी यौम-ए-पैदाइश पर खिराज-ए-अकीदत पेश करते हुए उनके लिए दुआ-ए-मगफिरत की गई। इस अवसर पर संगठन ने उनके लिये प्रार्थना की और अल्लाह तआला से उनकी मगफिरत की दुआ की। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश प्रभारी शाहीन अंसारी ने कहा मौलाना अली हुसैन आसिम बिहारी (15 अप्रैल 1890 -6 दिसंबर 1953) भारतीय इतिहास में एक ऐसी शख्सियत हैं, जिन्होंने पसमांदा (दलित और पिछड़े) मुस्लिम समुदाय को सामाजिक, शैक्षिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। वे न केवल पसमांदा आंदोलन के जनक थे, बल्कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक निष्ठावान सिपाही और समाज सुधारक भी थे। उनकी यौम-ए-पैदाइश पर हमें उनके बलिदानों, विचारों और विरासत को याद करने का अवसर मिलता है, जो आज भी सामाजिक न्याय और समानता की लड़ाई में प्रेरणा का स्रोत हैं। लखनऊ जिला अध्यक्ष फैज मोहम्मद ने कहा कि मौलाना आसिम बिहारी का जन्म 15 अप्रैल 1890 को बिहार के नालंदा जिले के बिहार शरीफ में, मोहल्ला खास गंज में एक साधारण पसमांदा बुनकर परिवार में हुआ। उनका असली नाम अली हुसैन था, लेकिन आसिम बिहारी उपनाम उनके बिहार से गहरे लगाव और उनकी सादगी को दर्शाता है। उनके दादा, मौलाना अब्दुर्रहमान, 1857 की क्रांति में शामिल थे, जिससे उनके परिवार में देशभक्ति और सामाजिक चेतना की नींव पहले से मौजूद थी।

उनका मानना था कि इस्लाम में समानता का संदेश होने के बावजूद, सामाजिक संरचनाओं ने मुस्लिम समाज को भी जातियों में बांट दिया है, जिसे खत्म करना जरूरी है। स्वं. आसिम ने 1908-09 में मौलाना हाजी अब्दुल जब्बार शेखपुरवी ने पसमांदा संगठन बनाने की कोशिश की थी, जो असफल रही। इस असफलता ने आसिम बिहारी को गहरा प्रभावित किया। 1911 में, उन्होंने तारीख-ए-मिनवाल व अहलहु (बुनकरों का इतिहास) पढ़ी, जिसने उन्हें पसमांदा समुदाय की ऐतिहासिक उपेक्षा और उनके अधिकारों के लिए लड़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्रदेश सचिव एजाज इदरीसी, पूर्वी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष महताब आलम इदरीसी, लखनऊ के जिला अध्यक्ष फैज मोहम्मद, जिला उपाध्यक्ष हबीब अंसारी, नईम इदरीसी, शमसुद्दीन बरकती, जिला कार्यकारिणी सदस्य जफर आलम, महताब आलम, नईम सैफी, अखलाक, एहतेशाम आदि लोग उपस्थित रहे।

# रानी शंकर सहांय इण्टर कालेज में बालिकाओं को बांटी गई छात्रवृत्ति

**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** रानी शंकर सहांय बालिका इण्टर कालेज में बालिकाओ की शिक्षा व उनके सशक्तिकरण से संबंधित विद्यालय की दिवंगत पूर्व प्रधानाचार्य स्वर्गीय शुचिप्रभा शुक्ला की स्मृति में उनके परिजनो द्वारा 2015 से संचालित शुचिप्रभा मेरीटोरियस स्कॉलरशिप के अन्तर्गत विद्यालय की विभिन्न कक्षाओ के मेधावी छात्राओ जिन्होंने अपनी कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है, को उनके परिणाम के आधार पर प्रमाणपत्र, मेड एवं नकद पारितोषिक रूपये का वितरण किया गया।

पुरस्कृत छात्राओ में कक्षा-11 की छात्राओ में अलशिफा प्रथम, दिव्यांशी राज द्वितीय व अक्क्षा नाज तृतीय व कक्षा 9 की छात्रा माही प्रथम, महिमा द्वितीय, अर्शनूर तृतीय, आठवीं में निखत प्रथम, रमशा द्वितीय, रिदा तृतीय, सातवीं में प्रियंका प्रथम, सिदरा द्वितीय, जीनत तृतीय, कक्षा-6 की छात्राओ में शुकफ प्रथम, श्रेया द्वितीय, सारा तृतीय स्थान की छात्राओ को मेडल, सर्टीफिकेट एवं नकद प्रथम 1500, द्वितीय 1000 व तृतीय को 600 रूपये पुरस्कार प्रदान किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य रूचि श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि एवं शुचिप्रभा मेरीटोरियस स्कालरशिप के संस्थापक हरीशचन्द्र शुक्ला ने छात्राओ को नकद पुरस्कार से पुरस्कृत कर उन्हें बधाई प्रदान की। साथ ही उन्होंने दिवंगत प्रधानाचार्या के 37 वर्षो के कार्यकाल के अथक परिश्रम निःस्वार्थ भावनापूर्ण किये गये कार्यो का उल्लेख करते हुए उनकी बालिका शिक्षा व उनके सशक्तिकरण को समर्पित उनके जीवनकाल की सराहना की।

# हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान के तहत बच्चों ने निकाली रैली




**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधान प्रतिनिधि अरूण कुमार व सचिव सुभाष चन्द्र वर्मा एवं प्रधानाचार्य नूरूल हसन के नेतृत्व में स्कूली बच्चों द्वारा एक भव्य रैली निकालकर भारतीय संविधान के प्रति जागरूकता और बच्चों में देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित किया। मंगलवार को रैली की शुरुआत क्षेत्र के ग्राम जुनैदपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय से प्रारम्भ होकर गाँव की प्रमुख गलियों से होती हुई समापन स्थल पर संपन्न हुई। हाथों में झंडे और संविधान से जुड़े नारों की तख्तियाँ लिए बच्चे पूरे जोश के साथ हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान, संविधान का सम्मान, देश का मान जैसे नारों से वातावरण को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर रहे थे। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि अरूण कुमार ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न सिर्फ बच्चों में संवैधानिक मूल्यों की समझ विकसित करते हैं, बल्कि समाज को भी एकजुट करने का कार्य करते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्यनूरूल हसन ने बताया कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर 14 अप्रेल से 28 अप्रेल तक चल रहे अभियान के तहत आयोजित किया गया है और इसका उद्देश्य संविधान के महत्व को जन-जन तक पहुँचाना है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को मिठाई वितरित की गई। इस दौरान सहायक अध्यापक रतन बाबू, दिनेश कुमार, ब्रज प्रताप सिंह, शिव वीर दुबे सहित अवधेश, शेखर, निरोत्तम, अनिल शुक्ला, रामशरन, श्याम बाबू बाथम, मुकेश, मोतीलाल, बृजपाल सिंह, ऐश्वर्या सिंह, अनीता, प्रीति सिंह, इंद्रेश सिंह, हरी बाबू, अमित कुमार, सूरज, विनय, मुन्नू बाबू आदि मौजूद रहे।

# एक शाम बाबा साहेब डा. अम्बेडकर के नाम हुआ मुशायरा व कवि सम्मेलन

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बीतीशाम क्षेत्र के ग्राम मिरगावां मे संविधान रचयिता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के शुभ अवसर पर एक मुशायरा व कवि सम्मेलन संपन्न जिसमे कई शायरों ने अपने कलाम पेश कर श्रोताओं को तालिंया बजाने पर मजबूर कर दिया।

सोमवार की शाम सर्वप्रथम शराफ्त सौंसरापुरी ने नात पाक पढ़कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसी क्रम मे शायर राजे तालिब ने कलाम पढ़कर तालियां बटोरी। खबीर कन्नौजी ने यह किसी ख्वाब की ताबीर नहीं हो सकती वक्त ताबे हो यह तकदीर नहीं हो सकती। मसरूर सौसरापुरी ने मुफीद कन्नौजी ने यारों तुम आया करो बस लोगों के काम यही सनातन धर्म है और यही है इस्लाम। उफ्क गुरसहायगंजवी ने इश्क मे जब हुआ मुब्तिला आईना हो गया आईने का पता आईना चांद वारसी ने उठा रखा है सर पे जमाना न जाने क्या जमाना चाहता है। अहमद जलालाबादी ने शफ्कत का अगर हाथ या तीनों पर रखोगे फिर बच्चे तुम्हारे भी परेशां न रहेंगे। गुरसहायगंज के शायर अब्दुल मतीन ने अपना कलाम पढ़ते हुए कहा कि यह जख्म गहरा है इस बात का इशारा है बहुत गरीब से खंजर किसी ने मारा है उनके कलाम को सुनकर महफिल मे तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी।

वही हास्य कवि मधुप श्रीवास्तव नर कंकाल ने अपने हास्य कविताओं से लोगों को लोटपोट कर दिया इसके अलावा अन्य शायरों ने भी अपने-अपने कलाम पेश किये कार्यक्रम का संचालन युवा शायर आफ्ताब अहमद ने किया। इसी कड़ी मे समाजवादी लोहिया वाहिनी राष्ट्रीय सचिव अरुण कुमार शर्मा ने शायरों व गणमान्य नागरिकों को तिरंगा पटुका पहना कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्र के समाजसेवी हाजी याद मोहम्मद ने फीता काटकर किया एवं मुशायरे की रस्म के मुताबिक युवा समाजसेवी शाहिद जमाल राजू, रालोद जिलाध्यक्ष जावेद हुसैन, सलोवा राष्ट्रीय सचिव अरुण कुमार शर्मा, मुकीम खान ने संयुक्त रूप से शमा जलाई। इस अवसर पर आयोजक उमर इदरीसी के आलावा पूर्व प्रधान मुनव्वर हसन एडवोकेट, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष असलम खान, हाजी शराफ्त खान, इरफान खान कोटेदार, रईस खान आदि लोग मौजूद रहे।

## मार्ग दुर्घटनाओ में तीन युवक घायल

**उन्नाव।** बांगरमऊ क्षेत्र के दो अलग-अलग मार्गो पर दुर्घटनाओं में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा तीनों घायलों को नाजुक हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सीमावर्ती जिला हरदोई के थाना मल्लावां अंतर्गत ग्राम मिर्जापुर निवासी अरकान 23 वर्ष पुत्र दिलशाद अपने गांव के ही सुएब आलम 21 वर्ष पुत्र खालिक के साथ बाइक से लखनऊ गया था। दोनों युवक आज सोमवार को बाइक से वापस अपने गांव आ रहे थे।

तभी रास्ते में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर स्थित ग्राम सब्ली खेड़ा के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक के पीछे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस दोनों घायलों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों की हालत नाजुक देखकर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके अलावा बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में तकिया-गौरिया कलां मार्ग पर स्थित पतेली खेड़ा पुल के निकट सोमवार की दोपहर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

# किसानों ने चार सूत्री मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन



■ धरने के बाद उपजिलाधिकारी सदर को भारतीय किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** मूंगफली खरीद की तरह गेहूं खरीद में घोटाला न हो, हर घर जल योजना के तहत खोदी गई,सीसी सड़के और गलियों को बनवाए जाने शेखूनगर मुहल्ले में बिजली का बिल हर माह लेने के बाद भी पोल न लगाए जाने से मुहल्लेवासी बल्लियों के सहारे बिजली लाइन ले गए है, जिससे खतरा बना रहता है। मुहल्ले में बिजली के खंबे लगाए जाने की मांग की गई, साथ ही किसानों की फसल बर्बाद कर रही नील गायें और वनरोजों से बचाए जाने आदि मागों को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने तहसील में धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया।

भारतीय किसान यूनियन के जिला महामंत्री ईश्वरी प्रसाद तिवारी ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में पूर्व में खोले गए मूंगफली क्रय केन्द्रों पर करोड़ों रुपये का घोटाला हुआ है, अब गेहूं क्रय केन्द्र में मूंगफली क्रय केन्द्रों की तरह घोटाला नही होना चाहिए नही तो किसान यूनियन सड़कों पर उतर कर विरोध करेगा। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष माधुरी दीक्षित ने कहा कि किसानों की समस्याओं पर अधिकारी ध्यान नही दे रहे है, जिससे किसानों को बिवश होकर धरना प्रदर्शन का सहारा लेना पड़ता है।

भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष मोहम्मद कमर ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन किसानों की समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन करती है, इसके बाद भी अधिकारी किसानों की समस्याओं को गंभीरता से नही लेते है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष इशहाक खां, सितारा बेगम, राम प्रकाश, नरेश चंद्र,जयन्ती तिवारी सहित तमाम वक्ताओं ने धरना उपरांत उपजिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि हर घर जल योजना के तहत सड़कों को खोदने के बाद आज तक निर्माण नही कराया गया, जिससे अवागमन में असुविधा हो रही है। बिजली विभाग बिल की वसूली तो कर रहा है लेकिन आज तक बिजली लाइन बिछाने के लिए खंबे नही लगाए गए, जिससे लोग बांस बल्लियां गाड़ कर अपने घर तक बिजली लाइन ले गए है। आदि समस्याओं का निराकरण कराने की मांग की है।

# लू एवं हीटवेब को लेकर सीडीओ ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** लू प्रकोप से बचाव व राहत के लिए हीटवेव प्रबंधन एवं सूखा प्रबंधन की तैयारियों को लेकर सीडीओ प्रेम प्रकाश मीना द्वारा एडीएम वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। इस अवसर पर सीडीओ ने विभिन्न विभागों को बचाव एवं राहत कार्य हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी सम्बन्धित अधिकारी अपनी-अपनी जिम्मेदारी को ध्यान में रखते हुए दिए गए निर्देश अमल में लाएं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग सभी चिकित्सालयों में डॉक्टर्स व दवाओं की उपलब्धता, परिवहन विभाग बस स्टैंडों व सार्वजनिक स्थानों पर छाया व पेयजल की व्यवस्था, पशुपालन विभाग पशुओं के लिए दवाओं व पीने के पानी की व्यवस्था, वनविभाग जानवरों व पक्षियों के लिए पानी का प्रबंधन तथा जंगल क्षेत्र में आग से बचाव के लिए उचित व्यवस्था, शिक्षा विभाग विद्यालयों में पेयजल व्यवस्था तथा बच्चों को लू प्रकोप की जानकारी तथा नगर निकाय व पंचायती राज विभाग शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ व शीतल जल की व्यवस्था सुनिश्चित कराए। उन्होंने अग्निशमन विभाग को निर्देश दिए कि जनपद में अग्निकांडो को न्यून करने का कार्य सुनिश्चित करें! अग्निकांड को शीघ्र कंट्रोल करने हेतु 24'7 कंट्रोल रूम संचालित करें।

# संक्षिप्त समाचार

## चेंकिग अभियान मे 28 ऑटो/टैम्पो-टैक्सी/ई-रिक्शा का किया गया चालान : संजीव कुमार सिहं



**हरदोई।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन संजीव कुमार सिहं ने बताया है कि मुख्य मंत्री व शासन के निर्देशो के अनुपालन मे जनपद हरदोई मे 01 मार्च 2025 से निरन्तर चेंकिग अभियान चलाया गया। जनपद मे अपंजीकृत ई-रिक्शा/बिना पूर्ण प्रपत्रो के (फिटनेस, टैक्स, बीमा, परमिट, प्रदूषण नियन्त्रण) संचालित एवं निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी लेकर चलने वाले ऑटो/टैम्पो-टैक्सी/ई-रिक्शा की जाँच की गई। इस क्रम में जनपद हरदोई की विभिन्न स्थानो पर लोगों को जागरूक करने हेतु सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाया गया, लोगो को जागरूक करने हेतु उन्हे पम्पलेट/लीफलेट वितरित किये गये एवं चेंकिग अभियान चलाया गया। आज जनपद मे 13 ऑटो/टैम्पो-टैक्सी/ई-रिक्शा निरूद्ध किये गये एवं कुल 28 ऑटो/टैम्पो-टैक्सी/ई-रिक्शा का चालान किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

## ई-रिक्शा पलटने से एक की मौत, चालक घायल

**उन्नाव।** सोमवार करोवन परियार मार्ग पर स्थित जगेनगर चौराहे से थोड़ी दूर पर ई रिक्शा अनियंत्रित होकर खंती में जा पलट हादसे में चालक को मामूली चोट आई वहीं साथी की दबकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

माखी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बुलंदपुर मजरा बिधनू निवासी उदयचंद गौतम 45 वर्ष पुत्र स्व भगवानदीन अपने साथी ग्राम उनवा निवासी मुसीम के साथ उसी के ई रिक्शा से शहर की ओर आ रहे थे। अभी वह परियार मार्ग पर स्थित जगेनगर चौराहे के पास पहुंचे ही थे तभी तेज रफ्तार होने से ई-रिक्शा पलटकर खंती में जा गिरा हादसे में चालक मुसीम को महमूली चोट आई जबकि उदयचंद की दबकर मौत हो गई राहगीरों की मदद से दोनों को बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक के दो बेटे दो बेटी है अनुज, चांदनी, अंजलि, संतराम, पत्नी गीता हैं। बड़ी बेटी चांदनी की दो जून को शादी है जिसका रो रो कर बुरा हाल था।

## दो सटोरिए चढ़े पुलिस के हत्थे



**उन्नाव।** आईपीएल शुरू होने के साथ हर दिन हार जीत पर लाखों रुपए का सट्टा लगाया जा रहा है। सोमवार को स्वाट और सर्विलांस की मदद से कोतवाली पुलिस ने दो सटोरियों को पकड़ा है। इनके पास नगदी सहित अन्य सामग्री बरामद हुई है। आईपीएल शुरू होते सट्टा बाजार गर्म है। शहर से लेकर गांव तक हर गेंद पर लाखों रुपए का सट्टा लग रहा है। एसपी दीपक भूकर ने इन्हें पकड़ने के लिए पुलिस टीमों को निर्देश दिए है। सोमवार को स्वाट सर्विलांस टीम व सदर कोतवाली पुलिस की टीम ने मुखबिर से मिली सूचना पर कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर स्वस्तिक हांडा एजेंसी के पास छापेमारी की। जहां से टीम ने सचिन गुप्ता पुत्र रामबाबू निवासी दरियनटोला कैसरगंज व मनीष अग्रवाल पुत्र स्व. सतीश चन्द्र निवासी मोहल्ला पुरानी बाजार सदर कोतवाली को पकड़ा। इनके पास से लेपटॉप, इलेक्ट्रानिक डिवाइस, नोट बुक सट्टा पर्ची, अदद बैग व 46,800 बरामद हुए। पुलिस ने सभी गिरफ्तार के जुआं अधिनियम में कार्रवाई की है।

## डीसीएम की टक्कर से टैक्टर सवार मजदूर की मौत

**उन्नाव।** अजगैन कोतवाली के आइमा खेड़ा निवासी हीरालाल (65) मजदूरी करता था। रविवार को वह कोतवाली क्षेत्र के परसंदन गांव में थ्रेसरिंग करने गया था। जहां से वह ट्रैक्टर चालक के साथ रात में लौट रहा था। तभी कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाइवे पर नवाबगंज पुलिस चौकी के पास तेज रफ्तार डीसीएम ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। इससे बोनट में बैठा हीरालाल उछलकर सड़क पर गिर कर गंभीर घायल हो गया। जिसे नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया गया। जहां से इसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसकी मौत बेटा टुन्नीलाल व राधेश्याम बेहाल है। अजगैन पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## ग्राम प्रधान पति और सचिव के बीच कमिशन की बातचीत का ऑडियो वायरल

**महोबा।** विकास खंड कबरई के ग्राम ज्यारैया गौशाला में ग्राम प्रधान के पति और ग्राम विकास अधिकारी के बीच कमीशन की बातचीत का ऑडियो वायरल होने से हड़कंप मचा हुआ है। वायरल ऑडियो मे महिला ग्राम विकास अधिकारी गायों की संख्या के आधार पर कमिश्न मांगती सुनाई दे रही है। ऑडियो वायरल होने के बाद प्रशासन ने जांच के आदेश दिए है। वायरल ऑडियो में सचिव गायों की वास्तविक दस प्रतिशत कमिशन की बात कह रही है। साथ ही फर्जी संख्या दिखाने पर 50 प्रतिशत कमिशन लेने की बात चल रही है। गौशाला में गायों की संख्या जानबूझ कर बढ चढा कर दिखाई जा रही है, इसी के आधार पर सरकारी साहयता राशि में से अवैध वसूली की जा रही है। मामला सामने आने पर प्रशासन ने जांच शुरू करा दी है। ग्रामीणों का कहना है कि गायों की संख्या बढाकर दर्शाना आम बात है। इसी तरह ग्राम पंचायतों में विकास योजनाओं और फंड वितरण में पहले भी गड़बड़ियां सामने आई है। ग्रामीणों ने मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र सिंह से वायरल ऑडियो की निष्पक्ष तरीके से जांच कराकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। सीडीओ ने बताया कि वायरल ऑडियो की जांच कराई जा रही है, जांच आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# बरेली में सेक्रेड हार्ट्स ने मानस स्थली की टीम को हराया, एसआर ने डीपीएस को दी मात

**विकेट**

**लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीपीएस की टीम ने भी तेजी से खेलना शुरू किया और 10 ओवरों में चार विकेट खोकर 80 रन बना लिए।**




**बरेली।** बरेली में एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स में सोमवार को दो मुकाबले खेले गए। इसमें सेक्रेड हार्ट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल और एसआर इंटरनेशनल ने जीत हासिल की। पहले मैच में सेक्रेड हार्ट्स के कप्तान अभिनव ने टॉस जीतकर मानस स्थली को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहली ही गेंद पर सारांश ने मानस स्थली के कप्तान सत्यांश को क्लीन बोल्ड कर बड़ा झटका दिया। इसके बाद मानस स्थली की बल्लेबाजी ताश के पत्तों के महल की तरह बिखर गई। पूरी टीम 14.5 ओवर में 43 रन ही बना सकी। टीम का कोई भी बल्लेबाज दहाई के अंक तक नहीं पहुंच पाया। सेक्रेड हार्ट्स की टीम ने 7.2 ओवरों में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। सेक्रेड हार्ट्स के गेंदबाज आरुष गुप्ता ने 3.5 ओवरों में पांच रन देकर चार विकेट हासिल किए। इस उपलब्धि के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। दूसरे मुकाबले में एसआर इंटरनेशनल के कप्तान शुभ गंगवार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। शुभ गंगवार ने दो छक्कों और नौ चौकों की मदद से 53 गेंदो पर नाबाद 79 रनों की कप्तानी पारी खेली। टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट खोकर 145 रनों का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीपीएस की टीम ने भी तेजी से खेलना शुरू किया और 10 ओवरों में चार विकेट खोकर 80 रन बना लिए। इसके बाद नियमित अंतराल पर टीम के विकेट गिरते चले गए। डीपीएस के अन्य छह बल्लेबाज अगले पांच ओवर में पवेलियन लौट गए और पूरी टीम 15 ओवर में 104 रन ही बना सकी। एसआर के कप्तान शुभ गंगवार ने तीन विकेट हासिल किए। हरफनमौला प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# मैं नहीं चाहता किसी अन्य टीम को मिले, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के हाथ से गिरी ट्रॉफी



**नई दिल्ली।** व्हाइट हाउस के साउथ लॉन में ओहयो स्टेट की फुटबॉल टीम को सम्मानित करने के लिए समारोह का आयोजन हुआ था। इस दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने टीम की तारीफ की और फोटो सेशन हुआ। इसके बाद वेंस ने मंच पर ट्रॉफी उठाने की कोशिश की, जैसे ही उन्होंने ट्रॉफी उठाई उसका ऊपरी हिस्सा और नीचे का हिस्सा अलग हो गया। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस इन दिनों सुर्खियों में हैं। इसका कारण उनके हाथों से ट्रॉफी का गिरकर टूटना है। दरअसल, ओहयो स्टेट यूनिवर्सिटी की फुटबॉल टीम ने सोमवार को व्हाइट हाउस का दौरा किया था। इस दौरान कॉलेज फुटबॉल प्लेऑफ नेशनल चैंपियनशिप की ट्रॉफी को उपराष्ट्रपति ने गलती से गिरा दिया और वह टूट गई। अब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। व्हाइट हाउस के साउथ लॉन में ओहयो स्टेट की फुटबॉल टीम को सम्मानित करने के लिए समारोह का आयोजन हुआ था। इस दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने टीम की तारीफ की और फोटो सेशन हुआ। इसके बाद वेंस ने मंच पर ट्रॉफी उठाने की कोशिश की, जैसे ही उन्होंने ट्रॉफी उठाई उसका ऊपरी हिस्सा और नीचे का हिस्सा अलग हो गया। ट्रॉफी का बेस जमीन पर गिर गया जबकि ओहयो स्टेट के ट्रेवेयॉन हेंडरसन ने ऊपरी हिस्सा बचा लिया। इस घटना ने सभी को चौंका दिया। हालांकि, वेंस ने हेंडरसन की मदद से ट्रॉफी को जोड़ा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिस पर यूजर्स मिली जुली प्रतिक्रिया दे रहे हैं। इस पर जवाब देते हुए जेडी वेंस ने ट्वीट किया। उन्होंने मजाकिया अंदाज में लिखा- मैं नहीं चाहता था कि ओहयो स्टेट के बाद कोई और इस ट्रॉफी को ले। बता दें कि, जेडी वेंस ओहयो स्टेट के 2007 के पूर्व छात्र हैं।

## वेदान टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट... जीएसटी 11 और गज ग्रीन के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

**बरेली।** शैली शुक्ला मेमोरियल ट्रस्ट और बरेली क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित वेदान टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-एक में सोमवार को सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। जीएसटी 11 और गज ग्रीन की टीम ने अपने-अपने मैच जीतकर फाइनल में जगह बनाई। पहले सेमीफाइनल में जीएसटी के कप्तान राहुल कपूर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट खोकर 188 रन बनाए।

# गुरु गोविंद सिंह इंटर कॉलेज ने जमाया ट्रॉफी पर कब्जा, फाइनल में एयरफोर्स स्कूल को 4-1 से हराया



**बरेली।** बरेली डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से आयोजित इंटर स्कूल अंडर-14 बालक वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच सोमवार को खेला गया। खिताबी मुकाबले में गुरु गोविंद सिंह इंटर कॉलेज की टीम ने जीत दर्ज की।

बरेली में इंटर स्कूल अंडर-14 बालक वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में सोमवार को गुरु गोविंद सिंह इंटर कॉलेज की टीम ने एयरफोर्स स्कूल को 4-1 से मात देकर खिताब अपने नाम किया। बरेली डिस्ट्रिक फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में एयरफोर्स के कार्तिक वर्मा ने बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए, गुरु गोविंद सिंह इंटर कॉलेज की टीम के तीन खिलाड़ियों को चकमा देकर गेंद ध्रुव मेहता को पास की। उन्होंने शानदार किक लगाई, जिसे गुरु गोविंद सिंह इंटर कॉलेज के गोलकीपर प्रांजल कुमार नहीं रोक पाए। इस गोल के साथ एयरफोर्स स्कूल की टीम ने 1-0 से बढ़त बनाई।

इसके बाद गुरु गोविंद सिंह इंटर कॉलेज के खिलाड़ियों ने जवाबी हमला किया। 28वें मिनट में आनंद राज सोनी ने गोल दागकर स्कोर को बराबर कर दिया। इसके बाद गुरु गोविंद सिंह इंटर कॉलेज की टीम से 42वें मिनट में आर्यन यादव, 51वें मिनट में यश यादव और 58वें मिनट में लव सोनकर ने गोल कर टीम को 4-1 से जीत दिलाई।इससे पहले डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर मुकाबले का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि आरएसओ जितेंद्र यादव ने विजेता टीम को ट्रॉफी दी। एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने उपविजेता एयरफोर्स स्कूल और चौधरी देवेंद्र सिंह ने द्वितीय उपविजेता आर्मी पब्लिक स्कूल की टीमों को प्रमाणपत्र दिए।

आर्मी पब्लिक स्कूल के लवीश कुमार को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए ट्रॉफी दी गई। एसोसिएशन के संयुक्त सचिव मंजूर हसन की ओर से खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र दिए गए। प्रतियोगिता में लक्ष्मण पुरस्कार विजेता अंतरराष्ट्रीय तैराक उमेश निषाद ने खिलाड़ियों को पदक देकर सम्मानित किया।

# आईपीएल टिकट के लिए दर्शकों को करना होगा थोड़ा इंतजार



**धर्मशाला।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में मई में होने वाले आईपीएल मैचों की टिकट के लिए क्रिकेट प्रेमियों को अभी थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। फ्रैंचाइजी की ओर आधिकारिक वेबसाइट पर अभी तक पंजाब किंग्स के मैचों की टिकटों की ऑनलाइन बिक्री शुरू नहीं की गई है। अभी तक पंजाब किंग्स के केवल 15 अप्रैल तक के मैचों के लिए ही टिकटों को ऑनलाइन बेचा जा रहा है। जबकि 20 अप्रैल को मोहाली में होने वाले मैच की टिकटों की ऑनलाइन सेल शुरू नहीं की है। जिससे प्रदेश सहित पंजाब के क्रिकेट प्रेमियों को धर्मशाला में होने वाले आईपीएल मैचों की टिकट के लिए एक सप्ताह तक इंतजार करना पड़ेगा। जानकारी के अनुसार पंजाब किंग्स की ओर से पंजाब में बचे दो मैचों की टिकटों को पहले ही बेचा जाएगा, ताकि इन मैचों में भी दर्शकों की संख्या अधिक हो। वहीं मोहाली के स्टेडियम में धर्मशाला से ज्यादा दर्शकों के बैठने की क्षमता है। एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने कहा कि आईपीएल मैचों के दौरान टिकटों की ऑनलाइन और ऑफलाइन बिक्री का अधिकार केवल फ्रैंचाइजी का होता है। इसमें एचपीसीए को कोई हस्तक्षेप नहीं रहता है। फ्रैंचाइजी ने कब इसकी सेल करनी है। अभी यह तय नहीं है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि जल्द ही एक सप्ताह के भीतर धर्मशाला में होने वाले मैचों की ऑनलाइन बिक्री शुरू हो सकती है।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए महिला हॉकी टीम में पांच नए चेहरे

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के दौरे के लिए सोमवार को 26 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा की, जिसमें पांच नए चेहरों को पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया गया है। हॉकी इंडिया ने 26 अप्रैल से चार मई तक होने वाले ऑस्ट्रेलिया के दौरे के लिए सोमवार को 26 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा की, जिसमें पांच नए चेहरों को पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया गया है। ये पांचों खिलाड़ी ज्योति सिंह, सुजाता कुजूर, अजमीना कुजूर, पूजा यादव और महिमा टेटे हैं। भारत इस दौरे में कुल पांच मैच खेलेगा। टीम का नेतृत्व सलीमा टेटे करेंगी, जबकि नवनीत कौर को उप कप्तान बनाया गया है।

## द भूतनी से स्त्री की तुलना को लेकर सनी सिंह ने दिया मजेदार जवाब



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सनी सिंह की फिल्म द भूतनी जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की रिलीज से पहले सनी ने अपनी आगामी फिल्म द भूतनी की स्त्री से तुलना को लेकर अपनी राय शेयर की है। द भूतनी फिल्म 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। इस फिल्म में मौनी रॉय, पलक तिवारी, संजय दत्त और सनी सिंह ने मुख्य भूमिका निभाई है। हाल ही में जब सनी से फिल्म स्त्री और द भूतनी की तुलना को लेकर सवाल पूछा गया तो जानिए क्या दिया सनी ने मजेदार जवाब... ओटीटी प्ले की एक खबर के मुताबिक, एक इंटरव्यू के दौरान जब सनी से द भूतनी की तुलना स्त्री फिल्म से की गई तो इस पर उन्होंने कहा कि दोनों फिल्में हॉरर-कॉमेडी शैली की हैं, लेकिन उनकी कहानियां अलग हैं, भले ही उनकी दुनिया एक जैसी लगे।

ओटीटी प्ले की एक खबर के अनुसार, सनी सिंह का कहना है कि भूतनी की शूटिंग 2022 में हुई थी, जब स्त्री 2 इतनी चर्चा में नहीं थी। उन्होंने कहा, हॉरर-कॉमेडी में रोमांस आम है, लेकिन दोनों फिल्मों की कहानी एक दूसरे को अलग बनाती हैं। सनी के मुताबिक, द भूतनी में डर और हंसी दोनों का मजा मिलेगा और यह फिल्म खासतौर पर बच्चों को बेहद पसंद आएगी।

# रणदीप हुड्डा ने क्यों किया आमिर खान की हिट फिल्म करने से इंकार?



**मुंबई।** रणदीप हुड्डा हालिया रिलीज फिल्म 'जाट' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में वह विलेन के रोल में नजर आए। अब तक के करियर में रणदीप ने कई बेहतरीन फिल्में कीं। साथ ही कुछ बड़ी फिल्में भी रणदीप हुड्डा ने छोड़ दीं, जिसमें आमिर खान की फिल्म भी शामिल रही। आखिर ऐसा करने के पीछे क्या कारण रहा, जानिए? फिल्म 'जाट' में सनी देओल ने मुख्य भूमिका निभाई है, उनके सामने विलेन के रोल में रणदीप हुड्डा नजर आए। फिल्म में रणदीप के किरदार को काफी सराहा जा रहा है। हाल ही में इस फिल्म के प्रमोशन के लिए रणदीप हुड्डा ने कई इंटरव्यू दिए, जिसमें करियर को लेकर भी बातचीत की। इसी दौरान रणदीप ने बताया कि उन्होंने एक अजीब कारण से आमिर खान की फिल्म को करने से इंकार किया।

शुभंकर मिश्रा के पॉडकास्ट में की गई बातचीत में रणदीप हुड्डा कहते हैं, 'राकेश ओमप्रकाश मेहरा फिल्म 'रंग दे बसंती' बना रहे थे। मैंने भी ऑडिशन दिया। मुझे फिल्म में भगत सिंह वाले किरदार के लिए साइन किया जाना था। बाद में यह रोल साउथ एक्टर सिद्धार्थ को मिला। राकेश मुझसे कहते रहे कि फिल्म कर लो। उसी दौरान रामगोपाल वर्मा ने मुझसे कहा क्या तुम पोस्टर में आमिर खान के पीछे खड़े होना चाहते हैं, जबकि मैं तुम्हें लेकर फिल्म 'डी' बनाने की सोच रहा हूं। ऐसे में मेरी जाट अकड़ निकल आई। मैंने फिल्म 'रंग दे बसंती' नहीं की। इसी कारण से मैंने फिल्म 'रॉक ऑन' भी नहीं की।

आगे रणदीप हुड्डा कहते हैं, 'अगर मैंने रंग दे बसंती की होती तो मैं आज एक अलग लीग का हिस्सा होता।' रणदीप को इस फिल्म को ना करने का काफी अफसोस है। वैसे रणदीप ने आगे चलकर 'सरबजीत' और 'स्वतंत्र वीर सावरकर' में लीक से हटकर किरदार निभाए, जिसमें उन्हें सराहा गया। हाल में फिल्म 'जाट' में नजर आए रणदीप हुड्डा एक और फिल्म इस साल कर रहे हैं। वह एक हिंदी फिल्म 'मैचबॉक्स' में नजर आ सकते हैं। इन दिनों इस फिल्म की शूटिंग भी हो रही है।

## इस फिल्म को देखे बिना खाना तक नहीं खाते थे अर्जुन कपूर



**मुंबई।** अर्जुन कपूर ने खुलासा किया कि वह बचपन में एक खास फिल्म देखे बिना खाना नहीं खाते थे। यह मजेदार बात अभिनेता ने एक यूट्यूब चैनल से बातचीत के दौरान बताई। बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर ने हाल ही में अपने बचपन की एक पसंदीदा फिल्म को लेकर मजेदार खुलासा किया है। उन्होंने हाल ही में साझा किया कि एक फिल्म थी, जिसे वह इतना पसंद करते थे कि बिना देखे खाना तक नहीं खाते थे। यूट्यूब चैनल चलचित्र टॉक्स पर बातचीत में अर्जुन ने इस फिल्म से जुड़ी अपनी यादें ताजा कीं और बताया कि यह उनके लिए कितनी खास है। आइए जानते हैं कि वह कौन सी फिल्म है और अर्जुन का उससे क्या कनेक्शन है। अर्जुन जिस फिल्म की बात कर रहे थे वह थी साल 1987 में आई मिस्टर इंडिया। इसे देखकर अर्जुन आज भी हैरान हो जाते हैं कि उस जमाने में इतने शानदार स्पेशल इफेक्ट्स कैसे बनाए गए। उस समय भारतीय सिनेमा में विजुअल इफेक्ट्स (वीएफएक्स) का ज्यादा चलन नहीं था, लेकिन इस फिल्म ने कमाल कर दिखाया। अर्जुन ने कहा, ÷मुझे नहीं पता कि उन्होंने ऐसा कैसे किया। फिर भी, सब कुछ इतना साफ और शानदार दिखता है। शायद तब फिल्म बनाने में धैर्य होता था। फिल्म के पीछे की मेहनत भी कम नहीं थी। बातचीत के दौरान अर्जुन ने अपने पिता और फिल्म के प्रोड्यूसर बोनी कपूर से सुनी एक भी बात बताई। उन्होंने कहा, ÷यह उस समय की बहुत महंगी फिल्म थी।

# राज शांडिल्य की कॉमेडी फिल्म में दिखेंगे सिद्धार्थ मल्होत्रा

**रिपोर्ट**

**पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म की शूटिंग सितंबर 2025 से शुरू होगी। इस फिल्म को राज शांडिल्य निर्देशित करेंगे, जो अपनी हंसी से भरी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं।**



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा इन दिनों अपनी आने वाली फिल्मों को लेकर खूब चर्चा में हैं। वह इस समय जाह्नवी कपूर के साथ अपनी रोमांटिक फिल्म परम सुंदरी की शूटिंग में व्यस्त हैं, जो जुलाई 2025 में रिलीज होने वाली है। हालांकि, इसी बीच एक नई खबर ने फैंस का ध्यान खींच लिया है। सिद्धार्थ अब एक कॉमेडी से भरपूर फिल्म में नजर आने वाले हैं। आइए जानते हैं...सिद्धार्थ मल्होत्रा ने मशहूर प्रोड्यूसर महावीर जैन के साथ एक नई कॉमेडी फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म की शूटिंग सितंबर 2025 से शुरू होगी। इस फिल्म को राज शांडिल्य निर्देशित करेंगे, जो अपनी हंसी से भरी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। एक सूत्र ने इस बारे में कहा, ÷यह एक बड़े बजट की कॉमेडी फिल्म है, जिसमें भरपूर मनोरंजन होगा। सिद्धार्थ, महावीर जैन और राज शांडिल्य की पूरी टीम इस प्रोजेक्ट को लेकर बहुत उत्साहित है। यह फिल्म 2025 की दूसरी छमाही में शुरू होगी। इसकी कहानी और किरदार इतने खास हैं कि यह एक अनोखी फ्रेंचाइजी बन सकती है। प्रोड्यूसर महावीर जैन इस साल दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार हैं। सूत्रों के मुताबिक उनके पास दो मजेदार फिल्में हैं। पहली यह अनाम कॉमेडी फिल्म है और दूसरी एक क्रिएचर कॉमेडी, जिसमें कुछ अलग अंदाज देखने को मिलेगा।

दोनों फिल्मों की स्क्रिप्ट्स बेहद अनोखी हैं और बड़े पैमाने पर मनोरंजन के लिए बनाई जा रही हैं। सिद्धार्थ के पास सिर्फ कॉमेडी फिल्म ही नहीं, बल्कि एक रोमांचक फोक थ्रिलर भी है। उनकी फिल्म वन-फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट भी 2025 में रिलीज होगी। कुछ समय पहले सिद्धार्थ ने ही इस फिल्म का एलान अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से किया था।

# उर्वशी रौतेला के डिलीट हुए पोस्ट का स्क्रीनशॉट वायरल

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला की पोस्ट का एक स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस पोस्ट में उन्होंने एक कमेंट का स्क्रीनशॉट शेयर किया था, जिसमें उनके गाने 'सॉरी बोल' और तमन्ना भाटिया के 'रेड 2' के सॉन्ग 'नशा' की तुलना की गई थी। हालांकि, बाद में उन्होंने इस पोस्ट को डिलीट कर दिया।

**नंबर**

**बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला अक्सर सुर्खियों में आ ही जाती हैं। हाल ही में उन्होंने सनी देओल और रणदीप हुड्डा की फिल्म जाट में एक डांस नंबर किया।**

बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला अक्सर सुर्खियों में आ ही जाती हैं। हाल ही में उन्होंने सनी देओल और रणदीप हुड्डा की फिल्म जाट में एक डांस नंबर किया। 'सॉरी बोल' नाम के इस गाने को दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। अब डिलीट हो चुके पोस्ट में उनके इस गाने की तुलना तमन्ना भाटिया के 'रेड 2' के सॉन्ग 'नशा' से किया गया था।

सोमवार को उर्वशी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक टिप्पणी का स्क्रीनशॉट शेयर किया, जिसमें एक प्रशंसक ने 'जाट' में उनके गाने 'सॉरी बोल' की तुलना 'रेड 2' में तमन्ना के 'नशा' से की थी। टिप्पणी में लिखा था, 'यह गाना 'नशा' से कहीं बेहतर है।' हालांकि बाद में उन्होंने अपनी पोस्ट हटा दी, लेकिन एक रेडिट यूजर ने स्क्रीनशॉट लिया और इसे शेयर कर दिया।

उर्वशी रौतेला पर तंज कसते हुए एक रेडिट यूजर ने लिखा, ÷वह ऐसा कैसे नहीं कर सकती? दुनिया की सबसे कम उम्र की, सबसे खूबसूरत महिला होने के नाते, उनकी कुछ जिम्मेदारियां हैं। हर बार जब उनका कोई नया काम रिलीज होता है, तो हमेशा खुद की सराहना करने वाली पहली व्यक्ति के रूप में उभरना।' एक अन्य ने टिप्पणी की, 'पहली महिला जो बहुत घमंडी है।' एक और ने लिखा था, 'यह उसका पहला मौका नहीं है, आप सभी भूल रहे हैं कि जब 'गेम चेंजर' फ्लॉप हुई थी, तब उन्होंने कियारा का नाम लिया था।'



'जाट' में उर्वशी रौतेला का रणदीप हुड्डा के साथ एक स्पेशल डांस नंबर है। फिल्म में सनी देओल, रिजीना कैसांड्रा और विनीत सिंह भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। गोपीचंद मालिनेनी द्वारा निर्देशित, एक्शन ड्रामा को दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली और इसने पांच दिनों में 47.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है।

## सिर्फ फिल्मों में ही नहीं छोटे पर्दे पर भी तमन्ना भाटिया ने खूब कमाया नाम

**मुंबई।** तमन्ना भाटिया इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म ओडेला 2 को लेकर चर्चा में हैं। तमन्ना फिल्म में शिव भक्त बनी हैं और लोगों की मदद करती हैं। तमन्ना भाटिया ने साउथ की फिल्मों में काम करने के अलावा हिंदी फिल्मों जैसे बबली बाउंसर, एंटरटेनमेंट, हिम्मतवाला और वेदा में काम किया है। तमन्ना ने फिल्मों के अलावा कई टीवी सीरीज में काम किया है। आइए इनके बारे में जानते हैं।

जी करदा भारतीय हिंदी ड्रामा है। इसे अरुणिमा शर्मा ने निर्देशित किया था। यह 2023 में प्राइम वीडियो के लिए बनाया गया था। तमन्ना भाटिया ने इसमें अहम रोल निभाया था। इसके लिए उन्हें 2023 में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला था।

आखिरी सच हिंदी भाषा में रिलीज होने वाली टीवी सीरीज है। इसका निर्देशन रब्बी ग्रेवाल ने किया था। सीरीज के लीड रोल में तमन्ना भाटिया थीं। वह इस सीरीज में पुलिस अफसर बनी थीं। यह सीरीज बुराड़ी मर्डर पर बनी थी। इसे डिज्नी हॉटस्टार पर जारी किया गया था। इसमें अदाकारी करने के लिए भी तमन्ना भाटिया को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवॉर्ड मिला।

नवंबर स्टोरी तमिल भाषा की टीवी सीरीज है। इस क्राइम थ्रिलर का निर्देशन इंदिरा सुब्रमण्यन ने किया है। इसके लीड रोल में तमन्ना भाटिया हैं। यह सीरीज डिज्नी हॉटस्टार पर 20 मई 2021 को रिलीज हुई थी। इसे स्ट्रीमिंग ब्लॉकबस्टर घोषित किया गया।

## कर्ज न चुकाने पर युवक की हत्या, शव जलाकर नदी में फेंकी हड्डियां, शिवसेना नेता समेत तीन गिरफ्तार




**मुंबई।** पुलिस ने बताया कि कुडाल निवासी सिद्धिविनायक उर्फ प्रकाश बिडवाकल 2023 में अपने घर से लापता हो गया था। जांच में पता चला कि बिडवाकल शिवसेना के स्थानीय पदाधिकारी के लिए काम करता था। उसने शिवसेना नेता से पैसे लिए थे। जब वह पैसे चुका नहीं पाया तो उसका अपहरण करके हत्या कर दी गई। महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में कर्ज न चुकाने पर युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। आरोपियों ने कई दिनों तक युवक को बंधक बनाकर रखा। इसके बाद उसके शव को जलाकर हड्डियां नदी में फेंक दीं। पुलिस ने जांच के बाद हत्या के आरोप में शिवसेना पदाधिकारी समेत तीन लोगों का गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि कुडाल निवासी सिद्धिविनायक उर्फ प्रकाश बिडवाकल 2023 में अपने घर से लापता हो गया था। उसके परिवार ने शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने कुछ दिन पहले मामला दर्ज किया था। मामले में पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार अग्रवाल के निर्देश पर एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। जांच में पता चला कि बिडवाकल शिवसेना के स्थानीय पदाधिकारी सिद्धेश अशोक शिरसाट के लिए काम करता था। बिडवाकल ने सिद्धेश शिरसाट और उसके दोस्त गणेश नार्वेकर से पैसे उधार लिए थे। वह पैसे चुका नहीं पा रहा था। इसके बाद सिद्धेश शिरसाट और नार्वेकर ने बिडवाकल को उसके घर से अगवा कर लिया और उसे पिंगुली निवासी एक अन्य आरोपी अमोल शिरसाट के घर में बंधक बनाया।

# शीर्ष अदालत का इलाहाबाद हाईकोर्ट की लड़की ने मुसीबत को न्योता दिया वाली टिप्पणी पर सवाल

**आदेश**

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने कहा, अब एक अन्य न्यायाधीश ने एक और आदेश दिया है।



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक विवादास्पद फैसले पर स्वतः संज्ञान लिया है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पोक्सो से जुड़े एक मामले में यह फैसला सुनाया था। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दुष्कर्म के मामलों में इलाहाबाद हाईकोर्ट की हालिया आपत्तिजनक टिप्पणियों पर सख्त रुख अपनाया। कोर्ट ने कहा कि ऐसी टिप्पणियां नहीं की जानी चाहिए थीं। ऐसा कहा ही क्यों गया? शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के हाल के एक आदेश पर दुख जताया, जिसमें कोर्ट ने एक छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी को जमानत दे दी और कहा कि महिला ने खुद ही मुसीबत को न्योता दिया।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने कहा, अब एक अन्य न्यायाधीश ने एक और आदेश दिया है। जमानत दी जा सकती है... लेकिन, यह कैसी बात हुई कि उसने खुद ही मुसीबत को आमंत्रित किया? ऐसी बातें कहते समय सावधानी बरतनी चाहिए। खासकर न्यायाधीशों को। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक अन्य आदेश के खिलाफ स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई के दौरान आई। इसमें कहा गया था कि सिर्फ छाती पकड़ने और सलवार का नाड़ा खींचने को दुष्कर्म नहीं माना जा सकता। शीर्ष अदालत ने पहले ही इस विवादास्पद आदेश पर रोक लगा दी थी। दरअसल, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को दुष्कर्म के आरोपी को जमानत देते हुए कहा था कि दोनों पक्ष बालिग हैं और पीड़िता एक शिक्षित युवती है। ऐसे में उन्हें अपने फैसलों के कानूनी व नैतिक परिणाम समझने चाहिए थे। यदि पीड़ित के आरोप सही मान भी लें तो यह कहा जा सकता है कि उसने स्वयं परेशानी को आमंत्रित किया है। वह खुद घटना के लिए जिम्मेदार है। यह टिप्पणी करते हुए न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ ने निश्चल चांडक की जमानत अर्जी स्वीकार कर ली थी। कोर्ट ने कहा था कि पीड़िता ने स्वयं एफआईआर स्वीकार किया है कि वह स्वेच्छा से दिल्ली के एक बार में अपनी तीन महिला मित्रों के साथ गई, जहां स्उसने शराब पी और वह नशे में आ गई। बार में वह सुबह 3 बजे तक रुकी रही। इस दौरान आरोपी ने उसे अपने घर चलने को कहा। नशे की हालत में सहारे की आवश्यकता होने पर वह उसके साथ जाने को तैयार हो गई। रास्ते में आरोपी उसे एक फ्लैट ले गया और घटना को अंजाम दिया।

## अस्वीकृत और स्थगित आवेदनों पर फिर से हो विचार, वरिष्ठ पदनाम मामले में दिल्ली हाईकोर्ट को आदेश



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में 70 वकीलों को वरिष्ठ पदनाम देने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई है। इस सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट स्थगित और अस्वीकृत उम्मीदवारों के मामलों पर फिर से सुनवाई करे। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट को आदेश दिया कि वह वकीलों को वरिष्ठ पदनाम देने वाले आवेदनों पर नए सिरे से विचार करे। इसमें उन उम्मीदवारों के आवेदन शामिल किए जाएं, तो अस्वीकृत और स्थगित कर दिए गए थे। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय स्थगित और अस्वीकृत उम्मीदवारों के मामलों पर दिल्ली हाईकोर्ट वरिष्ठ अधिवक्ता पदनाम नियम 2024 के अनुसार विचार करे। मामला यह है कि एक सदस्य द्वारा दिए गए अंकों पर विचार नहीं किया गया। पीठ ने कहा कि रजिस्ट्रार जनरल 2024 नियम के नियम 3 के अनुसार स्थायी समिति के पुनर्गठन के लिए कदम उठाएंगे। स्थगित और अस्वीकृत आवेदकों के आवेदन फिर से स्थायी समिति के समक्ष रखे जाएंगे, जिन पर नियम 2024 के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि 302 आवेदकों में से 70 को नवंबर 2024 में वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित किया गया है, जबकि 67 उम्मीदवारों के आवेदन स्थगित कर दिए गए हैं और बाकी को खारिज कर दिया गया है। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय से वरिष्ठ पदनाम प्रदान करने की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी करने के लिए कहा।याचिका में नवंबर 2024 में 70 वकीलों को वरिष्ठ पदनाम देने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई है। उच्च न्यायालय ने 12 महिलाओं सहित 70 वकीलों को वरिष्ठ अधिवक्ता नामित किया है। स्थायी समिति ने उम्मीदवारों का मूल्यांकन किया। इसके बाद वरिष्ठ पदनाम प्रदान किये गए। 300 से अधिक वकीलों ने वरिष्ठ उपाधि के लिए आवेदन किया था। इससे पहले शीर्ष अदालत ने 20 फरवरी को कहा था कि वकीलों को वरिष्ठ अधिवक्ता नामित करने के मामले में गंभीर आत्मनिरीक्षण की आवश्यकता है और इस मुद्दे को मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को भेज दिया ताकि वे तय कर सकें कि इस मामले की सुनवाई बड़ी पीठ को करनी चाहिए या नहीं।

## केंद्र से तनातनी के बीच स्टालिन ने की राज्य के लिए अधिक स्वायत्तता की वकालत

**चेन्नई।** केंद्र सरकार से तनातनी के बीच तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने राज्य को अधिक स्वायत्तता दिए जाने की मांग की। विधानसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने एक उच्च स्तरीय समिति गठित करने का प्रस्ताव रखा, जिसका भाजपा ने विरोध किया। भाजपा ने सीएम पर दोहरी बात करने का आरोप लगाते हुए विधानसभा से वॉकआउट कर लिया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मंगलवार को केंद्र सरकार पर हमला बोला। इस दौरान उन्होंने राज्य को अपने फैसले लेने के लिए अधिक स्वायत्तता देने की जोरदार वकालत की। उन्होंने विधानसभा में एक उच्च स्तरीय समिति नियुक्त करने का प्रस्ताव पेश किया। स्टालिन के प्रस्ताव पर तीन सदस्यीय समिति गठित की गई है, जो राज्य की स्वायत्तता की सिफारिश के साथ ही अधिकारों को पुनः प्राप्त करने का प्रयास करेगी।

सीएम स्टालिन ने राज्य को अधिक स्वायत्तता दिए जाने की बात ऐसे समय में की है, जब राज्यपाल आरएन रवि ने राज्य विधानसभा में पारित विभिन्न विधेयकों को मंजूरी देने से मना कर दिया। इसके चलते डीएमके के नेतृत्व वाली सरकार और राज्यपाल के बीच टकराव भी हुआ।

सिफारिश के लिए गठित की गई समिति की अध्यक्षता रिटायर्ड जज कुरियन जोसेफ करेंगे। इस समिति में अन्य दो सदस्य रिटायर्ड आईएएस अशोक वर्धन शेट्टी और एमयू नागराजन होंगे। समिति जनवरी 2026 के अंत तक राज्य को एक अंतरिम रिपोर्ट सौंपेगी और दो साल के भीतर एक पूरी रिपोर्ट पेश करेगी। समिति राज्य और केंद्र सरकार के बीच संबंधों को मजबूत करने पर भी सिफारिशें देगी।

## वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन का मामला पहुंचा शीर्ष कोर्ट; बंगाल हिंसा की अदालत की निगरानी में जांच की मांग

**नई दिल्ली।**वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन का मामला शीर्ष कोर्ट पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट में इससे जुड़ी दो याचिकाएं दायर की गई हैं। इनमें नए लागू किए गए वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा की अदालत की निगरानी में जांच की मांग की गई है। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के भांगर इलाके में वक्फ कानून से जुड़ी हिंसा की ताजा घटनाएं 14 अप्रैल को हुईं। इस बीच पुलिस का दावा है कि पिछले दंगों के केंद्र मुर्शिदाबाद में कानून-व्यवस्था की स्थिति काफी हद तक नियंत्रण में है। एक जनहित याचिका वकील शशांक शेखर झा ने दायर की, जिसमें हिंसा के मामलों की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने की मांग की गई।

# अस्पताल से नवजात की तस्करी होने पर रद्द हो लाइसेंस, बच्चों के गायब होने के मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को तस्करी करके लाए गए बच्चे को उत्तर प्रदेश के दंपती को सौंपने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आरोपियों को अग्रिम जमानत दे दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों की जमानत रद्द की और मामले की गंभीरता न समझने पर इलाहाबाद हाईकोर्ट और उत्तर प्रदेश सरकार दोनों को फटकार लगाई।

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बाल तस्करी को लेकर सख्त आदेश जारी किया। कोर्ट ने कहा कि अगर अस्पताल से नवजात गायब होते हैं तो अस्पताल का लाइसेंस रद्द कर दिया जाए। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने सभी निचली अदालतों को बाल तस्करी से जुड़े मामलों की सुनवाई छह महीने में पूरी करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने बाल तस्करी के मामलों से निपटने के तरीके को लेकर भी उत्तर प्रदेश सरकार की आलोचना की। ऐसे अपराध रोकने के लिए राज्यों को सख्त दिशा-निर्देश दिए। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि देशभर के हाईकोर्ट में बाल तस्करी के कितने मामले लंबित हैं, इसकी जानकारी दी जाए। इसके बाद छह महीने में मुकदमे को पूरा करने और दिन-प्रतिदिन सुनवाई करने के निर्देश जारी किए जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने बाल तस्करी के मामलों से निपटने के लिए सख्त निर्देश जारी किए। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई नवजात शिशु चोरी होता है तो अस्पतालों का लाइसेंस रद्द कर दिया जाना चाहिए। यदि कोई महिला अस्पताल में बच्चे को जन्म देने आती है और बच्चा चोरी हो जाता है, तो पहला कदम लाइसेंस निलंबित करना होना चाहिए। पीठ ने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा तथा इसे न्यायालय की अवमानना माना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को तस्करी करके लाए गए बच्चे को उत्तर प्रदेश के दंपती को सौंपने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आरोपियों को अग्रिम जमानत दे दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों की जमानत रद्द की और मामले की गंभीरता न समझने पर इलाहाबाद हाईकोर्ट और उत्तर प्रदेश सरकार दोनों को फटकार लगाई। पीठ ने कहा कि आरोपी दंपती बेटा चाहते थे और उन्होंने चार लाख रुपये में बच्चा खरीद लिया। जबकि वे जानते थे कि बच्चा चोरी करके लाया गया है। हाईकोर्ट ने भी जमानत आवेदनों पर संवेदनहीनता से कार्रवाई की। इसके चलते आरोपी फरार हो गए। कोर्ट ने कहा कि ऐसे आरोपी समाज के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं। जमानत देते समय हाईकोर्ट को कम से कम यह शर्त तो लगानी ही चाहिए थी कि आरोपी हर सप्ताह थाने में हाजिरी देंगे। वहीं उत्तर प्रदेश सरकार की खिंचाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि हम निराश हैं। जमानत के बाद सरकार की ओर से कोई अपील क्यों नहीं की गई।

**जमानत**

सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों की जमानत रद्द की और मामले की गंभीरता न समझने पर इलाहाबाद हाईकोर्ट और उत्तर प्रदेश सरकार दोनों को फटकार लगाई।



# इस्राइल ने गाजा में अस्पताल के गेट पर किया हवाई हमला, तीन चिकित्सक और सात मरीज घायल



**गाजा।** इस्राइल ने मंगलवार को गाजा पट्टी में कुवैती फील्ड अस्पताल के गेट पर हवाई हमला किया। इस्राइली हवाई हमले में तीन चिकित्सक और सात मरीज समेत 10 लोग घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर बताई गई है। इससे पहले, इस्राइल ने रविवार को उत्तरी गाजा में अल-अहली अस्पताल पर हमला किया था। इस हमले में एक मरीज की मौत हो गई थी। इस्राइल ने मंगलवार को गाजा पट्टी में एक फील्ड अस्पताल के गेट पर हवाई हमला किया। इस हमले में तीन चिकित्सक और सात मरीज समेत 10 लोग घायल हो गए। अस्पताल के प्रवक्ता सबर मोहम्मद ने बताया कि दो मरीज गंभीर रूप से घायल हैं। हालांकि, इस्राइली सेना की ओर से हमले पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। इस्राइली हवाई हमला मुवासी इलाके में कुवैती फील्ड अस्पताल पर हुआ, जहां लाखों लोग विशाल टेंट कैंपों में शरण लिए हुए हैं। इससे पहले, इस्राइल ने निकासी का आदेश देने के बाद रविवार को उत्तरी गाजा में अल-अहली अस्पताल पर हमला किया। अस्पताल के अनुसार, निकासी के दौरान एक मरीज की मौत हो गई। इसके अलावा, हमले में आपातकालीन कक्ष, फार्मेसी और आसपास की इमारतों को भी गंभीर नुकसान पहुंचा। यरूशलम निवासी अस्पताल संचालक एपिस्कोपल डायोसीज ने हमले की निंदा की।

वहीं, इस्राइल ने अपने बचाव में कहा कि उसने अस्पताल के भीतर हमास कमांडर और नियंत्रण केंद्र को निशाना बनाया था। बता दें कि इस्राइली सेना ने 18 महीने के युद्ध के दौरान कई बार अस्पतालों को निशाना बनाया है। इस्राइल ने आरोप लगाया है कि हमास के आतंकवादी अस्पतालों को छिपने और सैन्य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि, हमास ने इस्राइल के आरोपों को खारिज कर दिया। वहीं, अस्पताल के कर्मचारियों ने भी इस्राइल के आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने इस्राइल पर नागरिकों को खतरे में डालने और क्षेत्र की स्वास्थ्य प्रणाली को नष्ठ करने का आरोप लगाया है। हमास के आतंकवादियों ने 7 अक्तूबर, 2023 को दक्षिणी इस्राइल पर हमला किया था, जिसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए थे। मरने वालों में ज्यादातर नागरिक थे। इसके अलावा, हमास के आतंकवादियों ने 251 लोगों का अपहरण कर बंधक बना लिया था। जवाबी कार्रवाई करते हुए इस्राइल ने भी गाजा पट्टी पर हमला किया, जिसके बाद हमास और इस्राइल के बीच युद्ध शुरू हो गया। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस्राइल के जवाबी हमले में 51,000 लोग मारे गए हैं।

# 23 अप्रैल से नामांकन, तीन मई को मतदान; राष्ट्रपति के संसद भंग करने के बाद फैसला

**सिंगापुर।** सिंगापुर में आम चुनाव होने हैं। इसके चलते संसद को मंगलवार को भंग कर दिया गया है। अब राजनीतिक दल पूरी मशक्कत के साथ चुनाव की तैयारी में लगे हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के चुनाव विभाग ने तीन मई को मतदान कराने का एलान किया है। सिंगापुर में 14वें आम चुनावों का एलान हो गया है। चुनाव विभाग ने तारीखों का एलान करते हुए कहा कि देशभर में तीन मई को मतदान होगा। जबकि नामांकन 23 अप्रैल से शुरू होंगे। इससे पहले राष्ट्रपति थर्मन शानमुगरत्नम ने प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग की सलाह पर संसद को भंग कर दिया। राजनीतिक दलों ने भी चुनाव को लेकर कमर कस ली। यहां मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ पीएपी और विपक्षी वर्कर्स पार्टी के बीच है। सिंगापुर की सत्ता पर 1965 से कायम पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के नेतृत्व में अपना किला बचाने का प्रयास कर रही है। वोंग ने पिछले साल मई में सिंगापुर के चौथे नेता के रूप में शपथ ली थी। इस चुनाव में वे मजबूत जीत हासिल करना चाहते हैं, क्योंकि सरकार के प्रति मतदाताओं के बढ़ते असंतोष के कारण 2020 के चुनावों में पीएपी को झटका लगा था। पीएपी प्रमुख के रूप में अपने पहले आम चुनाव में वोंग असंतुष्ट युवा मतदाताओं तक पहुंचने की कोशिश में है। उन्होंने फॉरवर्ड सिंगापुर योजना शुरू की जिसका उद्देश्य सिंगापुर के लोगों को यह कहने का मौका देना है कि अगली पीढ़ी के लिए अधिक संतुलित, जीवंत और समावेशी एजेंडा कैसे विकसित किया जाए? इसके साथ ही पीएपी में नई जान फूंकने के लिए 30 से ज्यादा नए उह्यह्यह्यम्मीदवार उतारने का एलान किया है। वोंग ने चेतावनी दी है कि आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच आपके कॉकपिट में कौन है, यह मायने रखता है, क्योंकि अमेरिकी टैरिफ वैश्विक व्यापार प्रणाली को प्रभावित करते हैं। पिछले दिनों पीएम लॉरेंस वोंग ने फेसबुक पोस्ट में कहा था कि हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती राजनीतिक दलों के बीच नहीं है।

**एलान**

सिंगापुर में 14वें आम चुनावों का एलान हो गया है। चुनाव विभाग ने तारीखों का एलान करते हुए कहा कि देशभर में तीन मई को मतदान होगा।



# उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में भीषण सड़क हादसा, ट्रक और बस की सीधी टक्कर में 10 लोगों की मौत




**इस्लामाबाद।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में मंगलवार को एक ट्रक और यात्री वाहन के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। हादसे में आठ आठ घायल भी हुए हैं। 1122 रेस्क्यू के प्रवक्ता ने बताया कि यह दुर्घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के करक जिले में मुख्य सिंधु राजमार्ग पर लक्की घुंडा खेल के पास हुई। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के तुरंत बाद पांच एंबुलेंस और एक रिकवरी वाहन घटनास्थल पर भेजा गया। बचाव दल ने सभी लोगों को बस जैसे यात्रर वाहन से बाहर निकाला। घायलों को जिला मुख्यालय स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया। कई घायलों की हालत गंभीर है। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंदापुर ने 10 यात्रियों की मौत पर दुख जताया और मृतकों के लिए प्रार्थना की। इस बीच उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो पोलियो टीकाकरणकर्ताओं का अपहरण कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि अज्ञात बंदूकधारियों ने सोमवार को पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बंदूक की नोक पर दो पोलियो टीकाकरणकर्ताओं का अपहरण कर लिया। कार्यकर्ताओं की पहचान मुहम्मद आसिफ और रज मुहम्मद के रूप में हुई है। बताया गया कि पांच हथियारबंद लोगों हथियारबंद लोगों ने कुलाची से डेरा इस्माइल खान जा रही एक यात्री बस को रोका। फिर पोलियो कार्यकर्ताओं को उतारकर अज्ञात स्थान पर ले गए। मुहम्मद आसिफ कुलाची जिले के पोलियो गांव मुड्डी मुहम्मद और रज मुहम्मद पोलियो के प्रभारी हैं।

## नागरिकता के लिए साक्षात्कार देने पहुंचा फलस्तीनी छात्र गिरफ्तार

**वर्मोंट।** कोलंबिया विवि के फलस्तीनी छात्र ने गाजा के समर्थन में प्रदर्शनों में भाग लिया था। इसके साथ ही उसने विवि में फलस्तीनी छात्र संघ की सह-स्थापना की थी। छात्र जब नागरिकता के लिए साक्षात्कार देने पहुंचा तो उसे आव्रजन अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया। गाजा के समर्थन में आवाज उठाना एक फलस्तीनी छात्र को भारी पड़ गया। कोलंबिया विवि का फलस्तीनी छात्र जब अमेरिकी नागरिकता के लिए साक्षात्कार देने वर्मोंट के आव्रजन कार्यालय में पहुंचा, तो उसे गिरफ्तार कर लिया गया। छात्र के वकीलों ने बताया कि मोहसेन महदावी अमेरिका का एक कानूनी स्थायी निवासी है। उसके पास 2015 से ग्रीन कार्ड है। उसे आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन एजेंटों ने कोलचेस्टर में अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा कार्यालय से गिरफ्तार कर लिया।

# पहले कार्यकारी आदेश पर अमलः दक्षिणी सीमा पर आपातकाल लगा सकते हैं ट्रंप

**वॉशिंगटन।** राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद ट्रंप ने अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर आपातकाल लगाने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत सभी अवैध तरह की एंट्री पूरी तरह बंद कर दी जाएंगी। इस आदेश की समीक्षा के लिए 90 दिन की समयसीमा तय की गई थी। अब यह 90 दिन 20 अप्रैल को पूरे हो रहे हैं। इसके बाद आपातकाल लगाया जा सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण को 20 अप्रैल को 90 दिन पूरे होने वाले हैं। इसके साथ ही ट्रंप के पहले कार्यकारी आदेश पर अमल करने की तैयारी शुरू हो गई है। दक्षिणी सीमा पर आपातकाल लागू करने के कार्यकारी आदेश को भी 20 अप्रैल को लागू किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि ट्रंप आदेश के तहत सेना की तैनाती कर सकते हैं। राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद ट्रंप ने अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर आपातकाल लगाने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। इस आदेश में प्रावधान था कि घोषणा की तिथि से 90 दिनों के भीतर, रक्षा सचिव और गृह सुरक्षा सचिव संयुक्त राज्य अमेरिका की दक्षिणी सीमा की स्थितियों के बारे में राष्ट्रपति को रिपोर्ट सौंपेंगे। साथ ही अतिरिक्त कार्रवाई की सिफारिशें करेंगे। इसके तहत 1807 के विद्रोह अधिनियम को भी लागू किया जा सकता है। कार्यकारी आदेश के 90 दिन पूरे होने में एक सप्ताह से कम समय बचा है। इसलिए माना जाने लगा है कि ट्रंप वास्तव में विद्रोह अधिनियम लागू करेंगे और 20 अप्रैल को दक्षिणी सीमा पर सेना तैनात करेंगे। हालांकि अब तक रक्षा सचिव और होमलैंड सुरक्षा सचिव ने अमेरिकी राष्ट्रपति को अपनी अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की है। उन्हें मिशन की अब तक की उपलब्धियों के बारे में जानकारी नहीं दी है। इसके चलते लोगों को लग रहा है कि कई लोगों को यकीन है कि पुराने कानून को जल्द ही दक्षिणी सीमा पर पूर्ण नियंत्रण हासिल करने के लिए लागू किया जाएगा। अमेरिका के 1807 के विद्रोह अधिनियम के अनुसार संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति कुछ स्थितियों और परिस्थितियों में कानून को लागू करने के लिए सेना और यूएस नेशनल गार्ड की तैनाती की अनुमति दे सकते हैं। यह सेना को किसी भी विद्रोह, बगावत या हिंसा या प्रतिरोध के किसी भी कृत्य को पूरी तरह से दबाने का अधिकार देता है। यह अमेरिकी राष्ट्रपति अमेरिकी सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ - को यह तय करने की पूरी शक्ति देता है कि संयुक्त राज्य अमेरिका के भीतर अमेरिकी सैनिकों को कब, कहां और कब तैनात किया जाए। व्हाइट हाउस में ट्रंप की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर आपातकाल का एलान कर दिया गया था। इसके तहत सभी अवैध तरह की एंट्री पूरी तरह बंद कर दी जाएंगी। इस कार्यकारी आदेश के जरिए अब अमेरिका दक्षिणी सीमा पर अवैध घुसपैठ रोकने के लिए सेना भेज सकता है।



# बाबा साहब के योगदान को सदियों तक नहीं भुलाया जा सकता: श्याम

**अवधनामा संवाददाता**



लॉर्ड बुद्धा यूथ फाउंडेशन नगर पंचायत रामपुर की तरफ से निकाली गई बाबा साहब की भव्य शोभा यात्रा

**जौनपुर। (रामपुर)** स्थानीय नगर पंचायत रामपुर में सोमवार सायं डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 जयंती का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आएं हुए अतिथि व संभ्रांत जन बाबा साहब को नमन कर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख रामपुर राहुल सिंह ,लाल प्रताप यादव , नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद कुमार जायसवाल ,श्याम कार्तिक सहित अन्य वक्ताओं ने समाज में बाबा साहब के जीवन संघर्ष के बारे में प्रकाश डाला। देश के प्रति उनके योगदान के बारे में बताया संचालन कर रहे छोटेलाल गौतम (प्रवक्ता) एवं अध्यक्ष अरविंद कुमार गौतम आर.सी .पटेल (पत्रकार)ने भी बाबा साहब के बहुमूल्य योगदानों तथा समाज में सामाजिक समरसता के बारे में बताया उन्होंने कहा बाबा साहब के जीवन संघर्षों को कभी भी भुलाया नहीं जा सकेगा। आने वाली पीढ़ियां सदियों इनके किए गए देश और समाज के प्रति योगदान सदैव स्मरणीय रहेंगे ।इस अवसर पर आसपास के ग्राम सभाओं जैसे बनीडीह सपही सेहरा भिउरा सेमुही कोटीगांव मई भानापुर भरथीपुर, नोनरा फजुल्हा रसूल्हा अकरा सहित आसपास के गांव से हजारों की संख्या में लोगों ने डीजे सहित जय भीम के नारों से पूरा नगर पंचायत गूंज उठा इस अवसर पर ग्राम प्रधान सेमुही मनोज कुमार ,नागेंद्र कुमार ,अवधेश कुमार चमार, संजय प्रधान केशव यादव (एडवोकेट), कमलेश यादव ,राजेश प्रधान संजय प्रधान, रामू मौर्य सपा नेता लालचंद यादव , सभासद सनोज कुमार , राजेश कुमार प्रबंधक जितेंद्र कुमार गौतम डा अमलेश गंम्भीर ,रामदेव सहित भारी संख्या में बाबा साहब को मानने वाले हर समाज से रैली में जुटे रहे। थानाध्यक्ष रामपुर देवानंद रजत मय फोर्स के साथ सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किए। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन श्याम कार्तिक किया।

## पीयू की हॉकी खिलाड़ी पूजा का भारतीय टीम में चयन पर खुशी

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सूर्यबली यादव पी.जी. कालेज, देवकली, सरायख्वाजा, जौनपुर की बीए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा पूजा यादव का चयन भारतीय महिला हाकी टीम में होने की सूचना प्राप्त होने पर विश्वविद्यालय में खुशी की लहर है। विश्वविद्यालय की महिला हॉकी टीम की सदस्य पूजा यादव ने सत्र 2023-2024 में पूर्वी क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता किट्ट विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर में उपविजेता, खेलो इण्डिया युनिवर्सिटी गेम्स 2024 में प्रतिभाग तथा सत्र 2024-2025 में सम्बलपुर विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर में तृतीय स्थान प्राप्त किया था।

# अंबेडकर जयंती पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अजय सिंह ने किया बाबा साहेब को नमन



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (खेतासराय)** ब्लाक शाहगंज (सोंधी ), 14 अप्रैल 2025-भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के उपलक्ष्य में ब्लाक शाहगंज (सोंधी) में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अजय सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।ब्लाक के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी ब्लाक मे मौजूद रहे।और उन्होंने डॉ.अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री अजय सिंह ने कहा, डॉ. अंबेडकर न केवल संविधान निर्माता थे, बल्कि सामाजिक न्याय के योद्धा भी थे। उन्होंने समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों को समाज में स्थापित करने के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से आह्वान किया कि वे बाबा साहेब के आदर्शों को जीवन में उतारें और एक समतामूलक समाज के निर्माण में योगदान दें।



## कार्यालय ग्राम पंचायत खेताबपुर, वि.ख. खुटहन, जौनपुर

पत्रांक : मेमो/2025-2026 दिनांक : 15/4/2025

**अल्पकालीन निविदा/टेन्डर**

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 16-04-2025 से 22-04-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 04:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 23-04-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्ते:** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**शशि कला**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पं. खेताबपुर वि.ख. खुटहन, जौनपुर**

**लालसाहब**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**ग्राम पं. खेताबपुर वि.ख. खुटहन, जौनपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सुल्तानपुर घुघुरी, वि.ख. खुटहन, जौनपुर

पत्रांक : मेमो/2025-2026 दिनांक : 15/4/2025

**अल्पकालीन निविदा/टेन्डर**

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 16-04-2025 से 22-04-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 04:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 24-04-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्ते:** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**इन्दु यादव**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पं. सुल्तानपुर घुघुरी वि.ख. खुटहन, जौनपुर**

**लालसाहब**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**ग्राम पं. सुल्तानपुर घुघुरी वि.ख. खुटहन, जौनपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत असरफगढ, वि.ख. खुटहन, जौनपुर

पत्रांक : मेमो/2025-2026 दिनांक : 15/4/2025

**अल्पकालीन निविदा/टेन्डर**

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 16-04-2025 से 22-04-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 04:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 23-04-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्ते:** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**अंगद यादव**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पं. असरफगढ वि.ख. खुटहन, जौनपुर**

**दीपक पाल**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**ग्राम पं. असरफगढ वि.ख. खुटहन, जौनपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत गोवरहा, वि.ख. खुटहन, जौनपुर

पत्रांक : मेमो/2025-2026 दिनांक : 15/4/2025

**अल्पकालीन निविदा/टेन्डर**

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 16-04-2025 से 22-04-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 04:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 23-04-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्ते:** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**प्रिन्सी यादव**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पं. गोवरहा वि.ख. खुटहन, जौनपुर**

**अजय मिश्रा**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**ग्राम पं. गोवरहा वि.ख. खुटहन, जौनपुर**

# बाजार में दो दिन की तेजी के दौरान निवेशकों की संपत्ति 18.42 लाख करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार के बेंचमार्क सूचकांक तीन दिनों की छुट्टी के बाद मंगलवार को खुले तो निवेशकों की चांदी हो गई। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों पर शुल्क में कुछ ढील देने और वाहनों पर लगने वाले शुल्क में संशोधन का संकेत दिए जाने के बाद वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी दिखी। इसका फायदा भारत के सेंसेक्स और निफ्टी को भी मिला। आंकड़ों के अनुसार घरेलू बाजार में पिछले दो कारोबारी सत्रों के दौरान आई तेजी में निवेशकों को करीब 18.42 लाख करोड़ रुपये का मोटा फायदा हुआ है।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में तेजी के साथ 1,577.63 अंक या 2.10 प्रतिशत उछलकर 76,734.89 अंक पर बंद हुआ। दो दिनों में बेंचमार्क सेंसेक्स 2,887.74 अंक या 3.91 प्रतिशत उछला है। इस दौरान बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण दो दिनों में 18,42,028.91 करोड़ रुपये बढ़कर

**सूचकांक**

**मंगलवार को बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 3.21 प्रतिशत और मिडकैप सूचकांक में 3.02 प्रतिशत की तेजी आई।**

4,12,24,362.13 करोड़ रुपये (4.81 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर) हो गया। मंगलवार को निफ्टी भी 500.00 (2.19त्न) अंकों की बढ़त के साथ 23,328.55 के स्तर पर बंद हुआ।

बाजार में हुई बंपर खरीदारी पर मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, वैश्विक इक्विटी बाजारों में तेजी से स्थानीय बेंचमार्क को बड़ा समर्थन मिला है। हाल के घटनाक्रमों से पता चलता है कि अगले कुछ हफ्तों में चल रहे टैरिफ युद्ध का कुछ समाधान हो सकता है।



हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और एफआईआई फंड की मजबूत निकासी से निवेशकों के बीच अनिश्चितता अब भी काफी कायम है।

मंगलवार को बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 3.21 प्रतिशत और मिडकैप सूचकांक में 3.02 प्रतिशत की तेजी आई।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख (वेल्थ मैनेजमेंट) सिद्धार्थ खेमका ने बाजार में तेजी पर कहा, ÷अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से फोन, कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक्स पर टैरिफ में अस्थायी राहत देने की घोषणा के बाद सकारात्मक वैश्विक बाजार संकेतों के कारण बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में 2 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई। उन्होंने आयातित वाहनों और ऑटो पार्ट्स के लिए टैरिफ में संभावित छूट का भी संकेत दिया।÷

बीएसई के सभी क्षेत्रीय सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। रियल्टी में 5.81 प्रतिशत, औद्योगिक में 3.76 प्रतिशत, पूंजीगत सामान (3.67 प्रतिशत), ऑटो (3.39 प्रतिशत), उपभोक्ता विवेकाधीन (3.12 प्रतिशत), वित्तीय सेवाएं (2.94 प्रतिशत) और धातु (2.75 प्रतिशत) में तेजी रही।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ÷यह तेजी पारस्परिक शुल्कों में अचानक आई रोक से आई है, जो आज भी जारी रही। इसके साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों पर भी छूट दी गई है। संभावित शुल्क राहत के कारण ऑटो शेयरों में तेजी आई है।÷ मंगलवार के कारोबारी सत्र के दौरान बीएसई में 3,302 शेयरों में तेजी रही और 785 में गिरावट आई। 169 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में इंडसइंड बैंक सबसे आगे रहा, जिसमें 6.84 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। टाटा मोटर्स में 4.50 प्रतिशत की तेजी आई। लार्सन एंड टूब्रो, एक्सिस बैंक, अडानी पोर्ट्स, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एचसीएल टेक भी बढ़त दर्ज करने वालों में शामिल रहे। आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर ही पिछड़े रहे।

# मेटा ने भारत में इंस्टाग्राम पर किशोरों की सुरक्षा के लिए नए फीचर्स लॉन्च किए, टीन सेफ्टी फोरम में किया ऐलान

**नई दिल्ली।** मेटा ने भारत में किशोरों (टीन्स) की डिजिटल सुरक्षा को और मजबूत करते हुए इंस्टाग्राम पर टीन अकाउंट्स के लिए नए सुरक्षा फीचर्स की घोषणा की है। कंपनी ने बताया कि जल्द ही ये उन्नत फीचर्स फेसबुक और मैसेंजर पर भी लागू होंगे। नई पहल के तहत अब 16 वर्ष से कम उम्र के यूज़र्स पैरेंट्स की अनुमति के बिना इंस्टाग्राम पर लाइव नहीं जा सकेंगे, और वे डायरेक्ट मैसेज में आपत्तिजनक इमेज को ब्लर्क करने वाले फिल्टर को भी बंद नहीं कर पाएंगे। इस मौके पर मेटा ने दिल्ली में 'टीन सेफ्टी फोरम' का आयोजन किया, जिसमें लेखिका एवं ट्वींक इंडिया की संस्थापक ट्विंकल खन्ना और इंस्टाग्राम की ग्लोबल पब्लिक पॉलिसी डायरेक्टर टारा हॉपकिंस ने भाग लिया। कार्यक्रम में सुरक्षा विशेषज्ञों, शिक्षकों और अभिभावकों की उपस्थिति रही। सितंबर 2024 में शुरू हुए इंस्टाग्राम टीन अकाउंट्स को दुनियाभर में 5.4 करोड़ से अधिक किशोर उपयोग कर रहे हैं। ये अकाउंट्स खासतौर पर कम उम्र के यूज़र्स के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, जिनमें सुरक्षा से जुड़े फीचर्स डिफॉल्ट रूप से सक्रिय रहते हैं और पैरेंट्स को निगरानी के लिए आवश्यक टूल्स दिए जाते हैं। भारत में ये अकाउंट्स अब लाइव हो चुके हैं, और वर्ष के अंत तक फेसबुक व मैसेंजर पर भी इन्हें लागू करने की योजना है। इंस्टाग्राम की ग्लोबल पब्लिक पॉलिसी डायरेक्टर टारा हॉपकिंस ने कहा, ÷युवाओं को एक सुरक्षित और उम्रानुकूल डिजिटल अनुभव मिलना चाहिए। इंस्टाग्राम टीन अकाउंट्स का उद्देश्य सेल्फ-एक्सप्रेशन और सुरक्षा के बीच संतुलन बनाना है। हमें गर्व है कि 13 से 15 वर्ष की उम्र के 97त्न यूज़र्स अब भी इन सुरक्षा सेटिंग्स में बने हुए हैं। भारत जैसी युवा आबादी और क्रिएटिव कम्युनिटी वाले देश में हम लगातार पैरेंट्स और टीन यूज़र्स की ज़रूरतों को सुनते रहेंगे।÷ ट्विंकल खन्ना, लेखक और अभिभावक ने कहा, सोशल मीडिया एक सशक्त माध्यम है, लेकिन यह किशोरों के लिए चुनौतीपूर्ण भी हो सकता है। ये नए फीचर्स बच्चों को अपनी डिजिटल यात्रा को खुद नियंत्रित करने की स्वतंत्रता देंगे, जबकि अभिभावक उनकी सुरक्षा पर निगरानी रख सकेंगे।

## कामधेनु ने उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले में किया आर्किटेक्ट मीट का आयोजन

**लखनऊ।** गुणवत्ता पूर्ण और सुरक्षित निर्माण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, भारत की सबसे बड़ी ब्रांडेड टीएमटी बार निर्माता और विक्रेता कंपनी कामधेनु लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले में एक 'आर्किटेक्ट मीट'का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में लगभग 50 आर्किटेक्ट्स शामिल हुए। कार्यक्रम में कामधेनु लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी श्री गौरव कुमार (वरिष्ठ प्रबंधक), श्री शिव भूषण (क्षेत्र प्रभारी) ने वितरकों और डीलरों के साथ मिलकर अत्याधुनिक निर्माण कार्य के लिए इंटरलॉक स्टील %कामधेनु नेक्स्ट'जैसे नवीन उत्पादों की भूमिका और महत्व पर चर्चा की।कंपनी देश भर के आर्किटेक्ट्स के साथ नियमित रूप से बातचीत करती रही है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से कंपनी इमारतों की योजना, डिजाइन और निर्माण में शामिल हितधारकों को निर्माण क्षेत्र के बारे में नवीनतम जानकारी प्रदान करती है।कामधेनु लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, ÷यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण मंच है, जहाँ हम उत्पाद की विस्तृत जानकारी साझा करते हैं। ताकि आर्किटेक्ट अपनी परियोजनाओं के लिए बेहतर डिज़ाइन और निर्माण कार्य कर सकें। इस तरह के कार्यक्रम के जरिए हम आर्किटेक्ट के साथ हम अपने प्रयासों को साझा करते हैं ताकि हम गुणवत्तापूर्ण उत्पाद दे सकें।

## लखनऊ में एयरटेल ने ब्लिंकिट के साथ की साझेदारी, ग्राहकों को सिर्फ 10 मिनट में घर पर मिलेंगे सिम कार्ड

**लखनऊ।** भारती एयरटेल ने आज एक अग्रणी कदम उठाते हुए लखनऊ में अपने ग्राहकों को दस मिनट के भीतर सिम कार्ड की डिलीवरी के लिए क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म ब्लिंकिट के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की । किसी टेलीकॉम कंपनी द्वारा प्रदान की जाने वाली अपनी तरह की यह पहली सेवा अब तक देश के 16 शहरों में शुरू हो चुकी हैं। आने वाले समय में इस सेवा के अंतर्गत अन्य शहरों तथा कस्बों को जोड़ने की योजना है। यह साझेदारी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि यह ग्राहकों को 49 के मामूली सुविधा शुल्क पर केवल 10 मिनट में उनके घर पर सिम कार्ड प्राप्त करने की सुविधा देती है। सिम कार्ड की डिलीवरी के बाद, ग्राहक आधार-आधारित केवाईसी प्रमाणीकरण के माध्यम से एक सरल एक्टिवेशन प्रक्रिया द्वारा नंबर को चालू कर सकते हैं। ग्राहकों के पास पोस्टपेड और प्रीपेड दोनों योजनाओं में से चुनने या एयरटेल नेटवर्क में पोर्ट करने के लिए एमएनपी ट्रिगर करने का विकल्प होगा। प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए, ग्राहक ऑनलाइन लिंक पर जाकर सहज एक्टिवेशन अनुभव के लिए एक्टिवेशन वीडियो भी देख सकते हैं। इसके अतिरिक्त, ऐसे सभी एक्टिवेशन के लिए, एयरटेल ग्राहकों के पास एयरटेल थैंक्स ऐप के माध्यम से सहायता केंद्र तक पहुँचने का विकल्प है , यदि उन्हें किसी भी तरह की सहायता की आवश्यकता हो। नए ग्राहक किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होने पर 9810012345 नम्बर पर सम्पर्क कर सकते हैं। सिम कार्ड की डिलीवरी के बाद, ग्राहकों के लिए 15 दिनों के भीतर सिम को एक्टिवेट करना अनिवार्य होगा, ताकि एक सहज और परेशानी मुक्त ट्रांज़शिन सुनिश्चित हो सके।

## थोक के बाद खुदरा महंगाई दर में भी नरमी, छह साल के निचले स्तर 3.34% पर पहुंची

**नई दिल्ली।** खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी के 3.61 प्रतिशत की तुलना में मार्च में मामूली रूप से घटकर 3.34 प्रतिशत रह गई। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों में इसकी पुष्टि की गई है। सब्जियों और प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी के कारण खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में मामूली रूप से घटकर लगभग छह साल के निचले स्तर 3.34 प्रतिशत पर आ गई।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति फरवरी में 3.61 प्रतिशत और पिछले वर्ष मार्च में 4.85 प्रतिशत थी। मार्च 2025 में खुदरा महंगाई की दर अगस्त 2019 के बाद सबसे कम रही। उस समय यह 3.28 प्रतिशत थी।

मार्च में खाद्य मुद्रास्फीति 2.69 प्रतिशत थी, जबकि फरवरी में यह 3.75 प्रतिशत और मार्च 2024 में 8.52 प्रतिशत थी। पिछले हफ्ते, रिजर्व बैंक ने महंगाई में आ रही कमी को देखते हुए प्रमुख अल्पकालिक उधार दर यानी रेपो रेट में 25 आधार अंकों की कटौती का एलान किया था।

रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सीपीआई आधारित खुदरा महंगाई दर 4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। पहली तिमाही में महंगाई दर 3.6 प्रतिशत, दूसरी तिमाही 3.9 प्रतिशत, तीसरी तिमाही 3.8 प्रतिशत और चौथी तिमाही 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। आरबीआई के अनुसार महंगाई का जोखिम समान रूप से संतुलित हैं।

इस बीच, मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, सब्जियों, आलू और अन्य खाद्य वस्तुओं की कीमतें घटने से थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति भी मार्च में छह महीने के निचले स्तर 2.05 प्रतिशत पर आ गई।

# बर्जर पेंट्स ने लॉन्च की 'गर्मी गॉन, ठंडक ऑन' पहल

**भारत:** बर्जर पेंट्स इंडिया लिमिटेड, जो देश की दूसरी सबसे बड़ी और तेजी से बढ़ रही पेंट कंपनी है, ने अपने नए होम कूलिंग पेंट्स लॉन्च किए हैं। इनमें वेदरकोट एंटी डस्ट कूल, रूफ कूल एंड सील और टैंक कूल पेंट्स शामिल हैं। कंपनी ने गर्मी और तापमान में लगातार बढ़ोतरी को ध्यान में रखते हुये ये पेंट बनाए हैं। लोगों को घर को ठंडा रखने के लिए अच्छे और पर्यावरण के अनुकूल समाधानों की जरूरत है। ये पेंट घर को ठंडा रखने में मदद करते हैं और पर्यावरण को नुकसान ना पहुंचाते हुए आरामदायक माहौल प्रदान करते हैं।

जलवायु परिवर्तन के प्रभाव बेहद गंभीर हो रहे हैं। इससे शहरों में ÷अर्बन हीट आइलैंड÷ की समस्या बढ़ रही है, जहां ज्यादा आबादी, कंक्रीट की इमारतें और कम पेड़-पौधों की वजह से तापमान बहुत ज्यादा रहता है। इसके कारण लोग घर को ठंडा रखने के लिए एयर कंडीशनर का ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे बिजली की खपत और बिल बढ़ रहे हैं। साथ ही, बिजली की ज्यादा मांग से ना सिर्फ पावर ग्रिड पर दबाव पड़ता है बल्कि कार्बन उत्सर्जन भी बढ़ता है, जो पर्यावरण के लिए हानिकारक है।

बढ़ते तापमान से निपटने के लिए घर को ठंडा रखने वाले ड्यूरेबल प्रोडक?ट्स बहुत जरूरी हो गए हैं, खासकर उन इलाकों में जहां गर्मी ज्यादा पड़ती है और लोग अलग-अलग घरों में रहते हैं। बर्जर पेंट्स ने भारतीय घरों को ठंडा रखने के लिए एक आसान, किफायती और पर्यावरण के अनुकूल तकनीक अपनाई है। अपनी होम कूलिंग पेंट्स रेंज-वेदरकोट एंटी डस्ट कूल, रूफ कूल एंड सील और टैंक कूल - के जरिए कंपनी ने ऐसे पेंट्स बनाए हैं जो घर के अंदर का तापमान काफी कम कर सकते हैं। इनके इस्तेमाल से बिजली खाने वाले कूलिंग साधनों पर निर्भरता कम हो जाती है। ये पेंट्स आसानी से इस्तेमाल किए जा सकते हैं, सस्ते हैं और कम तकनीक की जरूरत रखते हैं। इसलिए, ये उन परिवारों के लिए बहुत उपयोगी हैं जिनकी आमदनी कम है और जो एयर कूलर जैसे साधन नहीं खरीद सकते। बर्जर पेंट्स के ये होम कूलिंग पेंट्स तापमान को 10 डिग्री सेल्सियस तक कम कर सकते हैं। ये गर्मी को सतहों तक पहुंचने से रोकते हैं, जिससे गर्म शहरों में बिजली की बचत होती है और पर्यावरण के अनुकूल जीवन को बढ़ावा मिलता है। वेदरकोट एंटी डस्ट कूल बाहरी दीवारों के लिए धूल से बचाव और सतह को ठंडा रखने का दोहरा फायदा देता है। यह दीवारों की चमक बरकरार रखता है और तापमान कम करता है। होमशील्ड रूफ कूल एंड सील छतों (कंक्रीट और एस्बेस्टस से बनी छतों के लिए भी) को गर्मी से बचाता है और वाटरप्रूफ कोटिंग देता है। होमशील्ड टैंक कूल खासतौर पर रूफटॉप पानी की टंकियों के लिए बनाया गया है। यह टंकी के पानी को ठंडा रखता है, खासकर जहाँ धूप सीधे टंकी पर पड़ती हो। आजकल बिजली की बचत और पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली को बढ़ावा मिल रहा है। बर्जर पेंट्स के ये कूलिंग प्रोडक्ट्स भारतीय घरों को गर्मी से राहत देते हैं। ये बिजली खाने वाले उपकरणों की जरूरत कम करते हैं और आसान तरीके से सतह को ठंडा रखकर पर्यावरण के अनुकूल रहने में मदद करते हैं।

बर्जर पेंट्स इंडिया लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री अभिजीत रॉय ने कहा, ÷हम आधुनिक जीवन की चुनौतियों को बखूबी समझते हैं। इसलिए, हम ऐसे समाधान देना अपनी जिम्मेदारी मानते हैं जो भविष्य को ध्यान में रखें और रोजमर्रा की जिंदगी के लिए उपयोगी हों। बढ़ता तापमान एक बड़ी समस्या है, और हमारा फोकस ऐसे नए प्रोडक?ट्स पर है जो तुरंत राहत दें और लंबे समय तक पर्यावरण के लिए फायदेमंद रहें।

# फ्लिपकार्ट ने आकर्षक डील्स के साथ सुपर कूलिंग डेज के 7वें संस्करण का एलान किया

**नई दिल्ली।** देश में गर्मी तेजी से बढ़ रही है और इस बढ़ती गर्मी के बीच भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने अपने सुपर कूलिंग डेज के 7वें संस्करण का एलान कर दिया है। यह फ्लिपकार्ट का सालाना सेल इवेंट है, जिसमें ग्राहकों को किफायती कीमत पर कूलिंग अप्लायंस मिलते हैं। इस साल यह सेल इवेंट 16 से 24 अप्रैल तक चलेगा। इसमें टॉप अप्लायंस ब्रांड व एक्साइटिंग डील्स के साथ शॉपिंग का सुगम अनुभव मिलेगा। इन खूबियों के साथ यह इवेंट इस सीजन में अपने जरूरी कूलिंग अप्लायंस को अपग्रेड करने के बारे में सोच रहे ग्राहकों के लिए बेहतरीन मौका है।

फ्लिपकार्ट सुपर कूलिंग डेज को देशभर में कूलिंग उपकरणों की बढ़ती मांग के बीच ग्राहकों की जरूरत एवं बजट को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिसमें गुणवत्ता, विकल्प एवं वैल्यू का बेहतरीन गठजोड़ देखने को मिलेगा। सेल के दौरान ग्राहक नो-कॉस्ट ईएमआई, अग्रणी बैंकों से प्री-अप्रूव्ड ऑफर्स और सुपरकॉइन रीडेम्पशन जैसे किफायती फाइनेंसिंग ऑप्शन में से चुन सकेंगे। इसके अतिरिक्त, ग्राहकों को एक्सचेंज प्रोग्राम का फायदा भी मिलेगा, जिसके तहत चुनिंदा प्रोडक्ट्स पर 8,000 रुपये तक का लाभ मिल सकता है, जिससे इस सीजन में अपने अप्लायंस को अपग्रेड करना उनके लिए और भी रिवार्डिंग हो जाएगा। फ्लिपकार्ट की सर्विस इकाई जीव्स के माध्यम से खरीदारी से लेकर उपकरण के प्रयोग तक के पूरे अनुभव को सुगम बनाया जाएगा। इसके माध्यम से सुविधाजनक, भरोसेमंद एवं किफायती आफ्टर सेल्स सर्विसेज प्रदान की जाएंगी, जिसमें प्रशिक्षित टेक्नीशियन द्वारा उपकरण का इंस्टॉलेशन भी शामिल है।

**एयर कंडीशनर** ग्राहकों को वोल्टास, एलजी एवं ब्लू स्टार जैसे अग्रणी ब्रांड्स के टॉप रेटेड मॉडल्स पर 55 प्रतिशत तक की छूट मिल सकती है। मात्र 26,490 रुपये की शुरुआती कीमत के साथ इन एसी में इन्वर्टर टेक्नोलॉजी, एनर्जी एफिशिएंसी, स्मार्ट कनेक्टिविटी एवं एंटी बैक्टीरियल फिल्टर्स जैसे एडवांस्ड फीचर्स हैं, जो इन्हें बजट को ध्यान में रखने वाले खरीदार और बेहतर परफॉर्मेंस एवं आराम चाहने वाले प्रीमियम खरीदार, दोनों के लिए आदर्श विकल्प बनाते हैं। इसकी कुछ टॉप डील्स में 30,490 रुपये में वोल्टास 1.5 टन 3 स्टार, 33,490 रुपये में पैनासोनिक 1.5 टन 3 स्टार और 34,690 रुपये में एलजी 1.5 टन 3 स्टार एसी शामिल हैं।

**एयर कूलर** फ्लिपकार्ट पर बजाज, केनस्टार एवं हिंडवेयर जैसे टॉप ब्रांड्स के पर्सनल, डेजर्ट एवं टॉवर मॉडल समेत एयर कूलर्स की विस्तृत रेंज मिल रही है।

## अनूठे अनुभव की संभावना तलाश रहे भारतीय यात्री-अमेरिकन एक्सप्रेस 2025 ग्लोबल ट्रैवेल ट्रेंड्स रिपोर्ट




**नई दिल्ली।** अमेरिकन एक्सप्रेस ने 2025 ग्लोबल ट्रैवेल ट्रेंड्स रिपोर्ट जारी की है जिसमें यह खुलासा हुआ है कि भारतीय यात्री किस तरह से सोच समझकर यात्रा की योजना बना रहे हैं। इसमें स्थानीय और हाथ से बने सामानों की खरीदारी से लेकर लग्जरी वस्तुओं की खरीद के लिए विशेष यात्रा की तैयारी या कंसर्ट्स एवं खेल आयोजनों में शामिल होने की योजना शामिल है। इस रिपोर्ट में संकेत दिया गया है कि भारतीय यात्री 2025 में अनूठे अनुभवों को प्राथमिकता दे रहे हैं। अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉर्प इंडिया के सीईओ और कंट्री मैनेजर संजय खन्ना ने कहा, भारतीय पहले से कहीं अधिक जागरूक हैं और अपनी यात्रा के दौरान समग्र अनुभव चाहते हैं। अमेरिकन एक्सप्रेस में हम हमारे कार्डधारकों की पसंद समझते हैं और यात्रा, खानपान, खरीदारी और मनोरंजन, उनकी यात्रा के प्रत्येक पहलू को ध्यान में रखकर उन्हें लाभ दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सर्वेक्षण की पद्धतिः दिस मॉर्निंग कंसल्ट सर्वे 8 से 13 जनवरी, 2025 के बीच 8,137 ऐसे लोगों के मध्य किया गया जिनकी आय 50,000 डॉलर से अधिक है और आमतौर पर वे साल में एक बार यात्रा करते हैं। इस सर्वेक्षण में अमेरिका के 2,011, आस्ट्रेलिया के 1,022, कनाडा के 1,020, ब्रिटेन के 1,015, जापान के 1,025, मेक्सिको के 1,021 और भारत के 1,023 वयस्क लोग शामिल किए गए। इनका इंटरव्यू ऑनलाइन किया गया। पूर्ण सर्वेक्षण के परिणाम में 2-3 प्रतिशत अंक अधिक या कम की त्रुटि का मार्जिन है। स्थानीय जनगणना के आंकड़ों की उपलब्धता के आधार पर कुछ भौगोलिक क्षेत्रों का भारांश ऊपर नीचे हो सकता है।

# एसबीआई लाइफ ने लखनऊ ट्रैफिक पुलिस के साथ प्रोटेक्शन फर्स्ट जन जागरूकता अभियान शुरू किया

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे भरोसेमंद निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस नागरिकों में 'सुरक्षा पहले' की सोच को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है, ताकि लोग बिना डर के अपना उद्देश्यपूर्ण जीवन जी सकें। अपने अभियान %लाइफ सुरक्षा पक्की, तो कॉन्फिडेंस पक्का % के तहत एसबीआई लाइफ ने लखनऊ ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर 1090 चौराहे पर एक बहुत बड़ा हेलमेट इंस्टॉलेशन लगाया। यह बड़ा और ध्यान खींचने वाला हेलमेट लोगों को रोड पर जिम्मेदारी भरा व्यवहार करने के बारे में सोचने पर मजबूर करता है।

उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के मुताबिक, 2024 में राज्य में 46,000 से ज्यादा सड़क हादसे हुए जिनमें 24,000 से ज्यादा लोगों की मौत हुई। इनमें लखनऊ में ही 576 मौतें हुईं। इन चिंताजनक आंकड़ों को देखते हुए एसबीआई लाइफ ने सभी प्रमुख ट्रैफिक चौराहों पर हेलमेट भी बांटे। इन हेलमेटों को दोपहिया वाहन चलाने वालों और पीछे बैठने वालों दोनों को दिया गया। यह अभियान




इस बात पर जोर देता है कि हेलमेट पहनना सिर्फ नियम के डर से नहीं, बल्कि खुद की और अपनों की जिम्मेदारी उठाने वाला कदम है।

इस पहल की शुरुआत एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ श्री अमित झींगरन, लखनऊ पुलिस के डीसीपी (क्राइम) और डीसीपी (महिला सुरक्षा) श्री कमलेश दीक्षित, डीसीपी (ट्रैफिक) श्री प्रबल प्रताप सिंह, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह (आईएएस), और एसबीआई लाइफ के चीफ ऑफ ब्रांड, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन और सीएसआर श्री रवींद्र शर्मा की मौजूदगी में हुई। हेलमेट बांटने के इस अभियान के जरिए लोगों से सीधे जुड़कर यह समझाया गया कि सुरक्षा उपकरण सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि सोच-समझकर किया गया एक जरूरी कदम है जो लोगों को एक सुरक्षित और उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने में मदद करता है।

## सेरेंटिका रिन्यूएबल्स और एनटीपीसी के बीच 200 मेगावाट अक्षय ऊर्जा आपूर्ति के लिए समझौता

**मुंबई/लखनऊ।** रेंटिका रिन्यूएबल्स, भारत की अग्रणी नवीकरणीय ऊर्जा प्रदाता कंपनी, ने एनटीपीसी लिमिटेड के साथ 200 मेगावाट फर्म डिस्पैचेबल रिन्यूएबल एनर्जी उत्तर प्रदेश की वितरण कंपनियों (डिस्कॉम्स) को आपूर्ति करने हेतु एक विद्युत खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह परियोजना देश के कई राज्यों में फैली हाइब्रिड सौर, पवन और बैटरी भंडारण संपत्तियों का उपयोग करेगी, ताकि राज्य के सुबह और शाम के पीक घंटों में मांग के अनुसार अक्षय ऊर्जा उपलब्ध कराई जा सके। यह परियोजना सेरेंटिका की अत्याधुनिक हाइब्रिड रिन्यूएबल इन्फ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से विकसित की जाएगी। बड़े पैमाने पर एनर्जी स्टोरेज के एकीकरण से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कम उत्पादन वाले समय में भी स्थिर और भरोसेमंद विद्युत आपूर्ति जारी रहे। यह पहल पारंपरिक तापीय ऊर्जा पर निर्भरता को कम कर उत्तर प्रदेश के लिए एक अधिक हरित और टिकाऊ ऊर्जा मिश्रण प्रदान करेगी। यह समझौता विश्वसनीय और सतत अक्षय ऊर्जा समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सौर, पवन और उन्नत स्टोरेज तकनीकों के एकीकरण के माध्यम से हम उत्तर प्रदेश को एक स्थिर, मांग के अनुरूप ऊर्जा आपूर्ति प्रदान कर सकते हैं, विशेष रूप से उच्च मांग के समय में। हमारा स्नष्ठक्रश्व मॉडल यह सुनिश्चित करता है कि जब सबसे अधिक आवश्यकता हो, तब स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराई जा सके, और राज्य के ऊर्जा परिवर्तन लक्ष्यों में योगदान हो सके। सेरेंटिका का फर्म डिस्पैचेबल रिन्यूएबल एनर्जी (स्नष्ठक्रश्व) समाधान भारत के औद्योगिक और वाणिज्यिक क्षेत्रों को भरोसेमंद, लागत-कुशल हरित ऊर्जा प्रदान करने का लक्ष्य रखता है। नवीकरणीय ऊर्जा की अनियमितता से जुड़ी चुनौतियों को दूर करते हुए, यह मॉडल उन्नत तकनीकों के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा की स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित करता है, जो भारत की नेट-जीरो महत्वाकांक्षाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# उत्तर प्रदेश की जेलों में सबसे अधिक कैदी, हाई कोर्ट में आधे से ज्यादा जजों के पद खाली इंडिया जस्टिस रिपोर्ट 2025 का खुलासा




| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**मनरा देवी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पं. पकड़ी वि.ख. शाहगंज (सोंधी), जौनपुर**

**मो. शहिद**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**ग्राम पं. पकड़ी वि.ख. शाहगंज (सोंधी), जौनपुर**

# डीपीएस ने स्टेट ताईक्वांडो चैंपियनशिप में जीते 4 गोल्ड सहित 12 मेडल

**वहाज अली निहाल**



कानपुर में आयोजित चैंपियनशिप में 4 गोल्ड, 5 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज सहित कुल 12 मेडल्स जीते

**इटावा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल ने कानपुर डीपीएस में आयोजित यूपी स्टेट ताईक्वांडो चैंपियनशिप में अंडर 15 आयु वर्ग में अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 गोल्ड, 5 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज मैडल जीतकर अपने स्कूल और जनपद को गौरवान्वित किया है। डीपीएस कानपुर में दिनांक 10 से 13 अप्रैल तक यूपी स्टेट ताईक्वांडो चैंपियनशिप आयोजित की गई थी जिसमे पूरे उत्तर प्रदेश के ईस्ट, वेस्ट, नॉर्थ एवम साउथ जोन के विद्यालयों के सैकड़ों ताईक्वांडो खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। जिनको पछाड़ते हुए इन बच्चों ने यह उपलब्धि हासिल की है। दिल्ली पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या भावना सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि, हमारे स्कूल की खेल प्रशिक्षिक व ताईक्वांडो कोच आराधना तिवारी के कुशल दिशा निर्देशन ने ही हमारे इन चैंपियंस ने स्टेट लेवल पर शानदार विजयश्री तक पहुंचाया है। प्रदेश स्तरीय इस चैंपियनशिप में ईस्ट वेस्ट, नॉर्थ, साउथ जोन के अंतर्गत आने वाले राज्यों के सभी सीबीएसई स्कूलों के बेहतरीन खिलाडी प्रतिभाग कर रहे थे लेकिन हमारे डीपीएस इटावा के इन बच्चों ने अपनी कड़ी मेहनत से 4 गोल्ड, 5 सिल्वर, 3 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपने विद्यालय के नाम दर्ज कर लिए। प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल के क्लास 5 की छात्रा रुद्राक्षी कुशवाहा ने गोल्ड और ब्रॉन्ज दो मेडल अपने नाम किए तो वहीं क्लास 7 की प्रियांशी वर्मा ने भी गोल्ड मेडल पर ही निशाना लगाया, इसी तरह क्लास 7 की ही श्रेयांशी ने भी अलग अलग क्रम में प्रतिभाग करते हुए गोल्ड और सिल्वर मेडल जीता तो क्लास 6 के आदित्य ने भी एक गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया। इसी प्रकार क्लास 9 के आइरिश वर्मा ने सिल्वर मेडल जीता तो क्लास 8 के इशित कुमार ने 2 सिल्वर मेडल अपने नाम किए। क्लास 9 के देवांश गुप्ता ने एक सिल्वर तो क्लास 7 के पार्थ राज ने एक ब्रॉन्ज मेडल और क्लास 9 के अर्णव कुमार ने एक ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया। अब इन उपलब्धियों के साथ एक विशेष बात यह भी है कि, इन्हीं बच्चों में से तीन होनहार बच्चे महाराष्ट्र के नासिक में होने वाली आगामी राष्ट्रीय ताईक्वांडो चैंपियनशिप में दिल्ली पब्लिक स्कूल, इटावा का प्रतिनिधित्व करेंगे। खुशी के इस अवसर पर डीपीएस, इटावा के चैयरमैन डॉ विवेक यादव ने सभी नन्हें चैंपियंस को उनकी शानदार जीत की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि, ये सभी मेडल्स हमारे विद्यालय के बच्चों की शिक्षा और खेल की विशिष्ट उपलब्धियां है जो आने वाले समय में इन्हें एक राष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी भी अवश्य बनायेंगी। चेयरमैन डीपीएस डॉ विवेक यादव, वाइस प्रेसिडेंट डॉ प्रीति यादव, प्रिंसिपल भावना सिंह ने सभी मेडल के विजेताओं सहित विद्यालय की ताईकवांडो कोच आराधना तिवारी को उनकी कड़ी मेहनत और श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बधाई दी है। समस्त डीपीएस परिवार में इन 12 मेडल्स की शानदार जीत के बाद खुशी का माहौल है।

# भारतीय जनता पार्टी ने सदैव बाबा साहेब अम्बेडकर जी को बहुत सम्मान दिया:

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू जनपद की सदर विधानसभा के प्रथम मण्डल के शक्ति केंद्र शिवनारायण की मड़ैया के बूथ 179 पर भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की 134 वीं जन्म-जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जनसंघ के जमाने से सदैव बाबा साहेब अम्बेडकर जी को बहुत सम्मान दिया और उनके सम्मान में कार्यक्रम किए जब कि कांग्रेस ने बाबा साहेब को लोकसभा चुनाव नहीं जीतने दिया। यहां तक कि उस जमाने में जब आवागमन के साधन नहीं थे ऐसे में भी नेहरू जी बाबा साहेब के खिलाफ चुनाव प्रचार करने अलग से हवाई जहाज से पहुंचे थे। विचार गोष्ठी का संचालन मण्डल अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने किया। विचार गोष्ठी में प्रमुख रूप से पूर्व सभासद धनीराम शंखवार, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रमाकांत शर्मा, जिला मंत्री जितेंद्र गौड़, डॉ ज्योति वर्मा, कोषाध्यक्ष संजीव भदौरिया, महिला मोर्चा अध्यक्ष विरला शाक्य, सभासद शरद वाजपेयी, जितेंद्र जैन, आयुष राज, सुशील जाटव, कार्यक्रम संयोजक गंभीर सिंह, सह-संयोजक द्विय कमल माथुर व सोनू राठौर, धर्मेंद्र सिंह राठौर, प्रशांत दीक्षित, रोहित पटेल, सतेंद्र कुशवाहा, राजू वर्मा, जितेन्द्र राजपूत, प्रमोद राठौर, अक्षय वाजपेयी, अंकुल चौहान, अंकित गुप्ता, पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुशांत दीक्षित, अंकित सैनी, समीर सक्सेना जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य सहित मण्डल पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्राम राहिन में मनाई गई अंबेडकर जयंती



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** भारत के संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। ग्राम पंचायत राहिन में डॉ भीमराव अंबेडकर समाज सुधार समिति के बैनर तले समिति के अध्यक्ष भंते प्रज्ञा दीप ने दीप प्रज्वलित तथा मोमबत्तियां जला कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। समिति के उपाध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह गुड्डू ने भी बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए तथा संपूर्ण ग्राम पंचायत में शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों अनुयाइयों ने भाग लिया। बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर तथा भगवान बुद्ध की झांकियां प्रदर्शित की गई डॉ भीमराव अंबेडकर इंटर कालेज के प्रबंधक प्रेम सागर ने मालार्पण कर पुष्प अर्पित किए। डॉ भीम राव अंबेडकर समाज सुधार समिति के प्रबंधक बी पी राजन ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के लोगों को बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलना चाहिए बाबा साहब ने उस जमाने में छुआछूत का जो दंश झेला वह किसी से छिपा नहीं है इतनी जटिल परेशानियों का सामना करने के बाद भी बाबा साहब नॉलेज ऑफ सिंबल बने और कोलंबिया यूनिवर्सिटी के टॉपर रहे। समिति के सचिव दिव्यांशु राजन ने कहा कि बाबा साहब ने बौद्ध धर्म को अपना कर समाज को एक अच्छा संदेश दिया था उन्होंने कहा कि बाबा साहब की जयंती पर उन्हें नमन करना तभी सार्थक होगा जब उनके बताएं मार्ग पर चलने का आह्वान किया। समिति के कोषाध्यक्ष शिक्षक धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाना तभी सार्थक होगा जब उनके संदेशों को जन जन तक पहुंचाने का काम करें। अम्बेडकर जयंती पर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया सैकड़ा युवाओं ने मोटर साइकिल रैली का भी आयोजन किया जिसमें, बाबा तेरा मिशन अधूरा, हम सब मिलकर करेंगे पूरा, जैसे नारों से गुंजायमान था। ग्राम प्रधान रवितेश कुमार उर्फ मनोज शाक्य ने भी अंबेडकर पार्क में पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनका माल्यार्पण किया। इस मौके पर समिति के सभी पदाधिकारियों के अलावा सनी प्रताप सिंह, धर्मेंद्र कुमार, राजीव कुमार , महेंद्र प्रताप सिंह, सौरभ कुमार, दिव्यांशु राजन राकेश कुमार मलखान सिंह, ईश्वर दयाल, रामस्वरूप, नीशू पुष्पा राजन, बीना देवी, टैमस, गोलू, विजय सिंह दिवाकर आदि लोग उपस्थित रहे।

## बच्चों को ट्राफी और प्रशस्ति -पत्र देकर बढ़ाया हौसला

**सरीला (हमीरपुर)** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय चंडौत में शारदा संगोष्ठी कार्यक्रम एवं शताब्दी समारोह में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया और साथ ही स्कूल चलो अभियान रैली का शुभारंभ किया गया मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी आशीष चौहान की अध्यक्षता में चंडौत गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में बच्चों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ जिसमें शिक्षकों के हाथों से पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे, और साथ ही स्कूल चलो अभियान रैली का शुभारंभ किया गया जिसमें अविभावकों को अपने बच्चों का स्कूल में दाखिला कराने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही एबीएसए द्वारा सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया, प्रधानाध्यापक रामजी सेंगर ने कहा कि विद्यालय में पर्याप्त भौतिक संसाधन उपलब्ध हैं। डेस्क, बेंच, पानी पीने की टंकी, स्वच्छ शौचालय, पंखे, स्मार्ट क्लास की व्यवस्था है। बच्चों का स्कूल में दाखिला कराने के लिए उन्होंने लोगों को प्रेरित किया। इस अवसर पर मूलचंद्र वर्मा, लखन सिंह, नारायण यादव, अश्वनी, सुयशकांत,रूपसिंह,सत्यवीर, सत्यम, राजू, सुचेता दिनकर अन्य उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल से संबंधित मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल के अनुसार प्राप्त ग्रेडिंग/ विकास कार्यो के संबंध में मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से प्राप्त विभिन्न विकास कार्योध् योजनाओं की प्रगति की रैंकिंग व ग्रेडिंग के अनुसार विभागवार समीक्षा की तथा संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। जनपद को प्रदेश में पहली रैंक प्राप्त होने पर उन्होंने सभी को बधाई देते हुए कहा कि इसी प्रकार से सभी विभाग अपने कार्यो को अच्छे ढंग से संपादित कर पहली रैंक को आगे भी बरकरार रखा जाए इसमें किसी तरह की शिथिलता नही होनी चाहिए।कहा कि जिन विभागों की रैंकिंग खराब है उनके द्वारा विभागीय कार्यों की प्रगति में तेजी लाकर रैंकिंग में सुधार किया जाए। कहा कि गलत डाटा फीड करने के कारण जनपद की रैंक प्रभावित होगी तो संबंधित विभागीय अधिकारी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी तथा प्रतिकूल दृष्टिकोण अपनाया जाएगा। कहा कि पोर्टल पर डाटा फीड करने से पूर्व उस डाटा को संबंधित विभाग के अधिकारी द्वारा स्वयं देखा जाय। फैमिली आईडी बनाए जाने के कार्य में युद्ध स्तर पर कार्य किया जाए। गौशालाओं का जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा आकस्मिक रूप से निरीक्षण कर उसके संबंध में रिपोर्ट दिया जाए। गौवंशों के संरक्षण में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड कार्यक्रम में सभी सम्बन्धित विभागो की मासिक रैकिंग और ग्रेडिंग से प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाता हैं। सभी विभाग प्रत्येक दशा में अपने द्वारा किये गये कार्यो एवं प्राप्त शिकायतों का निस्तारण पोर्टल पर समय से अवश्य फीड कर दें।

# संक्षिप्त समाचार

## नए शैक्षिक सत्र में निपुण बनाने की रणनीति और विद्यालय विकास पर चर्चा की गई



**इटावा।** विकास खंड सैफई के उच्च प्राथमिक विद्यालय भदेई में कुइयां संकुल के शिक्षक की बैठक आयोजित हुई। बैठक में नए शैक्षिक सत्र में विद्यालयों को निपुण बनाने की रणनीति और विद्यालय विकास पर चर्चा की गई। राज्य परियोजना द्वारा भेजे गए बैठक के एजेंडे पर बिंदु वार चर्चा हुई तथा शिक्षकों द्वारा शैक्षिक खेल, टी एल एम का प्रदर्शन , शिक्षण योजना का प्रस्तुति कारण किया गया। बैठक में स्टेट रिसोर्स ग्रुप के सदस्य राम जनम सिंह ने शिक्षकों को शिक्षण योजना बनाना तथा अभिलेखीकरण के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा सभी शिक्षक नियमित रूप से दीक्षा ऐप का प्रयोग करें तथा निपुण लक्ष्य एप के माध्यम से विद्यार्थियों का नियमित आकलन करते रहें साथ ही नियमित रूप से निपुण तालिका पर विद्यार्थी की प्रगति का लेखा जोखा रखे। जहां जहां स्मार्ट क्लास हैं उनका प्रयोग शिक्षण कार्यो में करते रहें। इस अवसर पर संकुल शिक्षक मंजू भदौरिया, अनुपम कौशल, निधि गुप्ता , अतिकुल जफर, दिलीप कुमार, कमलेश कुमार, रोली दीक्षित, मंजरी, नीता शाक्य, अवधेश कुमार एवं अंजना, अतुल, अरविंद, शिवमोहन सहित कई अध्यापक अध्यापिका उपस्थित रही।

## 19 अप्रैल को एनएससी में आयोजित होगा नि:शुल्क हृदय रोग जांच शिविर



**सोनभद्र/सिंगरौली।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के नेहरू शताब्दी चिकित्सालय, जयंत द्वारा 19 अप्रैल 2025 (शनिवार) को नि:शुल्क सुपरस्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर हृदय रोग (कार्डियोलॉजी) से संबंधित होगा, जिसमें मरीजों की जाँच मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, नई दिल्ली से आए डॉ. राजीव राठी द्वारा की जाएगी। इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन एनएससी, जयंत में प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक किया जाएगा। यह शिविर एनसीएल द्वारा कर्मचारियों और उनके परिवारों व स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य कल्याण की दिशा में उठाया गया एक सराहनीय कदम है, जिससे न केवल हृदय रोग की समय रहते पहचान हो सकेगी, बल्कि इसके प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

## वार्डो की समस्या अवगत काराए सभासद: रूबी प्रसाद



**सोनभद्र।** रावटसगंज नगर पालिका परिसर में मंगलवार को जनता दर्शन में नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद एवं अधिशासी अधिकारी विजय कुमार यादव द्वारा वहां मौजूद वार्ड के शिकायतों पर तुरंत निस्तारण के लिए संबंधितों को दिशा निर्देशित किया गया। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने बताया कि सभी वार्डो के सभासद को बताया गया है कि अपने-अपने वार्ड के छोटी बड़ी समस्याओं को तत्काल अवगत जरूर कराएं जिससे समस्या का निस्तारण करते हुए आम जनमानस को इसका लाभ मिल सके। वहीं उपाध्यक्ष ने गर्मी के मौसम को देखते हुए वार्डो में पानी की किल्लत पर विशेष ध्यान देते हुए जलकर विभाग को कड़े दिशा निर्देशित किया कि पानी सप्लाई का फीडबैक प्रतिदिन लेते रहे जहां पानी उपलब्ध न हो वहां तत्काल टैंकर के माध्यम से तत्काल पानी उपलब्ध कराए।जेई मनीष कुमार,सुजीत,अजीत सिंह,विमलेश,संत सोनी आदि लोग मौजूद रहे।

# उम्भा गांव में आश्रम पद्धति विद्यालय निर्माण में अनियमितता

कांग्रेसियों ने राज्यपाल नामित ज्ञापन संबंधित को सौंपा



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष रामराज गॉड ने बताया कि मंगलवार को राज्यपाल नामित ज्ञापन जिलाधिकारी प्रतिनिधित्व को देखकर बुलंद की गई आवाज वही अध्यक्ष ने बताया कि घोरावल तहसील के उभ्भा गांव में 17 जुलाई 2019 को जमीन संबंधी विवाद में 11 आदिवासियों की सामंती मानसिकता के लोगों ने लाठी डंडे से पीट कर व फायरिंग कर हत्या कर दी थी। इसके बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गांव में पहुंचे थे। उन्होंने मृतक परिवारों व आदिवासियों के हितों में कई योजनाओं की घोषणा की थी। इस योजना में उभ्भा गांव में आश्रम पद्धति विद्यालय का निर्माण भी शामिल था। करोड़ों रुपये की लागत से यह निर्माण शुरू हुआ लेकिन करीब चार वर्ष होने के बाद भी अब तक पूरा नहीं हो पाया। इस निर्माण में अनियमितता चरम पर है। घटिया किस्म के सामग्री का उपयोग हो रहा है। शासन प्रशासन की मंशा के अनुसार निर्माण न होने से यहां के आदिवासी बच्चे अभी भी माध्यमिक शिक्षा के लिए दूर दराज के गांव में जाने के लिए विवष है।

राम राज ने कहा कि उभ्भा गांव में निर्माणाधीन आश्रम पद्धति विद्यालय की तकनीकी जांच प्रदेश की उच्च स्तरीय टीम से कराई जाए। विद्यालय का जल्द संचालन शुरू कराया जाए ताकि यहां के बच्चों का भविष्य सुधर सके। यदि ऐसा नहीं हुआ तो इस पर आंदोलन किया जाएगा।

## इटावा जिला कुश्ती संघ का हुआ गठन जयवीर सिंह तोमर चुने गए जिलाध्यक्ष

**इटावा।** इटावा कुश्ती में बड़ा स्थान रखा था परंतु कुछ वर्षो से कुश्ती में वह स्थान इटावा का नहीं रहा इसलिए इटावा में गठन कराकर इसको ऊंचाइयों पर ले जाने का पुरजोर प्रयास होगा।उक्त उदगार राष्ट्रीय कुश्ती संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह ने जनपद में वृंदावन गार्डन में आयोजित कुश्ती संघ की बैठक में व्यक्त किये।उन्होंने आगे कहा कि कुश्ती जन-जन से जुड़ा हुआ खेल है इसमें गांव गली मोहल्ले के हर वर्ग के लोग प्रतिभाग करते हैं यह जन-जन की कुश्ती है। राष्ट्रीय कुश्ती संघ कि आज जिला इकाई का गठन चुनाव अधिकारी प्रदेश सचिव कुश्ती संघ सुरेश उपाध्याय व जिले के दो शिक्षा जगत सम्मानित प्राचार्य राजेश किशोर त्रिपाठी एवं प्रांचाल प्रांत भारत विकास परिषद के अध्यक्ष इंद्र नारायण पांडे की गरिमा मय उपस्थिति में जयवीर सिंह तोमर को जिला अध्यक्ष जितेंद्र कुमार को जिला महामंत्री मृत्युंजय चौधरी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष निशांत वर्मा विनीत चौहान सुभाष चौहान को उपाध्यक्ष पीयूष भदोरिया को संयुक्त मंत्री रोहित राजपूत सचिन सिंह अंकुर भदोरिया अदिति सिंह कार्यकारी सदस्य ओम रतन कश्यप मीडिया प्रभारी संरक्षक संतोष सिंह चौहान मेजर पांडे को चुना गया।

# जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक संपन्न हुई

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** एपीजे अब्दुल कलाम सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी राठ व सरीला, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक गुप्ता, ड्रग एसोसिएशन अध्यक्ष अनिल ओमर सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत डॉ. गौरी शंकर, सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय, ने गत बैठक के कार्यवृत्त की समीक्षा और विभागीय कार्यों की प्रगति से की। उन्होंने आगामी त्योहारों को देखते हुए खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच के लिए कार्ययोजना प्रस्तुत की।

**डीएम के कड़े निर्देश: गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं-** जिलाधिकारी ने खाद्य और पेय पदार्थों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी प्रवर्तन और अभियोजन कार्रवाई पर जोर दिया। आगामी तीन महीनों में त्योहारों को देखते हुए दूध, खोया, घी, पनीर, मिठाई और मसालों की गुणवत्ता जांच के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने और सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**मेडिकल स्टोरों पर नजर, सीसीटीवी अनिवार्य-** डीएम ने जनपद के सभी मेडिकल स्टोरों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने और औषधि निरीक्षक को नियमित जांच करने का आदेश दिया। साथ ही, यह सुनिश्चित करने को कहा कि एक्सपायर्ड दवाओं का विक्रय किसी भी सूरत में न हो।

**त्योहारों पर खाद्य सुरक्षा होगी प्राथमिकता-** जिलाधिकारी ने त्योहारों के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को प्राथमिकता बताते हुए विभाग को सक्रिय और सतर्क रहने को कहा। बैठक में व्यापार मंडल और ड्रग एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी सहयोग का आश्वासन दिया।

यह बैठक खाद्य सुरक्षा और जनस्वास्थ्य के प्रति जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो त्योहारी सीजन में आमजन को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है।

# एनटीपीसी सिंगरौली में भारतरत्न बोधिसत्व डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती समारोह का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर में बीते 14 अप्रैल 2025 को भारतरत्न बोधिसत्व डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जोसेफ़ बास्टीयन, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) द्वारा स्थानीय अंबेडकर भवन में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा मोमबत्ती प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन आर एस राम, सचिव, अनु. जाति/ अनु. जनजाति कर्मचारी कल्याण समिति द्वारा किया गया। एनटीपीसी सिंगरौली के आवासीय परिसर में स्थित डॉ अंबेडकर विद्यालय के छात्रों द्वारा बौद्ध वंदना, स्वागत प्रस्तुति, एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। श्री जोसेफ़ बास्टीयन ने अपने सम्बोधन में भारत के संविधान के निर्माता, महिला अधिकारों की हिमायत, एवं दलित उत्थान में डॉ अंबेडकर के अद्वितीय योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने बताया की बाबा साहेब भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार थे जिनकी अध्यक्षता में भारतीय संविधान, दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान तैयार किया गया था। इस कार्यक्रम में अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा भी अंबेडकर जयंती पर विचारों को संबोधित किया गया। डॉ अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण समारोह के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। डॉ भीमराव अंबेडकर के महान योगदान को प्रदर्शित करने के लिए, आधुनिक भारत में उनकी महान विरासत को उजागर करते हुए 14 अप्रैल की प्रातः काल स्थानीय डॉ अंबेडकर विद्यालय के बच्चों एवं अध्यापकों द्वारा भव्य प्रभात फेरी निकाली गयी। कार्यक्रम का आयोजन एनटीपीसी सिंगरौली प्रबंधन के सहयोग से अनु. जाति/ अनु. जनजाति कर्मचारी कल्याण समिति द्वारा किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के सुनील मिश्रा, अपर महाप्रबंधक (इंजिनीयरिंग), एस. के. वर्मा, अपर महाप्रबंधक (एमजीआर), सिद्धार्थ मण्डल, अपर महाप्रबन्धक (मानव संसाधन), विनायक कुमार बंसोद, अपर महाप्रबंधक (सी एंड एम) एवं एनटीपीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण, ग्राम प्रतिनिधि, यूनियन एवं एसोशिएशन के प्रतिनिधिगण आदि उपस्थित रहे।

# खंड संख्या 26/8 में अवैध खनन का खेल जारी

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जनपद में सरीला तहसील के चिकासी थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवारी घुरौली में खंड संख्या 26/8 में अवैध खनन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। जिला प्रशासन के तमाम दावों और प्रयासों के बावजूद खनन माफिया बेरोकटोक राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) के नियमों की धज्जियां उड़ा रहि है। यह स्थिति न केवल प्रशासनिक नाकामी को उजागर करती है, बल्कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई और कानून का राज स्थापित करने के दावों पर भी सवाल खड़े करती है।चंदवारी घुरौली में हो रहे अवैध खनन से पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है और सरकारी खजाने को करोड़ों रुपये की चपत लग रही है। भारी मशीनों और पोकलेन के जरिए रात-दिन खनन कार्य जारी है, जिसमें एनजीटी के दिशा-निर्देशों—जैसे खनन क्षेत्र का सीमांकन, वाहन ट्रैकिंग सिस्टम, और पर्यावरण संरक्षण नियमों—का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। सवाल यह है कि आखिर क्यों प्रशासन इस माफिया पर नकेल कसने में असफल हो रहा है? एनजीटी के दिशा-निर्देशों के अनुसार, नदियों और जलस्रोतों में खनन की गहराई को सख्ती से नियंत्रित किया गया है। सामान्यतः नदी तल से 3 मीटर की गहराई तक ही खनन की अनुमति दी जाती है, और वह भी केवल मैनुअल तरीके से या निर्धारित मशीनों के साथ, ताकि पर्यावरण को न्यूनतम नुकसान हो। इसके अलावा, खनन क्षेत्र का जियो-टैगिंग, जीपीएस आधारित वाहन निगरानी, और रात में खनन पर पूर्ण प्रतिबंध जैसे नियम लागू हैं। हालांकि, चंदवारी घुरौली में इन नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, नदी तल से कई मीटर गहराई तक मशीनों से खनन किया जा रहा है, जिससे नदी का प्राकृतिक प्रवाह और पर्यावरणीय संतुलन खतरे में है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध खनन के कारण नदियों और जलस्रोतों का अंधाधुंध दोहन हो रहा है, जिससे भविष्य में गंभीर संकट खड़ा हो सकता है।

# कम्हरिया बंधी अग्निकांड: सैकड़ों किसानों की तबाही, मुआवजे की जोरदार मांग

**हिफजुर्रहमान**



**हमीरपुर, मौदहा।** मौदहा विकास खंड के कम्हरिया बंधी में हुए भीषण अग्निकांड ने सैकड़ों किसानों की जिंदगी को राख में मिला दिया है। इस भयावह आपदा ने मसगवां, करगांव, सायर, पारखेड़ा, दुनगवां और कम्हरिया मौजा के किसानों की फसलों को पूरी तरह तबाह कर दिया, जिससे उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। इस तबाही के बाद भारतीय किसान यूनियन ने आक्रोशित होकर निष्पक्ष जांच और त्वरित मुआवजे की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी को एक जोरदार ज्ञापन सौंपा है। किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष शिवपूजन निषाद की अगुवाई में सैकड़ों किसानों ने उपजिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि प्रभावित किसानों के नुकसान का ईमानदार और पारदर्शी सर्वेक्षण कराया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि जिन मजदूर किसानों ने बलकट, बटाई या गहन के रूप में खेती ली थी, उनके नुकसान को भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। यूनियन ने इस अग्निकांड की उच्च स्तरीय जांच की मांग की, ताकि इस त्रासदी के दोषियों को कठोर सजा दी जा सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। ज्ञापन में किसानों ने अपनी पीड़ा बयां करते हुए कहा, ÷हमारी साल भर की मेहनत और उम्मीदें इस आग में जलकर खाक हो गई। अगर सरकार ने जल्द मुआवजा नहीं दिया, तो हमारे परिवारों के सामने भुखमरी की नौबत आ जाएगी।÷ प्रभावित किसानों में बाबूराम मसगवां, बलवीर, संतोष मसगवां, कमलेश दुनगवां, वाजिद अली, गोरेलाल, विनोद कुमार, छिद्दन, रामशरण और मिथलेश जैसे कई लोग शामिल हैं, जिन्होंने इस मुहिम में एकजुटता दिखाई। किसान यूनियन ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे और बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। यह घटना न केवल कम्हरिया बंधी के किसानों के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक बड़ा सबक है कि प्राकृतिक आपदाओं और लापरवाही से होने वाली त्रासदियों का मुकाबला करने के लिए त्वरित और ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

## निष्पक्ष सर्वेक्षण के साथ उचित मुआवजा

बलकट, बटाई और गहन पर खेती करने वाले किसानों के नुकसान का पूरा ध्यान। अग्निकांड की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर कठोर कार्रवाई। कम्हरिया बंधी के किसानों की यह पुकार अब सरकार के कानों तक पहुंच चुकी है। देखना यह है कि उनकी मांगों को कितनी गंभीरता से लिया जाता है और कितनी जल्दी उन्हें न्याय मिलता है।

**प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश देश में टाप पर**

# खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के क्षेत्र में रोज़गार की अपार संभावनाएं: केशव मौर्य

अवधनामा ब्यूरो



- 'खाद्य प्रसंस्करण योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाय'
- 'हमारी मंशा हर गांव में कम से कम एक यूनिट लगे'
- 'खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों से स्वयं सहायता समूहों को अधिक से अधिक जोड़ा जाय'
- 'खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स परशन की कार्यशाला आयोजित की जाय'
- 'इन्क्यूबेशन सेन्टरों को चालू करने की कार्यवाही सर्वोच्च प्राथमिकता पर की जाय'
- 'इन्क्यूबेशन सेन्टरों का लाभ समूहों व लोगों को हर हाल में दिलाया जाना सुनिश्चित किया जाए'
- 'पीएमएफएमई योजना के प्रत्येक जिले के 10 लाभार्थियों से बात करके फीडबैक लिया जाए'
- 'पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लखनऊ के सभी ब्लॉकों में पी एम एफ एम ई योजना के बारे में ट्रेनिंग करायी जाय'
- 'प्रत्येक शुक्रवार को प्रत्येक विकासखण्ड के दो गांव पंचायतो में हो रही ग्राम चौपालो में प्रधानमंत्री
- सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के बारे में ग्रामीणो को विस्तार से जानकारी दी जाय'
- 'योजना के और अधिक ढंग से चलाने के लिए मुख्यालय पर काल सेन्टर की स्थापना की जाय'

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं, अधिकारी कर्मचारी मिलकर सभी प्रचार माध्यमों से खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति व प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना का प्रचार प्रसार कराना सुनिश्चित करें। केशव प्रसाद मौर्य आज अपने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना व खाद्य प्रसंस्करण उद्योग विभाग के कार्यो की समीक्षा कर रहे थे।उप मुख्यमंत्री ने समीक्षा में प्रकाश में आया कि ओवर आल प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश, देश में टाप पर है।उन्होने निर्देश दिए कि खाद्य प्रसंस्करण योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाय। कहा कि हमारी मंशा हर गांव में कम से कम एक यूनिट लगे। उन्होने जोर देते हुए कहा कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों से स्वयं सहायता समूहों को अधिक से अधिक जोड़ा जाय। निर्देश दिए कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स परशन की कार्यशाला आयोजित की जाय।इन्क्यूबेशन सेन्टरों को चालू करने की कार्यवाही सर्वोच्च प्राथमिकता पर की जाय। इन्क्यूबेशन सेन्टरों का लाभ समूहों व लोगों को हर हाल में दिलाया जाना सुनिश्चित किया जाए। पीएमएफएमई योजना के प्रत्येक जिले के 10 लाभार्थियों से बात करके फीडबैक लिया जाए। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लखनऊ के सभी ब्लॉकों में पी एम एफ एम ई योजना के बारे में ट्रेनिंग करायी जाय।प्रत्येक शुक्रवार को प्रत्येक विकासखण्ड के दो गांव पंचायतो में हो रही ग्राम चौपालो में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के बारे में ग्रामीणो को विस्तार से जानकारी दी जाय।योजना को और अधिक ढंग से चलाने के लिए मुख्यालय पर काल सेन्टर की स्थापना की जाय।चालू वित्तीय की कार्य-योजना बनाते हुए लक्ष्य निर्धारित किये जाय।लक्ष्य पूर्ण करने के लिए समय सीमा निर्धारित की जाय। समीक्षा बैठक में बताया गया कि 'पी0एम0एफ0एम0ई0 योजना में उत्तर प्रदेश का स्ट्राइक रेट 99 प्रतिशत है, जबकि आल इण्डिया 56 प्रतिशत है अर्थात जिनका ऋण स्वीकृत हुआ उसका अनुदान वितरण तत्काल हुआ है'उत्तर प्रदेश पीएमएफएमई योजनान्तर्गत 101 दिन के समय में ऋण स्वीकृति होने पर प्रथम स्थान पर है एवं बिहार दूसरे स्थान पर 110 दिन में और तेलंगाना में ऋण स्वीकृति में 190 दिन लगता है।ऋण वितरण में उत्तर प्रदेश 14 प्रतिशत बढोत्तरी दिया है। इस प्रकार उत्तर प्रदेश द्वारा देश में सबसे अच्छा कार्य किया है।बजट व्यय करने में पिछले वर्ष के सापेक्ष वर्ष 2024-2025 में धनराशि रूपया 250 करोड़ ज्यादा बजट व्यय किया गया है एवं वर्ष 2025-26 में बजट में 56 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश में धनराशि रूपया 300 करोड़ की बढोत्तरी हुई है।

## आउटसोर्स परिचालकों के हो सकेंगे पारस्परिक स्थानान्तरण



- पारस्परिक स्थानान्तरण से परिचालकों की उपलब्धता होगी सुगम, बसों का संचालन भी होगा नियमित
- नियमित बसों के संचालन से निगम की आय में वृद्धि होगी: दयाशंकर सिंह

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि परिवहन निगम में आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्त परिचालकों का अब पारस्परिक स्थानान्तरण हो सकेगा। उन्होंने बताया कि सेवा प्रदाता के माध्यम से आउटसोर्स परिचालकों को निर्धारित मापदंड व शर्तो के अधीन डिपो स्तर पर नियुक्त किया जाता है। अभी तक की व्यवस्था के तहत जहां पर उनकी तैनाती होती थी वहीं पर उन्हें अपनी सेवायें देनी होती थी। परिवहन मंत्री ने बताया कि ऐसे आउटसोर्स परिचालक जिनकी सेवा अवधि न्यूनतम 06 माह एवं 30 हजार किमी0 पूरी हो चुकी हो, के परस्पर स्थानान्तरण किये जायेगे। इससे गृह जनपद से दूरस्थ क्षेत्र में कार्यरत परिचालकों को अपने गृह जनपद या आसपास के क्षेत्र में सेवा करने की सुविधा प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने बताया कि गृह जनपद से दूर होने के कारण अधिकांशतः परिचालक अवकाश पर चले जाते थे अथवा अनुपस्थित हो जाते थे। इससे निगम को बस संचालन में असुविधा होती थी साथ ही निगम को आर्थिक हानि भी उठानी पड़ती थी।परिवहन मंत्री ने बताया कि पारस्परिक स्थानान्तरण की व्यवस्था लागू होने से परिवहन निगम को नियमित परिचालक उपलब्ध होगे। कार्यदिवस में वृद्धि होगी। बस संचालन में वृद्धि होने की वजह से परिवहन निगम की आय बढ़ेगी। यात्रियों को नियमित बसें उपलब्ध होगी, जिससे उनको अपने गन्तव्य तक जाने में सुविधा होगी।

## प्रदेश का पहला इंडो-डच तकनीक से सेंटर आफ एक्सीलेंस स्थापित होगा : दिनेश प्रताप सिंह

**इंडो-डच सेंटर आफ एक्सीलेंस से सब्जी व फूलों की खेती में आयेगा क्रांतिकारी बदलाव**

- उद्यान विभाग जनपद बाराबंकी में करेगा इंडो-डच प्रोजेक्ट की स्थापना
- राज्य के किसानों को समृद्धि की ओर ले जाने में सहायक होगा यह एक्सीलेंस: उद्यान मंत्री

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उद्यान विभाग द्वारा किए गए निरंतर प्रयासों से किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। इसी क्रम में उद्यान विभाग के खाते में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ने जा रही है। उद्यान विभाग जनपद बाराबंकी में इंडो-डच प्रोजेक्ट की स्थापना करने जा रहा है। यह उत्तर प्रदेश में नीदरलैंड के सहयोग से स्थापित होने वाला पहला सेंटर आफ एक्सीलेंस होगा। उत्तर प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में इंडो-डच प्रोजेक्ट की स्थापना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। यह महत्वाकांक्षी परियोजना जनपद बाराबंकी के त्रिवेदीगंज क्षेत्र के गांव सोनिकपुर में प्रस्तावित है, जिसके लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद बाराबंकी में लगभग सात हेक्टेयर भूमि में इंडो-डच तकनीक से सब्जी और फूलों का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित होने जा रहा है। यह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस उद्यान के क्षेत्र में राज्य के किसानों को समृद्धि की ओर ले जाने में बड़ा सहायक होगा। उन्होंने बताया कि यह उत्तर प्रदेश में नीदरलैंड के सहयोग से स्थापित होने वाला पहला प्रोजेक्ट होगा, जो किसानों को वैश्विक स्तर की तकनीक प्रदान करेगा और उनकी आमदनी में गुणात्मक वृद्धि करेगा।

उन्होंने परियोजना की सराहना करते हुए इसे शीघ्र ही भूमि पर क्रियान्वित करने की बात कही। साथ ही नीदरलैंड के एक्सपर्ट जोप वैन बालेन और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में इस सहयोग को और सशक्त बनाने की बात कही। यह सब्जी और फूलों की खेती का इंडो डच सेंटर आफ एक्सीलेंस सुल्तानपुर हाईवे पर स्थित होगा, जिससे रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, लखनऊ सहित पूरे प्रदेश के किसान लाभान्वित होंगे।

## रोजगार मेला में 22 अभ्यर्थियों का चयन

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अन्तर्गत मंगलवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), अलीगंज, लखनऊ में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश की प्रतिष्ठित 5 कंपनियों - (1) कॉन्टिनेंटल ऑटोमोटिव कंपोनेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, मानेसर, गुरुग्राम, हरियाणा; (2) एग्लो इंडिया प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड, बवल, रेवाड़ी, हरियाणा; (3) अडानी विंड, मुंद्रा, कच्छ, गुजरात; (4) पेटीएम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड; तथा (5) एजस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस, लखनऊ ने प्रतिभाग किया। इस रोजगार मेले में विभिन्न ट्रेड्स के प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया। एमए खाँ, ट्रेनिंग, काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर ने बताया कि पांचों कंपनियों द्वारा आयोजित साक्षात्कार प्रक्रिया के उपरान्त कुल 22 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनियों द्वारा रूपये 13,000 से रूपये 21,000 प्रतिमाह सीटीसी वेतन के साथ-साथ अन्य सुविधा लाभ भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

## मत्स्य पालन की योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए : डॉ. संजय कुमार निषाद

- योजनाओं का लाभ निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से सभी पात्र लोगों को मिले
- निर्धारित लक्ष्यों को पूरा न करने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही होगी
- मत्स्य उत्पादन एवं उत्पादकता में गुणात्मक वृद्धि की जाए: डॉ. संजय कुमार निषाद



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मत्स्य विकास कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने कहा है कि प्रदेश में मछुआ समुदाय, मत्स्य पालन एवं मत्स्य व्यवसाय हेतु संचालित विभिन्न योजनओं का व्यापक रूप के प्रचार-प्रसार किया जाये ताकि ग्रामीण एवं शहरी वर्गों के लोग मत्स्य पालन को व्यवसाय के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित हो और अधिक से अधिक रोजगार का सृजन हो। जनपदों से लाभार्थी चयन की प्रक्रिया,कार्यों में अनियमिता एवं भुगतान के संबंध में शिकायतें प्राप्त होने पर तत्काल समाधान किया जाए। राज्य सरकार मत्स्य उत्पादन एवं उत्पादकता में गुणात्मक वृद्धि करते हुए आजीविका हेतु मत्स्य व्यवसाय पर निर्भर गरीब मछुआ परिवारों का सामाजिक एवं आर्थिक विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विभागीय जलाशयों के आवंटन की प्रक्रिया 30 जून तक पूरा कराने के भी निर्देश दिये।मत्स्य विकास मंत्री ने आज यहां विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक की। बैठक में मंत्री जी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए और मछुआ समुदाय की आय को बढ़ाने के लिए वृहद कार्ययोजना बनाकर समयबद्ध रूप से कार्य किया जाए। कार्य के प्रति अधिकारियों और कर्मचारियों की जबाबदेही तय की जाये और अपनी जिम्मेदारियों और लक्ष्यों को समय पर पूरा न करने वालों पर कार्यवाही की जायेगी। अधिकारी जनपदों में प्रत्येक स्तर पर योजनाओं का अनुश्रवण कर सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषादराज बोट योजना,मत्स्य पालक कल्याण कोष एवं अन्य सभी योजनाओं का लाभ निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से पात्र लोगों को मिलता रहे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को मत्स्य उत्पादन क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है ताकि अन्य राज्यों पर मत्स्य बीज, मत्स्य आहार आदि के लिए निर्भर न रहना पड़े।

## कानपुर के कई युवा नेताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की

**लखनऊ।** कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा तथा जननायक राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव सांसद प्रियंका गांधी के जनहित के मुद्ों पर सड़क से संसद तक किये जा रहे संघर्षों से प्रेरित होकर कानपुर के कई युवा नेताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और ज्वाइनिंग प्रभारी नितिन शर्मा के समक्ष पार्टी में शामिल होने वालों में सर्वेश जायसवाल, नवीन चतुर्वेदी, शैलेन्द्र शुक्ला, आदित्य मेहरोत्रा, लारैब हसन रिजवी, आयुष सचान, मानस शिरोमणि, आदर्श दुबे, सौरभ रावत, आयुष दुबे, नील रतन, आशुतोष त्रिपाठी आदि मुख्य रूप से शामिल थे। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सभी सदस्यों के गले में तिरंगा पट्टिका पहनाई और पार्टी का सदस्यता कार्ड देकर पार्टी में शामिल करा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, संजय सिंह, विजय बहादुर, आसिफ रिजवी रिंकू, चर्चिल, रामबरन गौतम, राकेश पाण्डेय, कांग्रेस झण्डा प्रचारक अनोखेलाल तिवारी मुख्य रूप से मौजूद थे।

## पत्रकार जमाल मिर्जा की मां का निधन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पत्रकार जमाल मिर्जा की 84 वर्षीय माता काजमी बेगम का मंगलवार सुबह उनके आवास पर निधन हो गया। स्वर्गीय को कर्बला तालकटोरा में सुपुर्दे खाक किया गया। उनकी नमाजे जनाजा मौलाना मंजर अली आरफी ने पढ़ाई और मजलिस को खिताब किया। स्वर्गीय के परिवार में तीन पुत्र और दो पुत्रियां हैं। स्वर्गीय के ईसाले सवाब के लिए मजलिसे सैयुम गुरुवार को कश्मीरी मोहल्ला स्थित रौजए बैतुल हुज्न में बाद नमाजे मगरिबैन होगी। मजलिस को मौलाना अब्बास इरशाद नकवी खिताब करेंगे। महिलाओं की मजलिस स्वर्गीय के कश्मीरी मोहल्ला स्थित आवास पर शाम 5 बजे होगी।

## रेप पीड़िता को ही जिम्मेदार बताना जज की मानसिकता को दर्शाता है: शाहनवाज़

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज आलम ने उच्चतम न्यायालय के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के जज संजय कुमार सिंह के रेप पीड़िता को ही अपनी स्थिति के लिए जिम्मेदार बताने वाली टिप्पणी की निंदा करने का स्वागत किया है। श्री आलम ने जज के खिलाफ कार्रवाई करने की भी मांग की है। श्री आलम ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में यह पांचवीं घटना है, जब उच्चतम न्यायालय या ऊपरी अदालत को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के किसी जज के फैसले या उसकी मौखिक टिप्पणी की निंदा करना पड़ी। सबसे पहले बरेली के जिला जज रवि कुमार दिवाकर ने एक फैसले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करने पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने फटकार लगाते हुए टिप्पणी हटवा दी। इसके बाद उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के जज रोहित रंजन अग्रवाल के ईसाइयों के खिलाफ साम्प्रदायिक टिप्पणी को फैसले से हटाने का आदेश दिया। उसके बाद उच्चतम न्यायालय ने विहित कार्यक्रम में मुसलमानों के खिलाफ साम्प्रदायिक टिप्पणी पर उच्च न्यायालय के जज शेखर यादव की आलोचना की। वहीं बलात्कार पर राम मनोहर प्रसाद मिश्रा के फैसले और टिप्पणी को उच्चतम न्यायालय ने आपत्तिजनक बताते हुए उसे फैसले से निकलवा दिया। श्री आलम ने कहा कि उच्चतम न्यायालय अगर सिर्फ मौखिक टिप्पणी करके या आपत्तिजनक टिप्पणियों को फैसलों से निकलवा कर शांत बैठ जाएगा तो ऐसे जजों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्हें पद से हटाने या डिमोशन की कार्रवाई होना चाहिए और आय की भी जांच कराना चाहिए।

## अवैध खनिजों की निकासी की सूचना देने पर नाम गोपनीय रखा जायेगा

**लखनऊ।** निदेशक, राजस्व व विशिष्ट अभिसूचना उ0प्र0 अमृता सोनी ने आम जनमानस से अपील की है कि यदि किसी की जानकारी में सरकार को देय करों, जैसे-राज्य कर (जीएसटी), मण्डी शुल्क, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन शुल्क आदि की चोरी, अवैध शराब बनाने/बिक्री या तस्करी किये जाने, अवैध रूप से बसों, वाहनों, टैक्सियों का संचालन, राशन की कालाबाजारी, विद्युत चोरी, पेड़ों का अवैध कटान एवं निकासी, अवैध खनन एवं खनिजों की निकासी इत्यादि के सम्बन्ध में कोई सूचना है तो इसकी जानकारी पत्र या ईमेल के माध्यम से सरकार को अवश्य बताए। सूचना देने वाले का नाम व पता गोपनीय रखा जाएगा। इसके अतिरिक्त निदेशक, राजस्व व विशिष्ट अभिसूचना उप्र सचिवालय, लाल बहादुर शास्त्री भवन, लखनऊ पते पर पत्राचार के माध्यम से शिकायत की जा सकती है।

**वक्फ संशोधन अधिनियम**

## मुस्लिम समाज के संवैधानिक अधिकरों पर सीधा हमला

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ऑफ इंडिया ने वक्फ संशोधन अधिनियम पर नाराजगी जताते हुए इसे मुस्लिम समाज की धार्मिक स्वतंत्रता, वक्फ की स्वायत्ता और संवैधानिक अधिकारों पर सीधा हमला बताया है। बोर्ड के महासचिव डॉ. मोईन अहमद खान ने कहा कि मुस्लिम समाज से संवाद के बिना लागू किये जाने की वजह से देश भर में बेचैनी और असमर्थन का माहौल है। उन्होंने कहा कि अधिनियम संविधान के अनुच्छेद 26 सहित कई मूलभूत अधिकारों का उल्लंघन करता है, जो धार्मिक समुदायों को अपने संस्थानों के स्वतंत्र प्रबंधन का अधिकार देता है। इसमें जनहित के नाम पर वक्फ सम्पत्तियों जैसे मस्जिद, कब्रिस्तानों और मदरसों के अधिग्रहण की आशंका है। उन्होंने कहा कि अगर मंदिर ट्रस्टों में गैर हिन्दू सदस्य नहीं हो सकते तो वक्फ में ऐसा प्रावधान क्यों। डॉ. मोईन ने कहा कि बोर्ड राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को विस्तृत पत्र भेज अधिनियम की आपत्तिजनक धाराओं पर पुनर्विचार और संवाद की मांग करेगा। उन्होंने मुस्लिम संगठनों, उलमा, बुद्धिजीवियों और युवाओं से शांतिपूर्ण एकजुट और संविधान सम्मत तरीकों से अपनी बात रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमारा संघर्ष नफरत या टकराव का नहीं बल्कि संविधान और आस्था की रक्षा का है। हमें कानूनी और लोकतांत्रिक रास्ता अपनाना है।

## गोसेवा से गांव आत्मनिर्भरता की ओर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग द्वारा आज अयोध्या मंडल में एक महत्वपूर्ण मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक आयोग द्वारा लिए गए निर्णायक निर्णयों की जमीनी क्रियान्वयन प्रक्रिया को तेज़ करने और गोसेवा को जनांदोलन बनाने की दिशा में एक सशक्त प्रयास के रूप में सामने आई। इस बैठक में उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के माननीय अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता जी उपाध्यक्ष महेश शुक्ल जी एवं अतुल सिंह जीतथाराजेश सिंह सेंगर जी की उपस्थिति रही। बैठक में अयोध्या मंडल के समस्त अधिकारियों ने सहभागिता कर आयोग को गोशालाओं की पारदर्शिता, जवाबदेही, गोवंश स्वास्थ्य सेवा की मजबूती और प्राकृतिक खेती के प्रसार हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि हरे चारे की अनिवार्यता और वास्तविक गो गणना का पारदर्शी सत्यापन सुनिश्चित किया जाएगा। गोमूत्र एवं गोबर आधारित स्थानीय प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना, बायोगैस प्लांट का विस्तार तथा किसानों को गोपालन हेतु प्रेरित करने के अभियान को तेज़ किया जाएगा। मॉडल किसानों के नवाचारों को अपनाने हेतु स्थलीय यात्राएं कराई जाएंगी, जिससे स्थानीय स्तर पर जैविक/प्राकृतिक कृषि को बल मिले। पंचगव्य उत्पादों एवं जैविक/ प्राकृतिक खेती से जुड़े कार्यों में स्थानीय युवाओं, महिला स्वयं सहायता समूहों/जागरूक जनमानस की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

वर्तमान में प्रदेश की लगभग 7713 गोशालाओं में 12 लाख 58 हजार गोवंश संरक्षित हैं। इन गोशालाओं को प्रशिक्षण केंद्रों के रूप में विकसित कर प्राकृतिक कृषि, बायो ऊर्जा एवं पंचगव्य उत्पादों को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षण और रोजगार मिल सके।

## अम्बेडकर के सपनों का भारत विषय पर शिया पीजी कॉलेज में व्याख्यान आयोजित

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** शिया पीजी कॉलेज में मंगलवार को अम्बेडकर के सपनों का भारत विषय पर एक विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संविधान सभा के अध्यक्ष और भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने उनके स्वतंत्रता संग्राम में योगदान और सामाजिक न्याय की दिशा में किए गए प्रयासों को रेखांकित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का सपना तभी साकार होगा जब समाज का हर वर्ग शिक्षित होगा और देश में शत-प्रतिशत साक्षरता प्राप्त की जाएगी। उन्होंने घोषणा की कि शिया पीजी कॉलेज के प्रत्येक विभाग में डॉ. अंबेडकर की शिक्षाओं पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिससे छात्र अपने संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकें। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शबीह रज़ा बाक़री ने डॉ. अंबेडकर की विचारधारा को याद करते हुए कहा कि वे ऐसा समाज बनाना चाहते थे, जहाँ सभी नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त हों। उन्होंने कहा कि अंबेडकर का दृष्टिकोण समावेशी था और उनकी सोच आज भी प्रासंगिक है।कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. आगा परवेज़ मसीह ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने ऐसे भारत का सपना देखा था, जहाँ शिक्षा सभी के लिए सुलभ हो और समाज में किसी प्रकार का भेदभाव न हो। उन्होंने यह भी जोड़ा कि डॉ. अंबेडकर के सपनों को साकार करने की दिशा में आज भी संघर्ष जारी है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि गौतम राणे सागर ने कहा कि बाबा साहब एक प्रबुद्ध समाज को बनाने की कोशिश कर रहे थे। सागर ने कहा कि बिना शिक्षा का स्तर बढ़ाए प्रबुद्ध समाज नहीं बन सकता है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने सामाजिक न्याय और श्रमिकों (मजदूरों) के अधिकारों के लिए भी बहुत काम किया, ताकि समाज में किसी भी नागरिक के अधिकारों का हनन न हो। संविधानिक नैतिकता पर बात करते हुए सागर ने कहा कि देश की उन्नति भ्रष्टाचार को खत्म किए बिना सम्भव नहीं है।

**नेशनल हेराल्ड केस:**

## निरंकुश तानाशाह की खीझ में की जा रही कार्रवाई

**लखनऊ।** नेशनल हेराल्ड की सम्पत्तियों को जब्त करने की कार्रवाई पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने द्वेषपूर्ण कार्रवाई बताया है। उन्होंने कहा कि यह एक निरंकुश तानाशाह की खीझ में की जा रही कार्रवाई के अलावा कुछ नहीं है। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर बदले की कार्रवाई कर रहे हैं। श्री राय ने कहा कि जननायक राहुल गांधी के उठाए जा रहे सवालों से घबरा कर मोदी सरकार द्वेषपूर्ण कार्रवाई पर उतर आयी है। हमारे शीर्ष नेतृत्व को डराने-धमकाने की कोशिश कर सरकार ने एक बार फिर अपनी गिरी हुई मानसिकता का परिचय दिया है। मोदी जी हर मोर्चे पर विफल साबित हो रहे हैं। देश में भी विफल और विदेश नीति में भी विफल हैं। उस पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के तीखे सवाल। ऐसे में प्रधानमंत्री अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए अपने पद के दुरुपयोग पर उतर आए हैं। श्री राय ने कहा कि ऐसी द्वेषपूर्ण राजनीति करने वाले जान लें कि किसी हाल में सांच को आंच नहीं आती। कांग्रेस परिवार इन गीदड़ भभकियों से डरने वाला नहीं है और हम चुप नहीं बैठेंगे।

## सी.एम.एस. के 'यूनिवर्सिटी फेयर' में छात्रों ने उच्चशिक्षा से सम्बन्धित सारगर्भित प्राप्त की

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल द्वारा 'यूनिवर्सिटी फेयर' का भव्य आयोजन आज सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस एवं सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस के ऑडिटोरियम में किया गया। सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस ऑडिटोरियम में आयोजित यूनिवर्सिटी फेयर में कामर्स एवं आर्ट्स स्ट्रीम के छात्रों ने उज्जवल भविष्य की संभावनाओं पर जानकारी प्राप्त की तो वहीं दूसरी ओर सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस के ऑडिटोरियम में आयोजित यूनिवर्सिटी फेयर में साइन्स स्ट्रीम के छात्रों ने उच्चशिक्षा से सम्बन्धित सारगर्भित जानकारी प्राप्त की। इन दोनों समारोह में आस्ट्रेलिया, इंग्लैण्ड, अमेरिका, हाँगकाँग, दुबई समेत देश-विदेश के 100 से अधिक विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने छात्रों को एडमीशन, स्कॉलरशिप व उपलब्ध पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई, जिससे कि 12वीं कक्षा के बाद छात्र अपनी रुचि के अनुसार कोर्स का चुनाव कर सकें और स्वयं को उसके लिए तैयार कर योजनाबद्ध तरीके से लक्ष्य को प्राप्त कर अपने सपनों को साकार कर सकें। इस यूनिवर्सिटी फेयर में कक्षा 11 व 12 के हजारों छात्रों ने प्रतिभाग किया। 'यूनिवर्सिटी फेयर' की खास बात रही कि इसमें छात्रों को विदेश में उच्चशिक्षा, स्कॉलिस्टिक एप्टीट्यूट टेस्ट (सैट) एवं एडवांस प्लेसमेन्ट (एपी) प्रोग्राम की विस्तार से जानकारी प्राप्त की। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस अवसर पर छात्रों से मुलाकात कर उन्हें उच्च सफलता हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर प्रो. किंगडन ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य यही है कि 12वीं के बाद छात्र किसी द्विविधा में न रहें, उन्हें अपना लक्ष्य मालूम हो और वे मानसिक रूप से सशक्त रहें।